शर्मा हार्डवेयर
SHARMA HARDWARE
Sharma Gali, SJ Road
Athgaon, Guwahati-01
98648-02947
70025-06581



E-Paper : www.goodluckpublications.com, • www.vbslive.in
हिंदी दैनिक
गुवाहाटी, नई दिल्ली, शिमला और जम्मू से एकसाथ प्रकाशित
राष्ट्र निर्माण में प्रयत्नशील


# विकसित भारत समाचार


वर्ष : 10 | अंक : 123 | गुवाहाटी | बुधवार, 29 नवंबर, 2023 | मूल्य : 10 रुपए | पृष्ठ : 12 | VIKSIT BHARAT SAMACHAR | Regd. RNI No. ASSHIN/2014/56526



जल जीवन मिशन और राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के बीच समझौता — पेज 3
प्रधानमंत्री ने मुख्यमंत्री धामी से सिलक्यारा राहत-बचाव कार्यों और श्रमिकों ... — पेज 4
मोदी के नेतृत्व में खेल की गतिविधियों ने पकड़ी नयी रफ्तार : योगी आदित्यनाथ — पेज 5
चुनावी चक्रव्यूह में फंसे गहलोत के मंत्री, कई सीटों पर त्रिकोणीय तो... — पेज 8



পূৰ্বাঞ্চল কেশৰী
(অসমীয়া দৈনিক)
PURVANCHAL KESARI
(ASSAMESE DAILY)
GOOD LUCK PUBLICATIONS
House No. 30, D. Neog Path,
ABC, Guwahati - 781005
Mob: 94350 14771, 97070 14771



S.S. Traders
Suppliers in : All kinds of Door Fittings Modular Kitchen & Accessories, etc.
D. Neog Path, Near Dona Planet ABC, G.S. Road, Guwahati - 05
97079-99344


# 17 दिनों से टनल में फंसे सभी 41 मजदूर सुरक्षित आए बाहर



**सिलक्यारा ( उत्तरकाशी )।** उत्तरकाशी के सिलक्यारा टनल हादसे के 17वें दिन आखिरकार रेस्क्यू में सफलता मिल ही गई और सभी 41 मजदूरों ने जिंदगी की ये जंग जीत ली। रेस्क्यू टीमों को काफी मशक्कत के बाद मंगलवार रात को ये सफलता मिली। अब सभी 41 मजदूरों को टनल से सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया है। बता दें कि टनल के पास 41 एंबुलेंस पहले से ही तैनात कर दी गई थीं। मजदूरों को इन्हीं एबुलेंस से अस्पताल ले जाया गया है। इनमें से जिन मजदूरों की हालत ज्यादा खराब दिखाई देगी, उसे एयरलिफ्ट कर ऋषिकेश एम्स लाया जाएगा। टनल के पास मजदूरों के परिजन भी मौजूद थे। जैसे ही उन्होंने अपनों को देखा, उनकी आंख से आंसू निकल आए। टनल से बाहर आने के बाद मजदूरों ने रेस्क्यू टीम को शुक्रिया कहा। टनल से सबसे पहले विजय नाम का मजदूर बाहर आया था। जैसे ही विजय बाहर आया, टनल के बाहर तालियां बजने लगीं। सभी के चेहरे पर खुशी झलक रही थी। मजदूरों के परिजनों की आंखों से आंसू निकलने लगे। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और केंद्रीय मंत्री वीके सिंह ने जब मजदूर विजय से मुलाकात की तो उनके चेहरे पर भी खुशी साफ झलक रही थी। लगा कोई जंग जीत ली हो। अब सभी 41 मजदूर सुरंग से बाहर आ चुके हैं। दरअसल, उत्तरकाशी में चारधाम यात्रा मार्ग पर निर्माणाधीन सिल्क्यारा सुरंग का एक हिस्सा 12 नवंबर दिवाली के दिन ढह गया था, जिससे मलबे के दूसरी ओर 41 मजदूर फंस गए थे। इन्हीं मजदूरों को निकालने के लिए युद्ध स्तर पर बचाव अभियान चलाया जा रहा था। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी खुद समय-समय पर उत्तरकाशी पहुंचकर रेस्क्यू ऑपरेशन का जायजा ले रहे थे। साथ ही वॉकी-टॉकी पर बात कर मजदूरों को ढांढस बंधा रहे थे कि जल्द ही उन्हें टनल से बाहर निकाल लिया जाएगा। वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी इस ऑपरेशन पर नजर बनाए हुए थे। वह रेक्स्यू ऑपरेशन को लेकर सीएम धामी से अपडेट लेते रहते थे। उत्तरकाशी के सिल्क्यारा में पिछले 17 दिनों से यह रेस्क्यू ऑपरेशन चल रहा था। समय बीतने के साथ-साथ लोगों के अंदर एक डर भी था कि इतने दिन बीत जाने के बाद भी मजदूर अभी तक बाहर नहीं आ पाए हैं। देशवासी मजदूरों के सही सलामत बाहर निकलने की दुआ-प्रार्थना कर रहे थे। फिलहाल अब मजदूर सुरंग से बाहर आ रहे हैं तो सभी ने राहत की सांस ली है। सुरंग से निकाले जाने के बाद मजदूरों की मेडिकल जांच और देखभाल के लिए चिन्यालीसौड़ के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में 41 बेड वाला एक अस्पताल तैयार किया गया है। बता दें कि सुरंग में फंसे मजदूरों को निकालने के लिए उत्तराखंड -शेष पृष्ठ दो पर




*गुवाहाटी के बरसापाड़ा स्टेडियम में 52 गेंदों में अपने टी-20 करीयर का पहला शतक जमाते हुए ऋतुराज गायकवाड़। वे 57 गेंदों पर 13 चौके और 7 छक्कों की मदद से 123 रन बनाकर नॉट आउट रहे।*

## दो हाथियों की मौत

**तेजपुर/जोरहाट।** असम में ट्रेन की चपेट में आने से एक हाथी की मौत हो गई वहीं एक अन्य मामले में हाथी के एक बच्चे की गहरे नाले में गिरने से मौत हो गई। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों के मुताबिक, शोणितपुर जिले के बेहाली में ट्रेन ने हाथी को टक्कर मारी जबकि हाथी के बच्चे की मौत जोरहाट के मरिआनी में हुई। वन विभाग के अधिकारी विश्वजीत दलै ने बताया कि हाथी के पांच महीने के बच्चे की मंगलवार को सुबह मरिआनी के रंगाजन इलाके में जंगल लाइन के नाले में गिरने से मौत हो गई। उन्होंने बताया कि बच्चा, 40 से 50 हाथियों -शेष पृष्ठ दो पर

## 2026 से पहले जोरहाट-माजुली पुल तैयार हो जाएगा : सीएम



**गुवाहाटी ( हि.स. )।** मुख्यमंत्री डॉ हिमंत विश्व शर्मा ने कहा है कि 2026 से पहले जोरहाट-माजुली के बीच बन रहा पुल बनकर तैयार हो जाएगा। मुख्यमंत्री ने आज यहां पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि इस पुल का बीस फीसदी कार्य पूरा हो चुका है। जबकि, बरसात आने से पहले तक इसका 35 फीसदी काम पूरा हो जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस पुल के बन जाने से विश्व प्रसिद्ध नद द्वीप माजुली का जनजीवन सरल हो जाएगा। वहीं, एक अन्य प्रश्न -शेष पृष्ठ दो पर

## सुप्रभात

*खुशी तंदुरुस्ती है, इसके विपरीत उदासी रोग है।*
\- हेली बर्टन

## न्यूज गैलरी


### होर्नबिल महोत्सव में असम होगा भागीदार

**गुवाहाटी।** नगालैंड में आयोजित होने वाला 10 दिवसीय सांस्कृतिक महोत्सव *होर्नबिल* में इस साल असम भागीदार राज्य होगा। दोनों पूर्वोत्तर राज्यों के मुख्यमंत्रियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। अगले महीने की शुरुआत में होने वाले कार्यक्रम के भागीदार देश जर्मनी, अमेरिका और कोलंबिया होंगे। नगालैंड के मुख्यमंत्री नेफियू रियो ने सोशल मीडिया मंच *एक्स* पर कहा कि इस साल महोत्सव के लिए असम भागीदार राज्य होगा। उन्होंने कहा कि असम के माननीय मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा जी की सकारात्मक प्रतिक्रिया और इस भागीदारी को वास्तविक बनाने के लिए उनके प्रति मेरा आभार। महोत्सव में असम की भागीदारी पर रियो -शेष पृष्ठ दो पर

### मणिपुर हिंसा पर किताब को लेकर एफआईआर दर्ज

**इंफाल।** मणिपुर में दो समुदायों के बीच पिछले कई दिनों से हिंसा जारी है। सिलचर के एक लेखक के खिलाफ उनकी पुस्तक *मणिपुर फाइल्स* के माध्यम से *समूहों के बीच दुश्मनी को बढ़ावा देने* के आरोप में मामला दर्ज किया गया है, जो पूर्वोत्तर राज्य में जातीय हिंसा पर आधारित है। इसकी जानकारी पुलिस ने मंगलवार को दी। 25 नवंबर को कांगलेईपाक कनबा -शेष पृष्ठ दो पर

## शिक्षकों को विपश्यना सीखने के लिए 12 दिनों की विशेष छुट्टी



**गुवाहाटी।** असम के शिक्षा मंत्री रनोज पेगु ने मंगलवार को बताया कि विपश्यना ध्यान सीखने के लिए शिक्षकों को 12 दिनों की विशेष वैकल्पिक छुट्टी की पेशकश की गई है। शिक्षा मंत्री ने कहा कि विपश्यना, जिसे अक्सर *बिपाशना* के रूप में गलत लिखा जाता है, एक प्राचीन भारतीय ध्यान तकनीक है जो शारीरिक संवेदनाओं पर अनुशासित ध्यान के माध्यम से मन और शरीर के बीच संबंध पर ध्यान केंद्रित करती है। इसका उद्देश्य मन को शुद्ध करना, क्रोध और लालच जैसे नकारात्मक गुणों को समाप्त कर आत्मज्ञान की ओर ले जाना है। गैर-सांप्रदायिक -शेष पृष्ठ दो पर

## सुबनसिरी जलविद्युत परियोजना से छह माह में उत्पादन : केंद्रीय ऊर्जा मंत्री





**धेमाजी ( हि.स. )।** केंद्रीय ऊर्जा मंत्री राजकुमार सिंह ने कहा है कि निचले सुबनसिरी जलविद्युत परियोजना से उत्पादन अगले छह महीनों में शुरू हो जाएगा। मंत्री ने दोहराया कि बांध के निचले हिस्से का 30 किलोमीटर लंबा सुरक्षा कार्य पूरा हो गया है। बाकी अतिरिक्त काम करने के लिए 450 करोड़ रुपए दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि भविष्य में बांध की वजह से सुबनसिरी चेस्ट में पानी सूखने जैसी स्थिति दोबारा नहीं होगी। चूंकि भारत के तेजी से विकास के लिए जल विद्युत बहुत महत्वपूर्ण हो गई है, इसलिए अरुणाचल प्रदेश राज्य में 13 हजार मेगावाट जल विद्युत का उत्पादन करने के लिए नई परियोजनाओं पर काम शुरू करने का निर्णय लिया गया है। इसमें से 11 हजार मेगावाट बिजली का उत्पादन अपर सियांग जलविद्युत परियोजना से होगा। ऊर्जा मंत्री ने अफसोस जताया कि निचले सुबनसिरी जलविद्युत परियोजना पर काम में सात साल की देरी हुई है, क्योंकि पार्टी, संगठन, गैर सरकारी संगठन और कई अन्य लोग अलग-अलग समय पर इसके निर्माणकार्य में बाधा डाल रहे हैं। ऊर्जा मंत्री ने यह भी उल्लेख किया कि सुबनसिरी जल विद्युत परियोजना की -शेष पृष्ठ दो पर

## शुभेंदु अधिकारी विस सत्र से निलंबित



**कोलकाता।** भाजपा के वरिष्ठ नेता और पश्चिम बंगाल विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी को पूरे शीतकालीन सत्र के लिए मंगलवार को निलंबित कर दिया गया है। विधानसभा अध्यक्ष बिमान बनर्जी के खिलाफ *आपत्तिजनक बयान* देने के मामले में यह कार्रवाई की गई है। राज्य विधानसभा में *संविधान दिवस* के मौके पर हुई चर्चा के दौरान अधिकारी के निलंबन का आदेश जारी किया गया। विधानसभा में नियम 169 के तहत इस विषय पर चर्चा का प्रस्ताव रखा गया था कि देश का संविधान किस तरह खतरे में है। चर्चा में भाजपा विधायक शंकर घोष ने हैरानी जताते हुए कहा कि भाजपा छोड़कर गए विधायक विधानसभा की सदस्यता से इस्तीफा दिए बिना अब भी अपने पदों पर हैं। विधानसभा अध्यक्ष ने बयान को विधानसभा के रिकॉर्ड से हटाने के निर्देश जारी किए, जिसके बाद विपक्ष के -शेष पृष्ठ दो पर

## मणिपुर में सात दिनों के अंदर अंतिम संस्कार हो : सुप्रीम कोर्ट



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को मणिपुर हिंसा में मारे गए लोगों के दफनाने और दाह संस्कार सुनिश्चित करने के निर्देश जारी किए। पैनल द्वारा पेश रिपोर्ट में कहा गया है कि 175 शवों में से 169 की पहचान कर ली गई है, जबकि छह की पहचान अब भी बाकी है। न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) गीता मित्तल की अध्यक्षता वाली समिति में न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) शालिनी पी जोशी और आशा मेनन भी शामिल हैं। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि शीर्ष अदालत द्वारा नियुक्त सेवानिवृत्त न्यायमूर्ति गीता मित्तल की अध्यक्षता वाली पूर्व उच्च न्यायालय न्यायाधीशों की सर्व-महिला समिति द्वारा दायर एक रिपोर्ट ने मुर्दाघरों में पड़े शवों की स्थिति का संकेत दिया है। पीठ में न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा भी शामिल थे। उन्होंने कहा कि रिपोर्ट से संकेत मिलता है कि 175 शवों में से 169 की पहचान कर ली गई है, जबकि छह की पहचान अब भी बाकी है। -शेष पृष्ठ दो पर

## बूथ स्तर पर समन्वय बनाए रखें भाजपा कार्यकर्ता : मुख्यमंत्री

**माजुली ( हि.स. )।** मुख्यमंत्री डॉ हिमंत विश्व शर्मा ने भाजपा के कार्यकर्ताओं से अपील की है कि वे बूथ स्तर पर लोगों के साथ समन्वय बनाकर रखें। यदि पार्टी के विधायक तथा अन्य नेता बूथ स्तर के लोगों के साथ लगातार संपर्क में रहते हैं तो चुनाव के दौरान उन्हें अलग से कुछ करने की जरूरत नहीं होती है। मुख्यमंत्री ने कार्यकर्ताओं से कहा कि कांग्रेस के नेता सोशल मीडिया के जरिए हमारी शिकायतें लोगों तक पहुंचाते हैं। -शेष पृष्ठ दो पर

## तेलंगाना विस चुनाव पर मतदान कल, थमा प्रचार का शोर



**हैदराबाद।** राज्य में मतदान से दो दिन पहले, तेलंगाना में राजनीतिक दलों के लिए प्रचार अभियान आज समाप्त हो गया। मुख्य निर्वाचन अधिकारी विकास राज ने कहा कि तेलंगाना विधानसभा चुनाव 2023 के लिए 30 नवंबर को निर्धारित मतदान दिवस के लिए सभी व्यवस्थाएं पूरी हो गई हैं। आगामी चुनावों के लिए 2,290 प्रतियोगी मैदान में हैं, जिनमें बीआरएस सुप्रीमो और मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव, उनके मंत्री-बेटे केटी रामा राव और भाजपा के लोकसभा सदस्य बंदी संजय कुमार, डी अरविंद और सोयम -शेष पृष्ठ दो पर

## गाय की उपयोगिता सिद्ध करेगा गौ विज्ञान अनुसंधान केंद्र : भागवत



**मथुरा ( हि.स. )।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत ने मथुरा जिले के फरह क्षेत्र के ग्राम परखम में मंगलवार को दीनदयाल गौ विज्ञान अनुसंधान एवं प्रशिक्षण केंद्र के मुख्य और प्रशासनिक भवन का लोकार्पण किया। इसके साथ ही दीनदयाल बुनकर केंद्र एवं बायो गैस प्लांट का भी लोकार्पण किया। इस अवसर पर डॉ. भागवत ने कहा कि सम्पूर्ण विश्व के सामने ग्राम परखम का यह अनुसंधान केंद्र गाय की उपयोगिता का वैज्ञानिक प्रमाण देगा। यह अनुसंधान केंद्र मानव जीवन में गाय की महती उपयोगिता पर एक नई पटकथा लिखेगा कि पर्यावरण संकट -शेष पृष्ठ दो पर

## संत समाज ने किया कृष्ण जन्मभूमि मुक्ति आंदोलन का एलान



**उदयपुर ( हि.स. )।** सर्व समाज सनातनी चातुर्मास के विसर्जन के उपरांत राष्ट्रीय महाकाल सेना के संस्थापक दिगंबर खुशाल भारतीय महाराज व राष्ट्रीय महाकाल सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष आलोक गिरि महाराज ने मंगलवार को श्री कृष्ण जन्मभूमि मुक्ति आंदोलन का एलान किया है। देश भर से उदयपुर में आए संत समाज ने राष्ट्रीय महाकाल सेना के नेतृत्व में इस आंदोलन को विराट रूप देने का निर्णय किया है। पंचायती निरंजनी अखाड़ा मढ़ी मनमुकुंद के दिगंबर खुशाल भारती महाराज के सान्निध्य में यहां बलीचा स्थित राजराजेश्वर बड़बड़ेश्वर महादेव मंदिर परिसर में सनातनी चातुर्मास चल रहा था। चातुर्मास का विसर्जन कार्तिक पूर्णिमा पर सोमवार को ही हुआ। चातुर्मास विसर्जन पर देशभर से संत, साधु, महात्मा उदयपुर पहुंचे थे। विदाई के उपरांत संत समाज की बैठक हुई और मथुरा में श्री कृष्ण जन्मभूमि को मुक्त करने को लेकर एक स्वर में सभी ने आंदोलन की आवश्यकता पर बल दिया। इसके उपरांत सभी ने राष्ट्रीय महाकाल सेना -शेष पृष्ठ दो पर

## भारत की हार पर जश्न मनाने वाले सात छात्र गिरफ्तार




**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर में एक विश्वविद्यालय के सात छात्रों को कथित तौर पर भारत विरोधी नारे लगाने और विश्व कप 2023 फाइनल में भारतीय क्रिकेट टीम की हार का जश्न मनाने के आरोप में गैरकानूनी गतिविधि रोकथाम अधिनियम (यूएपीए) के तहत गिरफ्तार किया गया था। अधिकारियों ने इसकी जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार कश्मीरी छात्र शेर-ए-कश्मीर यूनिवर्सिटी ऑफ एग्रीकल्चरल साइंसेज एंड टेक्नोलॉजी (एसकेयूएएसटी)-कश्मीर में पढ़ रहे हैं और उन पर यूएपीए और भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। गिरफ्तारी की शिकायत -शेष पृष्ठ दो पर

CLASSIFIED

For all kinds of classified advertisements please contact
97070-14771
86382-00107

MURTI AVAILABLE

Available all kinds of Marble & White Metal Murties, Ganesh Laxmi, Radha Krishna, Bishnu-Laxmi, Hanuman, Maa Durga, Saraswati, Shivling, Nandi etc.
ARTCLE WORLD, S-29, 2nd Floor, Shoppers Point, Fancy Bazar, Guwahati-01,
Ph. : 94350-48866, 94018-06952

# लोगों को कानूनी सहायता दिलाने में मदद के लिए जागरुकता अभियान की जरूरत : राष्ट्रपति


**नई दिल्ली ( हि.स. )।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मंगलवार को कहा कि लोगों के बीच जागरुकता अभियान चलाने की जरूरत है ताकि न केवल उन्हें उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया जा सके, बल्कि जरूरत पड़ने पर उन्हें कानूनी सहायता दिलाने में भी मदद की जा सके। उन्होंने कहा कि इस तरह के जागरुकता अभियान को ग्रामीण क्षेत्रों और सामाजिक रूप से वंचित समूहों पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए ताकि इस धारणा को दूर किया जा सके कि न्याय अमीरों के लिए होता है। राष्ट्रपति मुर्मू मंगलवार को नई दिल्ली में *कानूनी सहायता तक पहुंच: वैश्विक दक्षिण में न्याय तक पहुंच को मजबूत करना* विषय पर पहले दो दिवसीय क्षेत्रीय सम्मेलन के समापन सत्र को संबोधित कर रही थीं। इस मौके पर भारत के मुख्य न्यायाधीश धनंजय वाई चंद्रचूड़, जस्टिस संजीव खन्ना, जस्टिस संजय किशन कौल और केंद्रीय विधि एवं न्याय राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) अर्जुनराम मेघवाल भी उपस्थित थे। राष्ट्रपति ने कहा कि जरूरतमंद लोगों तक कानूनी सहायता पहुंचाना किसी भी आधुनिक राज्य की आधारशिला है। यह एक ऐसी सामाजिक व्यवस्था को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है जो न्यायसंगत, उचित और विश्वास के योग्य हो। इस सम्मेलन में ग्लोबल साउथ के 69 अफ्रीका-एशिया-प्रशांत देशों की भागीदारी न्याय और समानता की हमारी सामूहिक खोज में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। उन्होंने कहा कि समानता न केवल न्याय की नींव है, बल्कि न्याय की एक आवश्यक शर्त भी है। बहुत समय हो गया जब दुनिया ने यह घोषणा की कि सभी मनुष्य समान हैं, लेकिन हमें खुद से पूछने की जरूरत है कि क्या हम सभी को न्याय तक समान पहुंच प्राप्त है। व्यवहार में, इसका मतलब है कि कुछ लोग अक्सर कई कारकों के कारण अपनी शिकायतों का निवारण करने में असमर्थ होते हैं। हमारा मुख्य कार्य उन बाधाओं को दूर करना है। राष्ट्रपति ने कहा कि प्रौद्योगिकी कानूनी सहायता तक पहुंच को और अधिक लोकतांत्रिक बनाने में बहुत बड़ी भूमिका निभाती है। इससे कई मामलों में दूरियां कम हो गई हैं और न्याय मिलना आसान हो गया है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि न्याय वितरण प्रणाली में प्रौद्योगिकी के एकीकरण में एक अभिनव दृष्टिकोण इसे अधिक समावेशी और साथ ही अधिक कुशल बना देगा। उन्होंने कहा कि इस तरह के सम्मेलन न केवल ऐसा करने के लिए एक आदर्श मंच प्रदान करते हैं, बल्कि उनमें बहुत कुछ देने की क्षमता भी होती है। वे घर पर सामाजिक-आर्थिक असमानताओं को कम करने में हमारी मदद कर सकते हैं। इसके अलावा अधिक लोकतांत्रिक और कुशल न्याय प्रणालियों के साथ, ग्लोबल साउथ पूरी दुनिया के लिए अधिक टिकाऊ विकास का रास्ता दिखाने में अग्रणी भूमिका निभा सकता है।

# पीएम कल को 51 हजार से अधिक नियुक्ति पत्र वितरित करेंगे



**नई दिल्ली ( हि.स. )।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 30 नवंबर को शाम 4 बजे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से 51,000 से अधिक युवाओं को विभिन्न सरकारी पदों पर नियुक्ति पत्र वितरित करेंगे। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नियुक्त व्यक्तियों को संबोधित भी करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने मंगलवार को एक बयान जारी कर यह जानकारी दी। इसमें कहा गया है कि रोजगार मेला देश भर में 37 स्थानों पर आयोजित किया जाएगा। इस पहल का समर्थन करने वाले केंद्र सरकार के विभागों के साथ-साथ राज्य सरकारों और केंद्र शासित प्रदेशों में भर्तियां हो रही हैं। देश भर से चुने गए नए कर्मचारी राजस्व विभाग, गृह मंत्रालय, उच्च शिक्षा विभाग, स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग, वित्तीय सेवा विभाग, रक्षा मंत्रालय, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय और श्रम और रोजगार मंत्रालय सहित विभिन्न मंत्रालयों व विभागों में सरकार में शामिल होंगे।

# नासा प्रमुख ने इसरो प्रमुख के साथ संयुक्त उपग्रह लॉन्च करने पर की चर्चा



**नई दिल्ली ( हि.स. )।** भारत और अमेरिका अगले साल की पहली तिमाही में पृथ्वी अवलोकन के लिए संयुक्त माइक्रोवेव रिमोट सेंसिंग उपग्रह लॉन्च करेंगे। इस उपग्रह का नाम नासा -इसरो सिंथेटिक एपर्चर रडार (एनआईएसएआर) है। यह जानकारी मंगलवार को केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने नासा प्रमुख बिल नेल्सन से मुलाकात के बाद दी। नई दिल्ली में नेशनल एरोनॉटिक्स एंड स्पेस एडमिनिस्ट्रेशन (नासा) के प्रमुख बिल नेल्सन के नेतृत्व में एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने डॉ. जितेंद्र सिंह से मुलाकात की। इस मौके पर नेल्सन ने जितेंद्र सिंह को चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव क्षेत्र पर ऐतिहासिक चंद्रयान-3 की लैंडिंग के लिए बधाई दी और भारत के पहले अंतरिक्ष यात्री से संबंधित कार्यक्रम में तेजी लाने का आग्रह किया। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) और नेशनल एरोनॉटिक्स एंड स्पेस एडमिनिस्ट्रेशन (नासा-एनएएसए) ने मानव अंतरिक्ष उड़ान सहयोग पर एक संयुक्त कार्य समूह (जेडब्ल्यूजी) का गठन किया है और विकिरण प्रभाव अध्ययन, सूक्ष्म उल्कापिंड और कक्षीय मलबे से बचाव के अध्ययन में सहयोग, अंतरिक्ष स्वास्थ्य और चिकित्सा पहलुओं की संभावनाओं का पता लगा रहे हैं। नागरिक अंतरिक्ष सहयोग पर भारत-अमेरिका संयुक्त कार्य समूह (सीएसजेडब्ल्यूजी) की 8वीं बैठक जनवरी 2023 में वाशिंगटन डीसी में आयोजित की गई थी।

# नेपाल में राजतंत्र की वापसी असंभव : देउवा

**काठमांडू ( हि.स. )।** नेपाल में राजतंत्र पुनर्बहाली को लेकर पिछले कुछ दिनों से चल रहे प्रदर्शन के बीच सबसे बड़े राजनीतिक दल ने प्रतिक्रिया दी है। सत्तारूढ़ गठबन्धन के सबसे बड़े दल नेपाली कांग्रेस के अध्यक्ष और पूर्व प्रधानमंत्री शेरबहादुर देउवा ने कहा है कि राजतंत्र की पुनर्बहाली असंभव है। हालांकि उन्होंने धर्मनिरपेक्षता पर पुनर्विचार किए जाने की जरूरत पर बल दिया। देउवा ने यह प्रतिक्रिया नवलपुर में नेपाली कांग्रेस पार्टी के एक कार्यक्रम में दी। देउवा ने कहा कि नेपाल अब लोकतंत्र और गणतंत्र के रास्ते से पीछे नहीं हट सकता है। कुछ लोगों के हल्ला करने से राजतंत्र की पुनर्बहाली नहीं हो सकती है। 21 वीं शताब्दी में राजतंत्र की बात करना

# ब्रिटेन : वीजा के लिए कॉन्ट्रेक्ट मैरिज कर रहे भारतीय छात्र



**नई दिल्ली।** ब्रिटेन में 1 जनवरी से पोस्ट ग्रेजुएट छात्र डिपेंडेंट्स (आश्रितों) को वीजा पर नहीं ला सकेंगे। पिछले छह महीने के दौरान शादीशुदा पीजी छात्रों की संख्या में वृद्धि हुई है। अभी ब्रिटेन में 62 हजार भारतीय पीजी स्टूडेंट्स हैं। पहले हर 10 में से बामुश्किल एक छात्र शादीशुदा होता था, लेकिन अब हर 10 में से 4 स्टूडेंट शादीशुदा है। इसका कारण डिपेंडेंट वीजा पाना है। कई छात्र कॉन्ट्रेक्ट मैरेज भी कर रहे हैं। ब्रिटेन के एक ट्रैवल एजेंट रिंकू शर्मा ने बताया कि पंजाब के एक व्यक्ति ने यहां रहने वाली पीजी स्टूडेंट की पढ़ाई का खर्च उठाने के बदले डिपेंडेंट वीजा जारी कराया। ब्रिटेन में डिपेंडेंट वीजा पर आने का सबसे बड़ा आकर्षण यहां पर जॉब ऑफर पाना है। साथ ही पांच साल तक यहां पर रहने के बाद नागरिकता मिलने में आसानी होती है। ब्रिटेन के कई विश्वविद्यालयों में मास्टर्स के छात्रों की संख्या पिछले 6 महीने में ही दोगुनी हो गई है। मांग को देखते हुए कई विश्वविद्यालयों ने सत्र से पहले नवंबर-दिसंबर में ही दाखिले के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू कर दी है। इनमें लंदन की बीपीपी, बर्मिंघम विश्वविद्यालय और बेडफॉर्डशायर सबसे आगे हैं। खास बात यह है कि ब्रिटेन में मास्टर्स एक साल का होता है, और यहां डिपेंडेंट को भी काम करने का अधिकार है। जबकि अमेरिका में यह दो साल का है और आश्रितों काम करने का अधिकार नहीं है। भारत से डिपेंडेंट वीजा पर आने की लालस को देखते हुए कई वीजा एजेंसियां जल्द अप्लाई करने पर ऑफर भी दे रही हैं। अभी एजेंट्स हर एप्लीकेशन पर 30 लाख रुपए तक वसूल रहे हैं। ओम वीजा एजेंसी के राहिल भाटिया ने बताया कि उन्हें रोज 30 से 40 एप्लीकेशन मिल रही हैं। इनमें से एक तिहाई डिपेंडेंट वीजा की हैं।

# अमेरिका के गुरुद्वारे में भारतीय राजदूत के साथ धक्का-मुक्की

**न्यूयॉर्क ( हि.स. )।** अमेरिका में भारत के राजदूत तरनजीत सिंह संधू के साथ प्रकाश पर्व पर यहां के लॉन्ग आइलैंड में एक गुरुद्वारे में खालिस्तान समर्थकों ने धक्का मुक्की की। यह घटना उस समय हुई जब वह माथा टेकने गए थे। सिख समुदाय के लोगों ने इन लोगों को बाहर निकाल दिया। संधू ने रविवार को एक्स पर लिखा, लॉन्ग आइलैंड के गुरु नानक दरबार में उन्हें गुरुपर्व मनाने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। इस दौरान कीर्तन सुना। गुरु नानक के एकजुटता, एकता और समानता के शाश्वत संदेश के बारे चर्चा की।

# मुस्लिम विधायक के मंदिर जाने पर मचा बवाल

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के सिद्धार्थनगर जिले में एक मंदिर में समाजवादी पार्टी (सपा) की एक मुस्लिम महिला विधायक के दौरे के बाद उसे *गंगाजल से शुद्ध* किए जाने का मामला सामने आया है। सिद्धार्थनगर जिले की डुमरियागंज विधानसभा सीट से सपा विधायक सैय्यदा खातून रविवार को आयोजित शतचंडी महायज्ञ में भाग लेने के लिए स्थानीय लोगों के निमंत्रण पर *समय माता मंदिर* गईं थीं। खातून के लौटने के बाद, नगर पंचायत बढ़नी चाफा स्थित मंदिर में उनके जाने के विरोधी कुछ लोगों ने मंत्रोच्चार के बीच, मंदिर को गंगाजल से शुद्ध किया। शुद्धिकरण का नेतृत्व करने वाले, बढ़नी चाफा के नगर पंचायत अध्यक्ष धर्मराज वर्मा ने कहा कि कुछ अधर्मी लोगों ने मुस्लिम समुदाय की स्थानीय विधायक सईदा खातून को फोन किया था। उन्होंने कहा कि चूंकि सैय्यदा खातून एक मुस्लिम हैं और गाय का मांस खाती हैं, इसलिए यह पवित्र स्थान उनके आने से अपवित्र हो गया। उन्होंने कहा कि उन्होंने कुछ अन्य लोगों के साथ मिलकर मंदिर परिसर को शुद्ध किया। वर्मा ने कहा कि शुद्धिकरण के बाद अब यह स्थान पूरी तरह से पवित्र और पूजा-पाठ के लिए उपयुक्त हो गया है। संपर्क करने पर विधायक सैय्यदा खातून ने लखनऊ से फोन पर बताया कि एक जन प्रतिनिधि होने के नाते वह, निमंत्रण मिलने पर सभी धर्मों और संप्रदायों से संबंधित स्थानों का दौरा जारी रखेंगी और ऐसे किसी भी कृत्य से उन्हें रोका नहीं जा सकता।

अपोलो हॉस्पिटल्स चेन्नई
चेन्नई
Apollo HOSPITALS
नेफ्रोलोजिस्ट
डॉ. जे. राजामहेश, MBBS, MRCP (UK)
गुवाहाटी में केवल परामर्श के लिए उपलब्ध होंगे
7 दिसंबर, 2023 को
जो मरीज हाई ब्लड प्रेशर, यूरिनरी इनकॉनफिनेंश, ब्लैडर समस्याएं, यूरिया एंड क्रियेटनाइन का हाई लेवल, क्रोनिक रेनैल फेलियर, किडनी समस्याएं इत्याति से पीड़ित हैं वे अपने अपने नाम का रजिस्टर करा सकते हैं।
APOLLO HOSPITAL INFORMATION CENTER
Bora Commercial Complex, Housing Bus Stop,
Bashisthapur By Lane No-4 Beltola, Survey Guwahati
Contact : 03612223663/9678769107/8134095156

# पृष्ठ एक का शेष

## 17 दिनों से ...

की पुष्कर सिंह धामी सरकार ने थाईलैंड और नॉर्वे के एक्सपर्ट की भी मदद ली थी। इसके साथ कई और इंटरनेशनल टनल एक्सपर्ट भी मजदूरों को निकालने में अपना अनुभव साझा कर रहे थे, लेकिन इन सबके बावजूद रेस्क्यू टीम के सामने कई चुनौतियां आईं। जानकारी के मुताबिक, टनल में 8 राज्यों के 41 मजदूर फंसे हुए थे। इसमें उत्तराखंड के दो, हिमाचल प्रदेश का एक, उत्तर प्रदेश के आठ, बिहार के पांच, पश्चिम बंगाल के तीन, असम के दो, झारखंड के 15 और ओडिशा के पांच मजदूर थे।

## दो हाथियों की...

के एक झुंड का हिस्सा था, जो खाने की तलाश में नजदीकी गिब्बन वन्यजीव अभयारण्य से बाहर निकला था। दलै ने बताया कि क्षेत्र में बाड़ लगाने के लिए चाय बागान अधिकारियों ने नाला खोदा हुआ था। अधिकारियों ने बताया कि वहीं एक अन्य घटना में सोमवार रात को बेहाली के समीप गुवाहाटी जा रही एक ट्रेन ने एक हाथी को टक्कर मार दी, जिससे उसकी मौत हो गई। उन्होंने बताया कि हाथी खाने की तलाश में पास के ही एक जंगल से बाहर आया था। अधिकारियों के मुताबिक, घटना की वजह से ट्रेनों की आवाजाही प्रभावित नहीं हुई।

## 2026 से पहले ...

के उत्तर में मुख्यमंत्री ने कहा कि असम लोक सेवा आयोग भर्ती घोटाले की जांच असम पुलिस कर रही है। गौहाटी उच्च न्यायालय इसकी पूरी तरह से मॉनिटरिंग कर रहा है। उन्होंने कहा कि दोषियों को दंडित किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि असम लोक सेवा आयोग में भविष्य में जितना ही भ्रष्टाचार भले ही क्यों न हुआ हो, लेकिन अब यह स्वच्छ एवं पारदर्शी तरीके से काम कर रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनका उद्देश्य व्यवस्था में स्वच्छता लाना है और उसे लाने में वे काफी हद तक कामयाब हो रहे हैं। इस दौरान मुख्यमंत्री ने पत्रकारों के अन्य कई सवालों के भी सीधे-सीधे उत्तर दिए।

## शिक्षकों को विपश्यना...

ॅसेटिंग्स में व्यापक रूप से अभ्यास किया जाता है, अक्सर 10-दिवसीय रिट्रीट में, यह आत्म-अवलोकन और दिमागीपन पर जोर देता है। विपश्यना पाठ्यक्रम में स्वेच्छा से भाग लेने के इच्छुक किसी भी शिक्षक को 12 दिन की छुट्टी मिलेगी। उन्होंने कहा कि क्योंकि, हम चाहते हैं कि हमारे शिक्षक हमारे छात्रों को विपश्यना सिखाने में सक्षम हों - ध्यान करना, ध्यान बढ़ाना और उनके दिमाग को सकारात्मक रूप से प्रबंधित करना। रिपोर्टों के अनुसार, एक्सोम सरबा शिक्षा अभियान मिशन ने सभी जिलों के जिला आयुक्तों और स्वायत्त परिषदों के प्रमुख सचिवों को पाठ्यक्रम में भाग लेने के लिए राज्य के शिक्षकों के बीच सूचना के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए आवश्यक कदम उठाने के लिए लिखा है।

## सुबनसिरी जलविद्युत परियोजना ...

निर्माण प्रक्रिया बहुत संतोषजनक तकनीकी है। इस बीच, धेमाजी जिले के लिए, एनएचपीसी ने धेमाजी आईटीआई की जिम्मेदारी संभाली है और जिले में शिक्षित बेरोजगारों को तकनीकी शिक्षा प्रदान करने की व्यवस्था की है। मंत्री के साथ भारत सरकार के विद्युत मंत्रालय के सचिव पंकज अग्रवाल, एनएचपीसी के मुख्य प्रबंध निदेशक आरके बिंचय और जलविद्युत विभाग के संयुक्त सचिव मोहम्मद अजल सहित केंद्र सरकार के कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे। उल्लेखनीय है कि इससे पूर्व अपने दो दिवसीय दौरे के पहले दिन सोमवार को मंत्री राजकुमार सिंह उत्तरी असम के गेरुकामुख में नामनी सुबनसिरी जलविद्युत परियोजना के परिसर में पहुंचे। इस दौरान मंत्री ने हाल ही में क्षतिग्रस्त हुए इस परियोजना की समीक्षा की। एनएचपीसी के अधिकारियों ने केंद्रीय मंत्री के आगमन पर मंत्री सिंह का गर्मजोशी से स्वागत किया। परियोजना के अतिथिगृह में विश्राम करने के बाद आज मंत्री एनएचपीसी के अधिकारियों के साथ बिजली घरों, मुख्य बांधों के साथ-साथ पहाड़ियों के हुए स्खलन का दौरा करके स्थिति का जायजा लिया। शाम को वे दिल्ली वापस चले गए। उल्लेखनीय है कि 27 अक्तूबर को परियोजना के एकमात्र चालू हिस्से पहले डायवर्सन सुरंग के सामने का एक बड़ा हिस्सा भूस्खलन के कारण बंद और ठप हो गया था।

## मणिपुर में सात ...

रिपोर्ट में कहा गया है कि पहचाने गए 169 शवों में से 81 पर उनके परिजनों ने दावा किया है, जबकि 88 के परिवार की ओर से कोई नहीं आया है। पीठ ने कहा कि राज्य सरकार ने नौ स्थलों की पहचान की है, जहां दफन या दाह संस्कार किया जा सकता है। रिपोर्ट में कहा गया है कि इस तथ्य को ध्यान में रखते हुए कि मणिपुर राज्य में मई 2023 में हिंसा हुई थी, जिन शवों की पहचान नहीं हुई है या जिन पर दावा नहीं किया गया है, उन्हें मुर्दाघर में लंबे समय तक रखना सही है या नहीं। मंगलवार को सुनवाई के दौरान, पीठ ने निर्देश दिया कि परिवार के सदस्यों द्वारा पहचाने गए और दावा किए गए शवों का अंतिम संस्कार किसी भी अन्य पक्ष की बाधा के बिना किसी भी स्थान पर किया जा सकता है। कोर्ट ने कहा कि जिन शवों के परिजनों ने पहचान कर ली है, उन्हें अंतिम संस्कार की जगहों के बारे में सूचित करेंगे। पीठ ने कहा कि यह प्रक्रिया चार दिसंबर या उससे पहले पूरी की जानी चाहिए। परिजनों को निर्देश दिया गया है कि उन्हें निर्धारित नौ दाह संस्कार स्थलों में से किसी एक पर एक सप्ताह के अंदर ही धार्मिक अनुष्ठानों के साथ अंतिम संस्कार करने की अनुमति है। इसमें कहा गया है कि कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक (एसपी) कानून और व्यवस्था बनाए रखने के लिए सभी उचित कदम उठाने के लिए स्वतंत्र होंगे, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि दफन या दाह संस्कार व्यवस्थित तरीके से हो। शीर्ष अदालत ने कहा कि यदि शव परीक्षण के समय डीएनए नमूने नहीं लिए गए हैं, तो राज्य दफन/दाह संस्कार की प्रक्रिया से पहले ऐसे नमूने लेना सुनिश्चित करेगा। मई में उच्च न्यायालय के एक आदेश के बाद मणिपुर में अराजकता और अनियंत्रित हिंसा भड़क उठी, जिसमें राज्य सरकार को गैर-आदिवासी मैतेई समुदाय को अनुसूचित जनजातियों की सूची में शामिल करने पर विचार करने का निर्देश दिया गया था। 3 मई को राज्य में पहली बार जातीय हिंसा भड़कने के बाद से 170 से अधिक लोग मारे गए हैं और कई सौ अन्य घायल हुए हैं, जब बहुसंख्यक मैतेई समुदाय की एसटी दर्जे की मांग के विरोध में पहाड़ी जिलों में *आदिवासी एकजुटता मार्च* आयोजित किया गया था।

## बूथ स्तर पर ...

सोशल मीडिया सभी के लिए खुला हुआ प्लेटफार्म है। भाजपा कार्यकर्ता सोशल मीडिया के जरिए सरकार द्वारा किए जा रहे जनहित के कार्यों को उजागर करें। मुख्यमंत्री आज माजुली के अपने दो दिवसीय कार्यक्रम के दौरान एनडीए के सहयोगी दलों भाजपा, असम गण परिषद तथा यूपीपीएल के कार्यकर्ताओं के साथ माजुली में आज आयोजित एक डिनर मीटिंग को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज उन्होंने माजुली से जोरहाट को जोड़ने वाली पुल के निर्माण कार्य का भी निरीक्षण किया। इसके बन जाने से माजुली के लोगों की परेशानियां दूर हो जाएगी। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे जनता से सीधे-सीधे जुड़े रहें। ज्ञात हो कि आज मुख्यमंत्री माजुली में रास महोत्सव देखकर वहीं रात्रि विश्राम करेंगे।

## तेलंगाना विस चुनाव ...

बापुराव शामिल हैं। चुनाव आयोग द्वारा 9 अक्तूबर को कार्यक्रम की घोषणा के बाद राज्य में आदर्श आचार संहिता लागू हो गई। राज्य में 3.26 करोड़ पात्र मतदाता हैं। सीईओ के अनुसार, पूरे राज्य में सीआरपीसी की धारा 144 के तहत निषेधाज्ञा लागू कर दी गई है। बीआरएस ने सभी 119 सीटों पर उम्मीदवार उतारे हैं। सीट बंटवारे के समझौते के अनुसार, भाजपा और जन सेना क्रमश: 111 और 8 सीटों पर चुनाव लड़ रही हैं, जबकि कांग्रेस ने अपने सहयोगी सीपीआई (एम) को एक सीट दी है। असदुद्दीन ओवैसी के नेतृत्व वाली एआईएमआईएम ने शहर में नौ क्षेत्रों में उम्मीदवार खड़े किए हैं। बीआरएस लगातार तीसरी बार सत्ता बरकरार रखने की कोशिश कर रही है, जबकि कांग्रेस उससे सत्ता छीनने के लिए एड़ी-चोटी का जोर लगा रही है। सत्ता तक पहुंचने के लिए बीजेपी ने कोई कसर नहीं छोड़ी है। केसीआर दो क्षेत्रों- गजवेल और कामारेड्डी से चुनाव लड़ रहे हैं और रेवंत रेड्डी कोडांगल और कामारेड्डी से भी चुनाव लड़ रहे हैं। भाजपा ने अपने विधायक एटाला राजेंदर को हुजूराबाद के अलावा गजवेल से मैदान में उतारा, जहां वह मौजूदा विधायक हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रचार अभियान के दौरान कई सभाओं को संबोधित किया, इसके अलावा सोमवार को भारी धूमधाम के बीच हैदराबाद में एक रोड शो किया, जबकि केसीआर ने 96 चुनावी रैलियों में भाग लिया। पीएम मोदी के अलावा, राजनाथ सिंह और अमित शाह सहित कई केंद्रीय मंत्रियों और कांग्रेस नेता मल्लिकराजुन खड़गे और राहुल गांधी ने अपनी-अपनी पार्टी के उम्मीदवारों के लिए वोट मांगे।

## शुभेंदु अधिकारी विस ...

नेता अधिकारी के नेतृत्व में भाजपा विधायक आसन के समीप आ गए और बनर्जी के खिलाफ नारे लगाने लगे। भाजपा विधायक दल ने विधानसभा अध्यक्ष के फैसले को असंवैधानिक बताया और सदन से वॉकआउट किया। बाद में तृणमूल कांग्रेस के विधायक तापस राय ने अधिकारी के खिलाफ प्रस्ताव पेश कर उन्हें सदन से निलंबित किए जाने की मांग की जिसे अध्यक्ष ने स्वीकार कर लिया। अधिकारी ने कहा कि अध्यक्ष और सत्तारूढ़ दल असंवैधानिक तरीके से काम कर रहे हैं। भाजपा विधायक दल चालू सत्र में विधानसभा अध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने पर विचार कर रहा है।

## गाय की उपयोगिता...

का उपाय गाय ही है। इस अवसर पर हंस फाउंडेशन की अध्यक्ष मंगला माता, साध्वी ऋतंभरा, दीनदयाल कामधेनु गौशाला समिति के अध्यक्ष महेश गुप्ता एवं मंत्री हरीशंकर शर्मा के साथ कई साधु-संत एवं अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे। डॉ. भागवत ने कहा कि भारत की परम्परा लेकर देना है। हमें प्रकृति इतना सब देती है तो हमें उसे दोगना वापस करने की कोशिश करनी चाहिए और गाय पाल कर हम ऐसा कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि देशी गाय के दूध की महिमा आज सबको माननी पड़ी है। जैसे-जैसे हम प्राचीन मूल्यों की ओर बढ़ रहे हैं वैसे ही धीरे-धीरे भारत वर्ष भी उठ खड़ा हो रहा है। यहां होने वाले अनुसंधान विश्व के सामने गाय की उपयोगिता प्रमाण के साथ प्रदर्शित करेंगे और सतत प्रयास से हमें ये लक्ष्य प्राप्त होगा। जैसे राम मंदिर बनने में 30 साल तक लगातार सतत प्रयास हुए तब कहीं जाकर प्रयास सार्थक हुए, ऐसे ही यह लक्ष्य भी काफी बड़ा है, लेकिन प्रयास से हमें लक्ष्य हासिल होगा। हंस फाउंडेशन की अध्यक्ष मंगला माता ने कहा कि भारतीय संस्कृति का मूल आधार गाय है। सरकार के अलावा हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी भी गाय की रक्षा करना है। कैंसर जैसे असाध्य रोगों के इलाज में पंचगव्य की महत्ता पर अनुसंधान सम्पूर्ण मानव को एक नई उम्मीद देगा। इस अवसर पर संघ प्रमुख डॉ. भागवत ने पंचगव्य के पाठ्यक्रम की पुस्तकों का विमोचन भी किया। युवाओं के मार्गदर्शन एवं गौ की उपयोगिता बताने के लिए गोदान फिल्म के पोस्टर का विमोचन भी किया गया। परखम में जन्मे संघ के पदाधिकारी गिर्राज ताऊजी की स्मृति में गिर्राज गौशाला का शुभारंभ भी किया गया।

## संत समाज ने किया...

को इस आंदोलन का नेतृत्व करने का प्रस्ताव रखा। इस प्रस्ताव के बाद मंगलवार को सुबह आंदोलन के एलान के साथ ही राष्ट्रीय महाकाल सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष आलोक गिरि महाराज के सिर पर भगवा साफा बांधकर आंदोलन की अगुवाई करने का जिम्मा सौंपा गया। दिगंबर खुशाल भारती महाराज ने बताया कि 10 साल से राष्ट्रीय महाकाल सेना सनातन धर्म के प्रति जागरूकता को लेकर समाज में कार्यरत है। अयोध्या में श्री राम मंदिर के निर्माण का मार्ग प्रशस्त होने के बाद अब सभी के मन में मथुरा में श्री कृष्ण जन्मभूमि को भी मुक्त करने की आवश्यकता महसूस हो रही है। इसके लिए राष्ट्रीय महाकाल सेना सम्पूर्ण सन्त समाज के। सहयोग से जन-जन में जागरूकता के साथ राजनीतिक क्षेत्र में भी जहां जरूरत होगी वहां जागरूकता के प्रयास करेगी, साथ ही भविष्य में न्यायालय में आवश्यकता होने पर वहां भी अपना पक्ष प्रस्तुत करेगी। दिगंबर खुशाल भारती महाराज ने कहा कि उदयपुर में सनातनी चातुर्मास के विसर्जन के बाद वे मेवाड़ नाथ भगवान एकलिंगजी के दर्शन करने जाएंगे और वहीं से वे मथुरा की ओर प्रस्थान करेंगे। मार्ग में वे विभिन्न संत-महंतों, स्थानधारियों के दर्शन करते हुए उनसे श्री कृष्ण जन्मभूमि मुक्ति आंदोलन पर चर्चा करते हुए मथुरा पहुंचेंगे। सर्व समाज सनातनी चातुर्मास के मीडिया संयोजक मनोज जोशी ने बताया कि मंगलवार को दिगम्बर खुशाल भारती महाराज को भक्तों ने गाजे-बाजे के साथ एकलिंगजी के लिए विदाई दी। उनके साथ बड़ी संख्या में भक्त जन भी चारपहिया वाहनों के साथ विदाई देने एकलिंगजी तक गए। मार्ग में गोवर्द्धन विलास चौराहा, एकलिंगगढ़ छावनी, पारस तिराहा सहित विभिन्न स्थानों पर भक्तों ने काफिले का स्वागत आतिशबाजी, पुष्पवर्षा से किया।

## भारत की हार ...

पंजाब के एक गैर-स्थानीय छात्र द्वारा दर्ज की गई थी, जिसने दावा किया था कि टीम इंडिया का समर्थन करने के लिए आरोपी छात्रों द्वारा उसके साथ दुर्व्यवहार किया गया और धमकी दी गई। इस बीच, जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री और पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) प्रमुख महबूबा मुफ्ती ने विश्वविद्यालय के सात छात्रों की गिरफ्तारी को *चौंकाने वाला* बताया और उपराज्यपाल मनोज सिन्हा से इस मुद्दे पर गौर करने का अनुरोध किया। महबूबा ने सोशल मीडिया मंच *एक्स* पर एक पोस्ट में कहा कि यह चिंताजनक और चौंकाने वाली बात है कि कश्मीर में विश्व कप विजेता टीम का समर्थन करना भी अपराध हो गया है। पत्रकारों, कार्यकर्ताओं और अब छात्रों पर गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) जैसे कठोर कानूनों को सामान्य रूप से लागू करने से जम्मू-कश्मीर में युवाओं के प्रति प्रशासन की क्रूर मानसिकता का पता चलता है। बाद में पार्टी कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत में महबूबा ने कहा कि खेल तो खेल है, हमारे प्रधानमंत्री और उनसे पहले भी कई लोग मैच देखने गए और जो टीम अच्छा खेलती है उनका हौसला बढ़ाते हैं, वे विपक्षी टीम का भी हौसला बढ़ाते हैं। वे दावा करते हैं कि जम्मू-कश्मीर में चीजें ठीक हैं, फिर ऑस्ट्रेलिया की जीत का जश्न मना रहे कुछ छात्रों को लेकर इतना डर और व्याकुलता क्यों है?

## होर्नबिल महोत्सव में ...

की पोस्ट साझा करते हुए शर्मा ने कहा कियह महोत्सव पूर्वोत्तर की साझा सांस्कृतिक विरासत को प्रदर्शित करने वाले सबसे बड़े मंचों में से एक बनकर उभरा है। यह कार्यक्रम राज्य की राजधानी कोहिमा से करीब 12 किमी दूर किसामा के *नगा हेरिटेज विलेज* में हर साल एक से 10 दिसंबर तक आयोजित किया जाता है। इस साल इसका 24वां संस्करण है।

## मणिपुर हिंसा पर ...

लुप (केकेएल) के युवा नेता लुवांगचा यू नगामखेइंगकपा द्वारा इंफाल पूर्वी जिले के पोरोम्पैट पुलिस स्टेशन में एफआईआर दर्ज की गई थी, जिन्होंने आरोप लगाया था कि लेखक ने संघर्ष के केवल एक पक्ष का वर्णन करके पक्षपातपूर्ण तरीके से हिंसा का वर्णन किया है। असम के सिलचर में रहने वाले लेखक प्रणबानंद दास के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की कई धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया था, जिसमें धारा 153 ए (धर्म, नस्ल या जन्म स्थान के आधार पर समूहों के बीच दुश्मनी को बढ़ावा देना), 200 (झूठी सूचना को सत्य के रूप में उपयोग करना) और 295 (किसी भी वर्ग के धर्म का अपमान करने के इरादे से पूजा स्थल को नुकसान पहुंचाना या अपवित्र करना) शामिल है। दास पर आईपीसी की धारा 505 (सार्वजनिक उत्पात मचाने वाले बयान), 499 (मानहानि) और 120बी (सामान्य इरादे से आपराधिक साजिश) के तहत भी मामला दर्ज किया गया था। मई से इम्फाल घाटी स्थित मैतेई और पहाड़ी स्थित कुकी जो समुदाय के बीच चल रहे संघर्ष में 180 से अधिक लोग मारे गए हैं और हजारों लोग बेघर हो गए हैं।

# जल जीवन मिशन और राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के बीच समझौता

**गुवाहाटी ( हिंस )।** जल जीवन मिशन और राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के बीच आज समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया गया। असम सरकार के लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग के मंत्री जयंतमल्ल बरुवा ने मंगलवार को असम के खानापाड़ा में जल जीवन मिशन और राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, असम के बीच प्रशासनिक अधिकारी कॉलेज सभागार में आयोजित हस्ताक्षर समारोह की अध्यक्षता की। इस समझौता ज्ञापन का उद्देश्य सामान्य लक्ष्यों के साथ आगे बढ़ने के लिए विभागों के बीच समन्वय बनाना है। इसका उद्देश्य सुरक्षित पानी और अच्छे स्वास्थ्य के बीच संबंधों के बारे में जागरूकता पैदा करना है। क्योंकि, यह जल जनित बीमारियों, विशेष रूप से बच्चों की बीमारियों को कम करके स्कूलों में ड्रॉपआउट की संख्या को कम कर सकता है। जैसा कि जल जीवन मिशन (जेजेएम) और राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) का मुख्य उद्देश्य लोगों को अच्छा स्वास्थ्य प्रदान करना है। दोनों विभागों के बीच इस सहयोग के तहत, आशा कार्यकर्ता अपने



पर्यवेक्षकों, पीएचईडी और ग्राम पंचायत अधिकारियों के सहयोग से क्षेत्र की युवा लड़कियों के साथ-साथ अन्य पुरुष सदस्यों को मासिक बैठकों के माध्यम से सुरक्षित जल उपयोग तकनीक, पानी की गुणवत्ता, जल जनित बीमारियों आदि के बारे में जानकारी देगी। बैठक में मंत्री बरुवा ने कहा कि जल जीवन मिशन, असम और राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, असम एक साथ हर ग्रामीण परिवार के लिए अच्छा स्वास्थ्य सुनिश्चित करने की दिशा में काम करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे समय में जब जल जीवन मिशन अपने लक्ष्य के करीब पहुंच रहा है, एनएचएम के साथ उठाया गया यह कदम ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों के समग्र विकास को सुनिश्चित करने में और सहायक होगा। मंत्री बरुवा ने यह भी कहा कि एक बार जब हम स्वच्छ पानी की आवश्यकता के बारे में जागरूक हो जाते हैं, तो हर कोई एफएचटीसी के महत्व को महसूस करेगा और परिणामस्वरूप, घर को स्वच्छ पानी प्रदान करने के लिए सरकार द्वारा किया जाने वाला प्रयास सफल होगा। इस अवसर पर असम सरकार के स्वास्थ्य मंत्री केशव महंत, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव अविनाश जोशी, जल जीवन मिशन के निदेशक कैलाश कार्तिक, नेशनल हेल्थ मिशन के निदेशक डॉक्टर एम लक्ष्मी प्रिया समेत कई अन्य गण्यमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

## सैनिक स्कूल पुंगलवा नगालैंड में एनसीसी दिवस




**कोहिमा।** सैनिक स्कूल पुंगलवा, नगालैंड में एनसीसी दिवस मनाया गया। सैनिक स्कूल के कमांडिग आफिसर कर्नल अरविन्द नौटियाल के निर्देशन में आयोजित इस कार्यक्रम में कैडेटों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं जैसे ड्राइंग, भाषण और कविता पाठ में भाग लिया। इस दौरान प्राचार्य द्वारा कैडेटस को पुस्तकें देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर एन सी सी अधिकारी सुनील कुमार आंतिल, उदय शंकर पांडे, विजय पाटिल, सूबेदार मोबा, दफेदार ओरंग समेत काफी संख्या में एनसीसी कैडेट मौजूद थे। ऑफिसर कमांडिंग लैफ्टिनैंट कर्नल लीना बजाज ने कैडेट्स का उत्साह वर्धन किया और आगे भी इसी तरह भाग लेने के लिए उत्साह बढ़ाया।

## ट्रेन की चपेट में आने से जंगली हाथी की मौत

**बिश्वनाथ ( हिंस )।** ट्रेन की चपेट में आने से एक जंगली हाथी की मौत हो गई। वन विभाग ने आज बताया कि बिश्वनाथ के बरगांग वन रेंज कार्यालय के अंतर्गत बिहाली के बुरैघाट में यह घटना हुई। हाथी काजीरंगा के छठे संयोजन से निकलकर बाहर आया था। यह हादसा उस समय हुआ, जब हाथी रेलवे लाइन पार कर रहा था। इसी दौरान डंगी पालो एक्सप्रेस ट्रेन आ गई, जिसकी चपेट में आने से उक्त हाथी की मौत हो गई।

## मिजोरम में 94.68 ग्राम हेरोइन के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

**एजल ( हिंस )।** असम राइफल्स और मिजोरम के स्पेशल नारकोटिक्स सीआईडी क्राइम ने एजल में 94.68 ग्राम हेरोइन के साथ दो लोगों को गिरफ्तार किया। बावंगकावन दक्षिण, एजल और मिजोरम के जनरल एरिया में चलाए गए इस अभियान में दोनों लोगों को गिरफ्तार किया गया। गुप्त खुफिया जानकारी पर कार्रवाई करते हुए एक टास्क फोर्स ने ऑपरेशन को सफलतापूर्वक अंजाम दिया, जिसमें कुल 94.68 ग्राम हेरोइन नंबर 04 वाले नौ साबुनदानी को जब्त किया गया। जब्त किए गए मादक पदार्थ की अनुमानित कीमत 47 लाख 34 हजार रुपये है। बरामद हेरोइन और हिरासत में लिए गए व्यक्तियों को एजल में विशेष नारकोटिक्स पुलिस स्टेशन, सीआईडी क्राइम को सौंप दिया गया। कानूनी कार्रवाई शुरू की गई है।

## विश्वनाथ : मातृ -पितृ की याद में वरिष्ठ अध्यापक चित्रप्रसाद पौड़ेल ने किया स्मृतिग्रंथ का विमोचन

**विश्वनाथ ( विभास )।** विश्वनाथ के पाभोई हाई स्कूल के वरिष्ठ हिंदी अध्यापक चित्रप्रसाद पौड़ेल ने अपनी मातृ -पितृ के स्मृति में सोमवार को स्मृति ग्रंथ विमोचन कार्यक्रम का आयोजन किया। विश्वनाथ चारिआलि के जपौबाड़ी में स्थित निवास स्थान में सेवानिवृत्त वरिष्ठ संस्कृत शिक्षक लोकनाथ शास्त्री के अध्यक्षता में आयोजित स्मृति ग्रंथ विमोचन समारोह में मुख्य अतिथि व पुस्तक विमोचक डॉ. खेमराज नेपाल, विशिष्ट अतिथि व दीप प्रज्जवलक प्रद्युत हाजरिका, समाज सेवक नित्य नार्जार, मातृका ढुङ्गाना, तेजनाथ निरोला और संपूर्ण पौड्याल परिवार मौजूद थे।सर्वप्रथम स्मृति ग्रंथ विमोचन समारोह चारिआलि एकाडमी के अध्यापक चन्द्र लुइटेल और अध्यापक चित्र प्रसाद पौड्याल के संयुक्त तत्वावधान में संचालित सभा में अध्यापक पद्युत हजारिका ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसके बाद उपस्थिति अतिथि को फुलाम गामोछा से अभिनंदन किया गया।



इसके बाद यह ग्रंथ शिक्षक चित्रप्रसाद पौड़ेल के पिता नारदमुनि पौड्याल और मातृद्वय सावित्री देवी और डंबर कुमारी देवी की स्मृति में प्रकाशित ग्रंथ का साहित्य अकादमी के सदस्य व साहित्यकार डॉ. खेमराज नेपाल ने विमोचन किया।इसके बाद उपस्थित अतिथियों ने स्मृति ग्रंथ के ऊपर प्रकाश डालते हुए पौड्याल परिवार की सराहना की।

## मंत्री पीयूष हजारिका ने की समीक्षा बैठक

**गुवाहाटी ( हिंस )।** राज्य के सूचना जनसंपर्क, जल संसाधन आदि मामलों के मंत्री पीयूष हजारिका ने आज जनता भवन स्थित अपने कार्यालय में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग की समीक्षा बैठक को संबोधित किया। बैठक में उन्होंने विभाग के अधीन केंद्र और राज्य सरकार द्वारा क्रियान्वित की जा रही विभिन्न योजनाओं के ब्योरे का आकलन किया। बैठक के दौरान उन्होंने हर एक योजनाओं की अलग-अलग से अद्यतन स्थिति की समीक्षा की। इस दौरान मंत्री हजारिका ने कई आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी कार्यों को निर्धारित समय सीमा के अंदर किसी भी स्थिति में पूरा किया जाना है। बैठक में विभाग के सचिव कौसर जमील हिलाली, निदेशक किशोर ठाकुरिया और अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## कामरूप में 1.80 किग्रा हेरोइन जब्त, दो तस्कर गिरफ्तार



**कामरूप ( हिंस )।** कामरूप जिले के गौरीपुर में हेरोइन की बड़ी खेप के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार कर लिया गया। असम पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स की एक टीम ने आज सुबह कामरूप जिले के गौरीपुर में तलाशी अभियान चलाया। अभियान में एक टाटा डीआई वाहन (एएस-25ईसी-4464) से 1.8 किलोग्राम हेरोइन बरामद किया गया। विशिष्ट इनपुट पर कार्रवाई करते हुए, एसटीएफ के डीआईजी पार्थ सारथी महंत की देखरेख में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, एसटीएफ कल्याण पाठक के नेतृत्व में एसटीएफ की टीम ने तलाशी अभियान शुरू किया और वाहन से बरामद किया। प्रारंभिक रिपोर्टों के अनुसार, वाहन को शराईघाट में रोका जाना था। लेकिन, पुलिस द्वारा जांच चौकी पर इंतजार कर रहे होने की सूचना मिलने के कारण तस्कर वाहन के साथ चांगसारी की ओर भाग गए। फरार तस्करों को काबू में करने के लिए एसटीएफ की टीम ने दो राउंड फायरिंग की, जिसके बाद वाहन को रोक दिया गया। इसके बाद वाहन की तलाशी ली गई और जैसा कि तस्करों द्वारा संकेत दिया गया था, वाहन में एक छिपा हुआ चैंबर बनाया गया था, जिसमें 1.8 किलोग्राम हेरोइन रखी गई थी। पूरी प्रतिबंधित सामग्री को जब्त कर लिया गया है। दोनों तस्करों को गिरफ्तार कर लिया गया। तस्करों की पहचान गुवाहाटी गाड़ीगांव के सोनू अली तथा जालुकबाड़ी इलाके के अर्जुन बासफोर के रूप में हुई है। इनके खिलाफ आगे के कानूनी कार्रवाई शुरू की गई है।

# कृषि में बदलाव से ही भारत में बदलाव संभव

### वीबीएसवाई के तहत बीवीएफसीएल के ड्रोन से प्रदर्शित नैनो यूरिया छिड़काव की किसानों ने की सराहना

**गुवाहाटी ( विभास )।** ग्रामीण भारत में चल रहे कृषि परिवर्तन के जोरदार समर्थन में, उत्तर पूर्वी राज्यों के लाभार्थी विकसित भारत संकल्प यात्रा (वीबीएसवाई) के तहत उठाए गए कदमों की खुले दिल से सराहना कर रहे हैं। बीवीएफसीएल (ब्रह्मपुत्र वैली फर्टिलाइजर कॉरपोरेशन लिमिटेड) द्वारा नैनो यूरिया के नवोन्वेषी छिड़काव को प्रदर्शित करने वाले हालिया ड्रोन प्रदर्शनों ने किसानों से व्यापक सराहना बटोरी है, जो अपनी कृषि पद्धतियों में क्रांति लाने के लिए इस तकनीक की क्षमता को समर्थन दे रहे है। वीबीएसवाई पहल के तहत, बीवीएफसीएल किसानों को अत्याधुनिक तकनीकों से परिचित कराने में सबसे आगे रहा है जो स्थिरता को बढ़ावा देते हुए उत्पादकता बढ़ाने का विश्वास दिला रहा है। खेतों में नैनो यूरिया के सटीक अनुप्रयोग को दर्शाने वाले ड्रोन प्रदर्शन इस परिवर्तनकारी यात्रा का प्रतीक बन गए हैं। पूर्वोत्तर राज्यों में असम, त्रिपुरा, मेघालय, नगालैंड और अरुणाचल प्रदेश के किसानों ने नैनो यूरिया को कुशलतापूर्वक वितरित करने में ड्रोन प्रौद्योगिकी की क्षमताओं को प्रत्यक्ष रूप से देखा है। यह प्रदर्शन न केवल फसल की पैदावार बढ़ाने की क्षमता को दर्शाता है, बल्कि नैनो यूरिया जैसे आधुनिक उर्वरकों के उपयोग के पर्यावरणीय लाभों पर भी प्रकाश डालता है, जो अपने कम पारिस्थितिक प्रभाव के लिए जाने जाते हैं। लाभार्थियों की सराहना इन प्रौद्योगिकियों को अपनाने में उनके द्वारा अनुभव किए जाने वाले वास्तविक लाभों में निहित है। ड्रोन-सहायता प्राप्त नैनो यूरिया छिड़काव के माध्यम से प्राप्त सटीकता इष्टतम पोषक तत्व वितरण की अनुमति देती है, जिसके परिणामस्वरूप स्वस्थ फसलें होती हैं और बर्बादी कम होती है। किसान




पारंपरिक कृषि चुनौतियों पर काबू पाने में इन प्रगति की क्षमता को तुरंत पहचान लेते हैं, खासकर पहाड़ी इलाकों और अद्वितीय भौगोलिक विशेषताओं वाले क्षेत्रों में ये मिल का पत्थर साबित हो रहे है। जमीनी स्तर पर भावना वीबीएसवाई, पीएम-प्रणाम और बीवीएफसीएल की सहयोगी पहल के तहत किए गए प्रयासों की व्यापक स्वीकार्यता को दर्शाती है। किसान उस समग्र दृष्टिकोण की सराहना करते हैं जो टिकाऊ कृषि पद्धतियों पर जागरूकता सत्रों को अत्याधुनिक प्रौद्योगिकियों के व्यावहारिक प्रदर्शनों के साथ जोड़ता है। किसानों से मिल रहे प्रशंसापत्र इस बात को रेखांकित करते हैं कि इन पहलों का उनकी आजीविका पर सकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है। सहयोगात्मक प्रयास न केवल कृषि में बदलाव ला रहे हैं, बल्कि किसानों को आधुनिक कृषि परिदृश्य की चुनौतियों से निपटने के लिए ज्ञान और उपकरणों के साथ सशक्त भी बना रहे हैं। जैसा कि राष्ट्र इस कृषि पुनर्जागरण का गवाह बन रहा है, बीवीएफसीएल, वीबीएसवाई और पीएम-प्रणाम के बीच तालमेल एक आत्मनिर्भर और तकनीकी रूप से उन्नत भारत की दृष्टि के साथ प्रतिध्वनित हो रहा है। लाभार्थियों की तालियां इस भावना को प्रतिध्वनित करती हैं कि ड्रोन प्रौद्योगिकी और नैनो यूरिया का एकीकरण पूर्वोत्तर राज्यों और उससे आगे के किसानों के लिए हरित, अधिक कुशल और समृद्ध भविष्य के लिए बीज बो रहा है।

## हैपी चाइल्ड हाईस्कूल, गुवाहाटी एलीट ने सेफ टच अनसेफ टच पर महत्वपूर्ण सत्र का किया सफल समापन




**गुवाहाटी।** हैपी चाइल्ड हाई स्कूल, गुवाहाटी एलीट के लायंस और लियो क्लब के सहयोग से, खुशी से घोषणा करता है कि 28 नवंबर 2023 को *सेफ टच अनसेफ टच* पर महत्वपूर्ण सत्र का सफल संचालन हुआ। यह जागरूक करने वाली घटना, स्कूल के ऑडिटोरियम में आयोजित हुई, उपस्थित विशेषज्ञ वक्ता दिव्या सिओटिया के साथ थीं, जिनकी बच्चों की सुरक्षा शिक्षा और कहानी सुनाने में माहिरत के लिए प्रसिद्ध हैं। दिव्या सिओटिया की प्रेरणादायक प्रस्तुति ने सुरक्षित स्पर्श और असुरक्षित स्पर्श के संवेदनशील विषय पर चर्चा की, जिससे छात्रों को आयुसंगत दृष्टिकोण और व्यक्तिगत सीमाओं और सुरक्षा उपायों पर सही समझ मिली। इस सत्र ने एक खुली बातचीत की भावना बढ़ाई, छात्रों को सवाल पूछने और चर्चा में सक्रिय भाग लेने के लिए प्रेरित किया। गुवाहाटी एलीट के लायंस और लियो क्लब ने हैपी चाइल्ड हाई स्कूल समुदाय, माता-पिता, शिक्षकों और प्रतिभागियों के प्रशंसा और समर्थन के लिए कृतज्ञता व्यक्त की है और इस घटना को एक प्रशिक्षण सफलता बनाने में। क्लब अपने समुदाय में बच्चों की सुरक्षा और कल्याण को प्रोत्साहित करने के अपने कार्यक्षेत्र के प्रति समर्पित रहता है।

## तेरापंथ धर्मस्थल से साध्वीवृंद का मंगल विहार




**गुवाहाटी।** युगप्रधान आचार्य श्री महाश्रमणजी की विदुषी सुशिष्या साध्वी स्वर्णरेखाजी एवं उनकी सहवर्तिनी साध्वी स्वस्तिकाश्रीजी, सुधांशुप्रभाजी व गौतमयशाजी का गुवाहाटी के सफलतम चातुर्मासिक परिसंपन्नता के पश्चात मंगलवार को स्थानीय तेरापंथ धर्मस्थल से मंगल विहार हुआ। सर्वप्रथम प्रात: 8.30 बजे साध्वीश्रीजी ने बीज मंत्रों के साथ वृहत् मंत्रोच्चार करवाया, जिसमें श्री जैन श्वेतांबर तेरापंथी सभा, महिला मंडल, युवक परिषद्, टीपीएफ, अणुव्रत समिति आदि सभी संघीय संस्थाओं के पदाधिकारियों, कार्यकारिणी सदस्यों के अलावा सैकड़ों की संख्या में श्रावक-श्राविका एवं समाजबंधु उपस्थित थे। तत्पश्चात प्रात: 9.15 बजे साध्वीवृंद का मंगल विहार भव्य जुलूस के साथ प्रारंभ हुआ। उल्लेखनीय है कि साध्वीवृंद आज सुखसातापूर्वक महासभा के उपाध्यक्ष विजय कुमार चोपड़ा के छत्रीबाड़ी सिद्धार्थ रेसीडेंसी स्थित निवास स्थान में पधारे तथा बुधवार को तेरापंथी सभा, गुवाहाटी के अध्यक्ष बजरंग कुमार सुराणा के माछखोवा लैंडमार्क बिल्डिंग स्थित निवास स्थान में पधारेंगे। ज्ञातव्य हो कि साध्वीवृंद जिन-जिन क्षेत्रों में पधार रहे हैं वहां सार-संभाल के साथ ही धर्माराधना प्रभावी ढंग से चल रही है। श्री जैन श्वेतांबर तेरापंथी सभा के अध्यक्ष बजरंग कुमार सुराणा एवं मंत्री रायचंद पटावरी ने साध्वीवृंद के मंगल विहार कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी श्रावक-श्राविकाओं के साथ ही संपूर्ण समाजबंधुओं के प्रति आभार व्यक्त किया है एवं रास्ते की सेवा में अधिकाधिक संख्या में सम्मिलित होने का आह्वान किया है। इस आशय की जानकारी तेरापंथी सभा के संगठन मंत्री छत्तरसिंह भादानी ने यहां जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में दी।

## मणिपुर पुलिस ने 227 लोगों को लिया हिरासत में

**इंफाल ( हिंस )।** मणिपुर पुलिस ने राज्य के काकचिंग, इंफाल वेस्ट, थौबल तथा टेंगनोपाल जिलों में कानून का उल्लंघन के सिलसिले में 227 लोगों को हिरासत में लिया। पुलिस ने आज बताया कि आवश्यक वस्तुओं के साथ एनएच -37 पर 383 तथा एनएच -2 पर 126 वाहनों की आवाजाही सुनिश्चित की गई है। वाहनों की स्वतंत्र और सुरक्षित आवाजाही सुनिश्चित करने के लिए सभी संवेदनशील स्थानों पर कड़े सुरक्षा उपाय किए गए हैं और संवेदनशील क्षेत्रों में सुरक्षा बलों को व्यापक पैमाने पर तैनात किया गया है। पुलिस ने बताया कि पहाड़ी और घाटी दोनों में मणिपुर के विभिन्न जिलों में कुल 138 नाके और जांच चौकियां स्थापित की गई है।

## पूसीरे में फेस्टिव सीजन के दौरान निवारक जांच

**गुवाहाटी ( हिंस )।** पूर्वोत्तर सीमा रेल (पूसीरे) ने फेस्टिव भीड़ के दौरान अपने क्षेत्राधिकार के अधीन सभी प्रमुख स्टेशनों और ट्रेनों में योजनाबद्ध तरीके से सुरक्षा उपायों को बढ़ाया है। इस मौसम के दौरान, बड़ी संख्या में यात्री अपने घरों को जाने के लिए लंबी दूरी की यात्रा करते हैं। पूर्वोत्तर सीमा रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी सब्यसाची दे ने आज बताया कि इस तरह की पहल के कारण, अपने गंतव्य की यात्रा करने वाले यात्रियों को सुविधा के साथ ट्रेनों में चढ़ने और उतरने में आसानी होती है। ट्रेनों में यात्रा करते समय यात्रियों को जागरूक करने के लिए फेस्टिव सीजन के दौरान पूसीरे नियमित आधार पर विशेष अभियान चलाता रहा है। पूसीरे के सभी संबंधित अधिकारियों ने ट्रेनों में यात्रा करते समय यात्रियों की आवाजाही पर कड़ी निगरानी रखी। यात्रा के दौरान यात्रियों और स्टेकधारकों को संरक्षा उपायों और ट्रेनों में किसी भी ज्वलनशील



वस्तु को ले जाने पर किये गये प्रतिबंध के बारे में जानकारी दी गई। पूर्वोत्तर सीमा रेल द्वारा अपने पांच मंडलों में जन जागरूकता अभियान चलाया गया। 18 से 24 नवंबर के दौरान, 461 स्टेशनों पर कुल 1740 ट्रेनों में प्रतिबंधित वस्तुओं की जांच की गई, जिसमें 1.24 लाख से अधिक यात्रियों को कवर किया गया था। स्टेशन परिसरों में 1093 जागरूकता अभियान चलाए गए, जहां लगभग 12953 पोर्टर/टैक्सी चालकों को स्टेशन स्थलों पर संरक्षा उपायों को बरकरार रखने के लिए जागरूकता संबंधी जानकारी दी गई। भीड़ के दौरान लगभग 556 की संख्या में वृद्धों, महिलाओं और बच्चों को ट्रेनों में चढ़ने और उतरने में मदद की गई। पूसी रेलवे इस तरह भीड़ के मौसम के दौरान अपने यात्रियों की अत्यधिक देखभाल करने के लिए प्रतिबद्ध है। ट्रेनों में यात्रा करते समय यात्रियों को जागरूक करने के लिए समय-समय पर विभिन्न जागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं।

# प्रधानमंत्री ने मुख्यमंत्री धामी से सिलक्यारा राहत-बचाव कार्यों और श्रमिकों की ली जानकारी

**–आगामी रणनीति पर की चर्चा**



**देहरादून, (हि.स.)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को फोन कर उत्तरकाशी में सिलक्यारा की निमार्णाधीन सुरंग में फंसे श्रमिकों के राहत और बचाव कार्य की जानकारी ली। इस दौरान प्रधानमंत्री ने उनसे आगामी रणनीति पर भी चर्चा की। प्रधानमंत्री मोदी ने मुख्यमंत्री धामी से सुरंग में फंसे श्रमिकों का कुशलक्षेम जाना। प्रधानमंत्री ने ड्रिलिंग के संबंध में संपूर्ण जानकारी प्राप्त की। उन्होंने कहा कि सिलक्यारा सुरंग में अंदर फंसे श्रमिकों के साथ ही उन्हें बाहर निकालने के राहत-बचाव कार्य में जुटे लोगों की सुरक्षा का भी विशेष ध्यान रखा जाए। सुरंग के अंदर फंसे श्रमिकों के परिजनों को किसी भी तरह की परेशानी ना हो। मुख्यमंत्री धामी ने प्रधानमंत्री को बताया कि मैन्युअली डिगिंग कार्य शुरू कर दिया गया है। अब तक कुल 52 मीटर पाइप को पुश कर लिया गया है। यदि कोई बड़ी अड़चन नहीं आई तो शीघ्र ही सभी श्रमिकों को बहार निकाल लिया जाएगा। सुरंग के अंदर फंसे सभी श्रमिकों का स्वास्थ्य सकुशल है। राहत और बचाव कार्य में जुटे श्रमिक, इंजीनियर और विशेषज्ञ अधिकारी हर संभव प्रयास कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने बताया कि सुरंग के अंदर फंसे से सभी श्रमिकों को नियमित रूप से गुणवत्ता पूर्ण भोजन भेजा जा रहा है। सभी श्रमिकों से निरंतर डॉक्टर और मनोचिकित्सकों से भी संवाद करवाया जा रहा है। सुरंग के अंदर फंसे श्रमिकों के परिजनों से भी निरंतर बात करवाई जा रही है। उन्होंने बताया कि एसडीआरफ की ओर से स्थापित कम्युनिकेशन सेटअप के अतिरिक्त बीएसएनएल की ओर से टेलिफोनिक कम्युनिकेशन सेटअप को भी स्थापित किया है। मुख्यमंत्री ने बताया कि फंसे श्रमिकों को निकल जाने के उपरांत सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। उन्होंने बताया एसडीआरएफ, एनडीआरएफ मौके पर तैनात की गई है। डॉक्टर की टीम भी मौके पर मौजूद है। सभी अधिकारियों को 24 घंटे अलर्ट पर रखा गया है।

# स्मृति ईरानी ने संक्रामक रोगों को मात देने वाले यूपी के तीन लोगों का जाना हाल



**लखनऊ, (हि.स.)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने टीबी को वर्ष 2025 तक देश से समाप्त करने का संकल्प लिया है। इसी कड़ी में केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री स्मृति ईरानी ने उत्तर प्रदेश के संक्रामक रोगों को मात देने वाले तीन चैंपियन को नई दिल्ली बुलाकर उनसे वार्ता की। सरकारी प्रवक्ता के मुताबिक केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने सबसे पहले लखनऊ के बक्शी का तालाब क्षेत्र निवासी सीमा सिंह से मुलाकात की। उनसे पूछा कि फाइलेरिया की पहचान कैसे हुई? क्या कष्ट झेलने पड़े? कैसे बीमारी से पार पाई? सरकार से क्या मदद मिली आदि। केंद्रीय मंत्री ने यह भी पूछा कि फाइलेरिया होने के बाद उन्हें क्या समस्या हुई तो सीमा ने बताया कि पैरों में इतनी सूजन आ गई थी कि चलना दुश्वार था। इसी कारण नौकरी भी छूट गई। दैनिक काम भी बड़ी मुश्किल से कर पाती थीं लेकिन जबसे स्वास्थ्य विभाग से रुग्णता प्रबंधन एवं दिव्यांगता रोकथाम (एमएमडीपी) की ट्रेनिंग मिली है, तब से अपनी देखभाल अच्छे से कर पा रही हूं। मुझे सूजन में कमी आई है। दर्द और अटैक से राहत मिली है। सीमा के मुताबिक केंद्रीय मंत्री बातचीत में बहुत सहज थीं। उनसे बात करके आगे बेहतर करने की प्रेरणा मिली है। इसी क्रम में स्मृति ईरानी ने देवरिया की कालाजार चैंपियन पिंकी चौहान से बात की। बनकटा क्षेत्र की रहने वाली पिंकी ने कालाजार को शिकस्त दी है। वह उत्तर प्रदेश-बिहार के उत्तरजीवी नेटवर्क की सक्रिय सदस्य हैं और 10,849 अन्य सदस्यों के साथ मिलकर कालाजार एवं फाइलेरिया के प्रति लोगों को जागरूक कर रही हैं। अकेले पिंकी 5000 से ज्यादा लोगों तक पहुंचकर समुदाय को सजग कर चुकी हैं। स्मृति ईरानी ने सीमा और पिंकी से नेटवर्क के उद्देश्य के बारे में पूछा तो उन्होंने बताया कि यह नेटवर्क स्वास्थ्य विभाग के साथ मिलकर फाइलेरिया और कालाजार के उन्मूलन के लिए प्रतिबद्ध है और समुदाय स्तर पर विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से स्वास्थ्य विभाग का सहयोग करता है। स्मृति ईरानी ने गाजियाबाद के टीबी चैंपियन राजकुमार से भी वार्ता की। केंद्रीय मंत्री क्षय रोग के दौरान होने वाले सामाजिक भेदभाव को लेकर खास चिंतित दिखीं। मंत्री ने तीनों से खासतौर पर सरकार से मिली मदद और आवास के बारे में पूछा। उन्हें सरकार की ओर से हरसंभव मदद दिलाने का आश्वासन दिया। स्मृति ईरानी की बातचीत से तीनों चैंपियन के हौसले बुलंद हैं और वे आगे भी संक्रामक रोगों के संभावित रोगियों की मदद जारी रखने की मंशा रखते हैं।

# राज्यसभा सदस्य संजय सिंह की जमानत याचिका पर ईडी को नोटिस



**नई दिल्ली, (हि.स.)।** दिल्ली के राऊज एवेन्यू कोर्ट ने दिल्ली आबकारी घोटाला मामले में गिरफ्तार आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सदस्य संजय सिंह की जमानत याचिका पर सुनवाई करते हुए ईडी को नोटिस जारी किया है। स्पेशल जज एमके नागपाल ने जमानत याचिका पर अगली सुनवाई 6 दिसंबर को करने का आदेश दिया है। संजय सिंह ने 24 नवंबर को पेशी के दौरान जमानत याचिका दायर की थी। संजय सिंह ने अपनी गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली याचिका सुप्रीम कोर्ट में दायर की है। सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई के दौरान कहा था कि आप निचली अदालत में जमानत याचिका दायर करते तो बेहतर होता। उसके बाद संजय सिंह ने राऊज एवेन्यू कोर्ट में जमानत याचिका दायर की है। ईडी ने संजय सिंह को 4 अक्टूबर को उनके सरकारी आवास पर पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया था। 5 अक्टूबर को कोर्ट ने संजय सिंह को 10 अक्टूबर तक की ईडी हिरासत में भेजा था। सुनवाई के दौरान ईडी ने कहा था कि दो करोड़ का लेन-देन दो किश्तों में किया गया। यह लेन-देन संजय सिंह के घर पर हुआ। इसकी पुष्टि दिनेश अरोड़ा ने की थी। ईडी की अर्जी में इंडोस्प्रिट से पैसों के लेन-देन का भी ज़िक्र हुआ है।

# छह देशों के राजदूतों ने राष्ट्रपति को परिचय पत्र प्रस्तुत किये



**नई दिल्ली, (हि.स.)।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मंगलवार को राष्ट्रपति भवन में आयोजित एक समारोह में आयरलैंड, बोस्निया और हजेगोविना, आर्मेनिया, मलेशिया, माली और मार्शल द्वीप समूह के राजदूत व उच्चायुक्त का परिचय पत्र स्वीकार किया। राष्ट्रपति भवन की ओर से जारी बयान के अनुसार जिन लोगों ने अपना परिचय पत्र प्रस्तुत किया उनमें आयरलैंड के राजदूत केविन केली, बोस्निया और हजेगोविना के राजदूत हारिस ह्रे, आर्मेनिया गणराज्य के राजदूत वाघन अफयान, मलेशिया के उच्चायुक्त मुज़फ़्फ़र शाह बिन मुस्तफा, माली के राजदूत ब्रिगेडियर जनरल फेलिक्स डायलो और मार्शल द्वीप गणराज्य के राजदूत अलेक्जेंडर कार्टर बिंग शामिल हैं।

# भारतीय सेना ने कुपवाड़ा जिले की नियंत्रण रेखा पर बढ़ाई सतर्कता



**कुपवाड़ा, (हि.स.)।** कुपवाड़ा जिले में सोमवार को हथियारों और गोला-बारूद की बरामदगी के बाद भारतीय सेना ने मंगलवार को नियंत्रण रेखा पर सतर्कता बढ़ा दी है और घुसपैठ के किसी भी प्रयास को विफल करने की कोशिश कर रही है। सेना की ओर से सोमवार को जारी एक आधिकारिक बयान में कहा गया कि कुपवाड़ा जिले में हथियार और गोला-बारूद बरामद होने के बाद सोमवार को दो लोगों को पकड़ा गया। उन्होंने कहा कि उत्तरी कश्मीर के कुपवाड़ा जिले में नियंत्रण रेखा पर भारतीय सेना अत्यधिक सतर्क रहती है और पाकिस्तान से घुसपैठ के किसी भी प्रयास को विफल करने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। बयान में कहा गया कि राष्ट्रीय सुरक्षा के प्रति अटूट दृढ़ संकल्प और मजबूत प्रतिबद्धता के साथ ही भारतीय सेना सीमाओं की रक्षा और राष्ट्र की सुरक्षा सुनिश्चित करने के अपने मिशन में दृढ़ता से खड़ी है। नियंत्रण रेखा को भारत और पाकिस्तान के बीच एक महत्वपूर्ण बाधा के रूप में संदर्भित करते हुए उन्होंने कहा कि भारतीय सेना ने घुसपैठ के प्रयासों का मुकाबला करने में लगातार अपनी अत्यधिक तत्परता और दृढ़ता प्रदर्शित की है। सेना ने कहा कि अपने व्यापक प्रशिक्षण, उन्नत निगरानी प्रणालियों और सावधानीपूर्वक योजना के साथ वे किसी भी संभावित घुसपैठ का मुकाबला करने के लिए एक बहुस्तरीय रक्षा तंत्र का इस्तेमाल करते हैं। नियमित गश्त, अत्याधुनिक प्रौद्योगिकियों और खुफिया जानकारी के संयोजन के माध्यम से वे नियंत्रण रेखा के पास किसी भी संदिग्ध गतिविधियों पर महत्वपूर्ण जानकारी इकट्ठा करने में सक्षम हैं। सेना ने आगे कहा कि इस खुफिया जानकारी का तुरंत विश्लेषण किया जाता है और किसी भी घुसपैठिये को भारतीय क्षेत्र में प्रवेश करने से पहले ही निष्क्रिय करने के लिए कार्रवाई की जाती है। उन्होंने कहा कि देश की अखंडता को बनाए रखने के लिए सैनिक दिन-रात अपनी जान की बाजी लगाते हैं। अपनी मातृभूमि की रक्षा में किसी भी चुनौती का सामना करने की उनकी अटूट प्रतिबद्धता और इच्छा अत्यंत सम्मान और प्रशंसा की पात्र है। भारतीय सेना की चिनार कोर ने कहा कि सोमवार को विशेष खुफिया सूचना पर भारतीय सेना और जम्मू-कश्मीर पुलिस द्वारा शुरू किए गए एक संयुक्त अभियान में कुपवाड़ा के गुशी ब्रिज पर एक मोबाइल वाहन अवरोधन पोस्ट (एमवीआईपी) स्थापित किया गया था। उसी दौरान दो संदिग्ध व्यक्तियों को पकड़ा गया। इनके कब्जे से चार हथगोले, गोला-बारूद के साथ एक पिस्तौल और अन्य आपत्तिजनक सामग्री बरामद की गई।

# पंजाब में पाकिस्तानी ड्रोन की घुसपैठ, बीएसएफ ने फायरिंग कर खदेड़ा

**चंडीगढ़, (हि.स.)।** बीएसएफ ने पाकिस्तान की तरफ से घुसपैठ करने वाले ड्रोन पर फायरिंग करके उसे वापस खदेड़ दिया। बीएसएफ ने बाद में एहतियातन सर्च ऑपरेशन चलाया है। बीएसएफ के अनुसार सोमवार की रात गुरदासपुर सेक्टर के अंतर्गत बीओपी साधांवाली पर तैनात 27 बटालियन टीम ने एक ड्रोन भारतीय सीमा में देखा, जिसके बाद बीएसएफ ने फायरिंग कर दी। इसके बाद ड्रोन की आवाज आनी बंद हो गई। आशंका जताई जा रही है कि ड्रोन या तो पाकिस्तानी सीमा में लौट गया या फिर कहीं भारतीय सीमा में ढेर हो गया। इसी आधार पर बीएसएफ ने मंगलवार की सुबह सीमावर्ती क्षेत्र में सर्च ऑपरेशन भी चलाया। बीएसएफ को ड्रोन नहीं मिला था। बीएसएफ ने बीते 15 दिनों के भीतर भारतीय सीमा में दाखिल होने वाले 13 पाकिस्तानी ड्रोन पकड़े हैं।

# दिल्ली के मुख्य सचिव की नियुक्ति पर बुधवार को भी सुनवाई करेगा सुप्रीम कोर्ट

**– कोर्ट ने केंद्र सरकार से पूछा, मुख्य सचिव को सेवा विस्तार देने का क्या है आधार**



**नई दिल्ली, (हि.स.)।** सुप्रीम कोर्ट में दिल्ली के मुख्य सचिव की नियुक्ति पर सुनवाई कल भी जारी रहेगी। आज सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि अगर केंद्र 30 नवंबर को रिटायर होने जा रहे नरेश कुमार को सेवा विस्तार देना चाहता है, तो बताए कि किस प्रावधान से यह हो सकता है। आज सुनवाई के दौरान केंद्र सरकार की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि केंद्र सरकार ने दिल्ली के मौजूदा मुख्य सचिव नरेश कुमार को फिलहाल सेवा विस्तार देने का फैसला लिया है। मेहता ने कोर्ट को बताया कि उन्हें निर्देश मिला है कि नरेश कुमार को फिलहाल कुछ महीनों के लिए सेवा विस्तार देने का फैसला लिया गया है। अध्यादेश हमें सेवा विस्तार जैसा फैसला लेने का अधिकार देता है। सुनवाई के दौरान दिल्ली सरकार की ओर से सिंघवी ने कहा कि मसला ये है कि मौजूदा मुख्य सचिव और दिल्ली सरकार के बीच विश्वास का अभाव है। ये सेवा विस्तार का फैसला भी दिल्ली सरकार को दरकिनार कर लिया गया है। सुप्रीम कोर्ट ने तुषार मेहता से कहा कि अगर दिल्ली सरकार नरेश कुमार को मुख्य सचिव के पद पर नहीं रखना चाहती तो आप उस शख्स के नाम पर ही क्यों अड़े हैं। आप चाहें तो नए शख्स की नियुक्ति खुद कर सकते हैं परन्तु आप सेवा विस्तार का फैसला ले रहे हैं तो आप ये कल साफ करें कि किस अधिकार से आप ऐसा फैसला ले रहे हैं। इसका क्या आधार है। उल्लेखनीय है कि इससे पहले सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि केंद्र दिल्ली को संभावित अधिकारियों के नाम सौंपे।

# भारी बर्फबारी के बाद रोहतांग दर्रा में आवाजाही बंद



**नई दिल्ली (ईएमएस)।** देश में पिछले दो दिन के दौरान हुई बारिश से ठंड बढ़ गई है। बारिश के कारण तापमान में लगातार गिरावट हो रही है। हिमाचल प्रदेश में बीती रात से बर्फबारी हो रही है। बर्फबारी के बाद रोहतांग दर्रा में आवाजाही बंद कर दी गई। हिमाचल में एक दिसंबर तक बारिश-बर्फबारी की आशंका है। मौसम विभाग ने बताया कि मध्य प्रदेश में दिसंबर के पहले हफ्ते तक बारिश हो सकती है। रविवार 26 नवंबर से बारिश के दौरान बिजली गिरने से अब तक गुजरात में 24 और मध्य प्रदेश में 4 लोगों की मौत हुई है। गुजरात के दाहोद में , 3-3 बनासकांठा और भरूच, 2 तापी, अहमदाबाद, अमरेली, आनंद, खेड़ा, द्वारका, पंचमहल, पाटन, बोटाद, मेहसाणा, साबरकांठा, सूरत और सुरेंद्रनगर में एक-एक व्यक्ति की मौत हुई है। मध्य प्रदेश के धार जिले में दो, बड़वानी में एक और झाबुआ में एक की मौत हुई है।

# सोनिया ने तेलंगाना के मतदाताओं से की कांग्रेस के लिए वोट करने की अपील



**नई दिल्ली, (हि.स.)।** कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी ने एक वीडियो संदेश जारी किया है, जिसमें उन्होंने तेलंगाना के मतदाताओं से कांग्रेस पार्टी के लिए वोट करने की अपील की है। अपने संदेश में सोनिया ने कहा, ह्लमैं तेलंगाना की अपनी बहनों, भाइयों, बेटों और बेटियों से परिवर्तन के लिए मतदान करने का अनुरोध करती हूं।ह्व तेलंगाना राज्य के लिए आज चुनाव प्रचार थमने जा रहा है। तेलंगाना में 30 नवंबर को मतदान होगा। कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष ने इस बात के लिए माफी मांगी है कि वे तेलंगाना के लोगों के बीच नहीं पहुंच सकीं। उन्होंने कहा कि अम्मा के तौर पर उन्हें मिले प्यार और आदर के लिए वे आभारी हैं। तेलंगाना के सपनों को साकार करने के लिए एक ईमानदार सरकार को वोट कीजिए। उल्लेखनीय है कि तेलंगाना 2014 में एक नए राज्य के तौर पर सामने आया था। उस समय की कांग्रेस सरकार ने सालों से चली आ रही मांग को पूरा करते हुए आंध्र प्रदेश से तेलंगाना को अलग किया था। अलग तेलंगाना राज्य की मांग को लेकर आंदोलनरत तेलंगाना राष्ट्र समिति ने राज्य में पहली सरकार बनाई थी। 2018 में भी वही पार्टी दोबारा सत्ता में लौटी थी।

# बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ महिला पहलवानों ने कोर्ट में दीं लिखित दलीलें

**– दिल्ली पुलिस को अपनी लिखित दलीलें 6 दिसंबर तक कोर्ट में दाखिल करने का निर्देश**




**नई दिल्ली, (हि.स.)।** दिल्ली के राऊज एवेन्यू कोर्ट में भारतीय कुश्ती संघ के पूर्व अध्यक्ष और भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ आरोप तय करने के मामले में आज महिला पहलवानों की ओर से लिखित दलीलें दाखिल की गईं। एडिशनल चीफ मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट हरजीत सिंह जसपाल ने दिल्ली पुलिस को अपनी लिखित दलीलें 6 दिसंबर तक कोर्ट में दाखिल करने का निर्देश दिया गया है। कोर्ट ने कहा कि सभी पक्षकार कुछ अतिरिक्त लिखित दलीलें पेश करना चाहते हैं तो वे 6 दिसंबर तक दाखिल कर दें। इस मामले में 22 नवंबर को बृजभूषण शरण सिंह और विनोद तोमर की ओर से लिखित दलीलें दाखिल की गई थीं। पहले की सुनवाई के दौरान बृजभूषण के वकील राजीव मोहन ने कहा था कि शिकायतकर्ता की ओर से टोक्यो, मंगोलिया, बुल्गारिया, जकार्ता, कजाकिस्तान, तुर्की आदि में हुई घटना का क्षेत्राधिकार इस अदालत के पास नहीं है। उन्होंने कहा था कि देश के बाहर हुए अपराध के ट्रायल का क्षेत्राधिकार इस अदालत के पास नहीं है, ऐसे में मुकदमा चलाने के लिए संबंधित अथॉरिटी से इजाजत लेना होता है।

तब कोर्ट ने पूछा था कि क्या कोई ऐसा फैसला है जो ये कहता है कि यौन शोषण लगातार होने वाला ऐसा अपराध है जो अलग-अलग जगहों और समय पर किया गया हो। इस पर दिल्ली पुलिस की ओर से पेश वकील ने कहा था कि यौन शोषण लगातार होने वाला अपराध है, इसलिए आरोपित को जब-जब मौका मिला, उसने उनका यौन शोषण किया। सुनवाई के दौरान 1 सितंबर को महिला पहलवानों की ओर से वकील रेबेका जॉन ने कहा था कि ओवर साइट कमेटी नियमों के हिसाब से नहीं बनाई गई थी। उन्होंने कहा था कि जिन आरोपों के तहत चार्जशीट दाखिल हुई उसी के तहत आरोपी के खिलाफ आरोप तय होने चहिए। कोर्ट ने 20 जुलाई को बृजभूषण शरण सिंह और सह आरोपित विनोद तोमर को जमानत दी थी। बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ छह बालिग महिला पहलवानों के यौन उत्पीड़न के मामले में चार्जशीट दाखिल की गई है। चार्जशीट में भारतीय दंड संहिता की धारा 354, 354डी, 354ए और 506 (1) के तहत आरोप लगाए गए हैं।

# सदन में विकास,जनहित के मुद्दों पर चर्चा हो : मायावती



**लखनऊ, (हि.स.)।** बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने कहा कि उत्तर प्रदेश विधानसभा का शीत सत्र मंगलवार से शुरू हुआ। उन्होंने सवालिया निशान लगाते हुए कहा कि सत्र राज्य के समेकित व समग्र विकास एवं जनहित के मुद्दों पर सार्थक चचाओं व अन्य जरूरी जिम्मेदारियों के निर्वहन के कारण प्रदेश हित में साबित होगा या फिर अन्य कारणों से औपचारिकता मात्र होकर ही रह जाएगा? सरकार व विपक्ष इस पर अवश्य ध्यान दें। मायावती ने आगे कहा कि देश की सर्वाधिक लगभग 25 करोड़ जनसंख्या वाला गरीब व पिछड़ा प्रदेश होने के नाते यूपी के समतामूलक विकास व प्रगति को लेकर केन्द्र व यूपी सरकार की विशेष जिम्मेदारियां हैं। ऐसे में सरकार व विपक्ष राजनीति कम व जनहित व यहां के पिछड़ेपन को दूर करने के लिए समयबद्ध कार्य करें तो यह उचित है।

# त्यागी अशोका कृष्णम के प्रथम दोहा संग्रह का हुआ गौरवशाली लोकार्पण








मेरे परम प्रिय, पुत्रवत त्यागी अशोका कृष्णम के द्वारा जब बहुत झिझक के साथ मुझे यह जानकारी प्राप्त हुई कि उसकी प्रथम काव्य कृति दोहा संग्रह "चल मनवा उस पार" प्रकाशन के लिए तैयार है, सुनकर बहुत अच्छा लगा और अन्यास मुंह से निकल पड़ा कि "करो बहुत जल्दी करो,यह बहुत पहले हो जाना चाहिए था"। मेरी शुभकामनाएं सदैव की भांति तुम्हारे साथ हैं। "चल मनवा उस पार" के सभी दोहे मैंने पढ़े। बहुत अच्छा लगा। एक अलग प्रकार की ताजा अनुभूति हुई और आश्चर्य भी हुआ कि हांस्य-व्यंग की हल्की फुल्की बातें करने वाले अशोक का दीन दुनिया के बारे में कितना गंभीर और व्यापक दृष्टिकोण है। प्रिय अशोक के द्वारा रचित सभी दोहे उच्च कोटि के हैं। आपके दोहों में, हांस्य-व्यंग, ओज, श्रृंगार, संयोग-वियोग, श्रद्धा-भक्ति, धर्म, नीति, सभ्यता, संस्कृति, रिश्ते-नाते,तीज-त्यौहार रचे बसे पड़े हैं।

**जहां एक ओर अशोक के भीतर बैठा हास्य व्यंग कवि निसंकोच कहता है.....**

आज, किया तो हो गया, हमको यह अहसास।
नंबर दो के प्यार में, गुड़ से अधिक मिठास।।
घुमा फिराकर यह कहा, पत्नी ने हर बार।
ले डूबेगा आपको, नंबर दो का प्यार।।

**वहीं कहीं रिश्ते नातों के प्रति उसकी गंभीरता इस प्रकार दीखती है .....**

वर्तमान भटका हुआ, उलझा हुआ अतीत।
कृष्णम मां बिन जिंदगी, बिना साज का गीत।
प्रेम समर्पण देखकर, रहे वक्ष को पीट।
रिश्तों को चट कर गए, मक्कारी के कीट।।

मेरे मन के श्रेष्ठ कवि "त्यागी अशोका कृष्णम" के दोहों में विश्व के, उच्च कोटि के दर्शन के भी दर्शन होते हैं। आपके इस महान साहित्यिक सत्कर्म के लिए मैं हृदय से बहुत-बहुत शुभकामनाएं एवम बहुत-बहुत बधाई देता हूं।

**डॉ.यू.सी. सक्सेना**
**सम्भल, उत्तरप्रदेश**
**संरक्षक, परिवर्तन ट्रस्ट**

# 6 हजार 80 करोड़ से बनेगा तमिलनाडु का वर्ल्ड क्लास स्टेशन

**होसुर (ईएमएस)।** केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि केंद्र सरकार ने पिछले एक साल में तमिलनाडु का रेलवे क्षेत्र विस्तार करने के लिए 6,080 करोड़ रुपये आवंटित किए हैं। उन्होंने बताया कि यूपीए सरकार के दौरान रेलवे को मात्र 800 करोड़ मिलते थे, जिसे अब पीएम नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में बढ़ा दिया गया है। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि 2014 से पहले, जब यूपीए सरकार थी, तब तमिलनाडु के लिए केवल 879 करोड़ आवंटित हुआ करते थे। पीएम मोदी आज तमिलनाडु में रेलवे क्षेत्र के लिए 6,080 करोड़ रुपये दे रहे हैं। जो परियोजनाएं पहले से लंबित थीं, उनकी आज बहुत अच्छी प्रगति हो रही है। तमिलनाडु राज्य के 75 स्टेशनों को विश्वस्तरीय स्तर पर पुनर्विकास किया जा रहा है। अश्विनी वैष्णव ने आगे कहा कि होसुर जोलारपेट अंतर-रेल सेवा परियोजना की लंबे समय से लंबित मांग का आकलन किया जा रहा है और लागत दक्षता का मूल्यांकन करने के बाद जल्द ही काम शुरू हो जाएगा। उन्होंने कहा कि इस परियोजना के कार्यान्वयन के लिए एक सुरंग के निर्माण की आवश्यकता है और इस परियोजना का मूल्य काफी ज्यादा था। हम एक कुशल समाधान खोजने के लिए काम कर रहे हैं और जल्द ही परियोजना शुरू हो जाएगी। मंत्री ने कहा कि मैं समय के साथ हर 15 दिनों के बाद इसका पालन करूंगा। हम डीपीआर को पूरा करने और इसे मंजूरी के लिए ले जाने में सक्षम होंगे। केंद्रीय मंत्री ने आगे कहा कि होसुर क्षेत्र के लिए एक मल्टी-मॉडल कार्गो टर्मिनल विकसित किया जाएगा।

# औरैया में बाबा साहब की प्रतिमा क्षतिग्रस्त करने वाला आरोपित गिरफ्तार



**औरैया, (हि.स.)।** बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा को क्षतिग्रस्त करने वाले आरोपित को अछल्दा थाना पुलिस ने मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया है। थाना प्रभारी रुद्र प्रताप त्रिपाठी ने बताया कि गश्ती के दौरान नहर रोड गांव सती का पुरवा के पास से अभियुक्त शैलेन्द्र सिंह उर्फ शीलू ठाकुर को गिरफ्तार किया गया। वह रविवार की शाम को अमलिया पुर्वा गांव के बाहर लगी बाबा साहेब की प्रतिमा को क्षतिग्रस्त कर भाग गया था। इस घटना से गांव में आक्रोश फैल गया था। प्रशासन ने क्षतिग्रस्त प्रतिमा की जगह पर बाबा साहब की नयी प्रतिमा स्थापित कर तनावपूर्ण माहौल को शांत कराया था। उसके बाद से ही आरोपित को पकड़ने के लिये पुलिस लगातार प्रयास कर रही थी। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपित के पास से तमंचा, जिन्दा कारतूस बरामद किया है। अभियुक्त के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जेल भेजा गया।

# कानपुर मंडल समेत उप्र के प्रमुख बढ़े शहरों में कोहरे के साथ दिखा ठंड का असर



**कानपुर, (हि.स.)।** उप्र में मौसम अब तेजी से परिवर्तित हो रहा है। दिन और रात में ठंड बढ़ने के साथ कोहरे का भी असर दिखाई देने लगा है। इसके साथ ही राम में तापमान तेजी से कम होने लगा है। सोमवार रात अलीगढ़ में रूक–रूक कर बारिश हुई। इतना ही नहीं आगरा और झांसी में बारिश हुई है। मंगलवार सुबह कानपुर, अयोध्या समेत अन्य जनपदों में कोहरे के साथ ठंड रही। चन्द्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय कानपुर के मौसम वैज्ञानिक डॉ.एस.एन.सुनील पांडेय के मुताबिक कानपुर मंडल के कानपुर नगर, कानपुर देहात, कन्नौज, फरुर्खाबाद, औरैया, इटाहवा में मंगलवार सुबह कोहरे के साथ ठंड का असर दिखाई दिया। उन्होंने बताया कि कानपुर मण्डल के साथ ही उप्र की राजधानी लखनऊ, अयोध्या, वाराणसी, प्रयागराज में भी ठंड बढ़ चुकी है।

**कोहरे का आ गया समय, सड़कों पर सावधानी से चलाएं वाहन –** कोहरे को लेकर मौसम विभाग ने चेतावनी भी जारी किया है। वाहन चालकों से अपील किया है कि हाईवे पर वाहन चलाते समय अपनी गति पर नियंत्रण रखे, जिससे कि अचानक गाड़ी के आगे कुछ आ जाय तो गाड़ी को रोकने में कोई दिक्कत न आए और आप सुरक्षित रहेंगे।

# सत्ता दल सदन में विपक्ष का सामना नहीं करना चाहता : अखिलेश यादव






**लखनऊ, (हि.स.)।** समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव विधानसभा में मंगलवार से शुरू होने वाली सदन की कार्यवाही में शामिल होने पहुंचे। अखिलेश ने इस दौरान पत्रकारों से बातचीत में कहा कि सरकार विपक्ष का सामना करना नहीं चाहती। सदन में तमाम समस्याओं पर चर्चा होना जरूरी है। सरकार विपक्ष के सवालों से बच रही है। सपा अध्यक्ष ने भाजपा सरकार पर आरोप लगाया कि किसानों, बेरोजगारों की सुनवाई नहीं हो रही है। यूपी में इंवेस्टमेंट कहीं नहीं दिख रहा है। आवारा जानवरों से किसानों की मौत हो रही है। सामाजिक न्याय के लिए आरक्षण जरूरी है। जाति जनगणना की मांग कई दल करते हैं। उन्होंने कहा कि बीजेपी नहीं चाहती कि जनता के मुद्दे सदन में उठाए जाएं। इसलिए नई नियमावली लाकर सदन में विरोध-प्रदर्शन रोक दिया गया है।

# चीन में फैली रहस्यमय बीमारी के मद्देनजर रांची के अस्पतालों में तैयारियां तेज



**रांची, (हि.स.)।** चीन में फैल रही रहस्यमय बीमारी को देखते हुए केंद्र सरकार के स्वास्थ्य विभाग ने सभी राज्यों के लिए एडवाइजरी जारी की है। इस बीमारी के भी कोरोना की तरह फैलने की आशंका है। इन सभी संभावनाओं को देखते हुए रांची में स्वास्थ्य विभाग तैयारियों में जुट गया है। रांची जिले के ब्लॉक स्तर के अस्पतालों को भी दुरुस्त किया जा रहा है, ताकि यदि मरीज सामान्य स्थिति में रहे तो उसे सीएचसी और पीएचसी में ही सुविधा दी जा सके। रांची के सिविल सर्जन डॉ प्रभात कुमार ने मंगलवार को बताया कि हायर सेंटर के रूप में रिम्स और सदर अस्पताल को रखा जाएगा। यदि मरीजों की संख्या बढ़ेगी तो अन्य जगहों पर भी इंतजाम किए जाएंगे। सिविल सर्जन ने बताया कि कोरोना के दौरान लगाए गए ऑक्सीजन प्लांट और लिक्विड मेडिकल ऑक्सीजन प्लांट का भी उपयोग किया जाएगा। पर्याप्त मात्रा में ऑक्सीजन सिलेंडर भी रखे जाएंगे। उन्होंने बताया कि अभी तक भारत में ऐसा कोई केस नहीं मिला है। हालांकि, निमोनिया को लेकर लोगों को सचेत रहने की आवश्यकता है। रिम्स के वरिष्ठ चिकित्सक और शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ यूपी साहू ने बताया कि निमोनिया में छोटे बच्चों पर विशेष ध्यान रखने की आवश्यकता है। उन्होंने बताया कि निमोनिया सबसे ज्यादा एक से पांच साल तक के बच्चों के लिए खतरनाक होता है। क्योंकि, वैसे बच्चे अपनी परेशानी को खुलकर बता नहीं पाते। ऐसे में अभिभावकों को यह ध्यान रखना होगा कि यदि छोटे बच्चे में सर्दी-खांसी के साथ बुखार आता है और उसने मां का दूध पीना छोड़ दिया तो उसे तुरंत नजदीकी डॉक्टर के पास ले जाएं। यूपी साहू ने बताया कि छोटे बच्चे को यदि सांस लेने में परेशानी हो, शरीर नीला दिखाई दे रहा हो या उसे तेज बुखार आ रहा हो तो डॉक्टर से तुरंत संपर्क करें क्योंकि निमोनिया ज्यादा दिनों तक रहना खतरनाक भी हो सकता है। उन्होंने बताया कि विभाग स्तर पर अभी तक किसी तरह का दिशा-निर्देश जारी नहीं किया गया है। अस्पताल में भी अभी इस तरह के केस नहीं पहुंचे हैं लेकिन डॉक्टरों की टीम निमोनिया के केस को लेकर गंभीर है।


# इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ बिहार बना रहे हैं नीतीश और लालू : गिरिराज सिंह



**बेगूसराय, (हि.स.)।** केन्द्रीय ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री गिरिराज सिंह ने बिहार सरकार द्वारा हिंदुओं के पर्व-त्योहार की छुट्टी में कटौती कर मुस्लिम के पर्व में छुट्टी बढ़ाए जाने का विरोध किया है। उन्होंने कहा है कि इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ बिहार बनाने की कोशिश की जा रही है। शिक्षा विभाग द्वारा 2024 के घोषित किए गए अवकाश सूची का विरोध करते हुए गिरिराज सिंह ने कहा कि नीतीश कुमार और लालू यादव की सरकार ने स्कूलों में मुस्लिम पर्व की छुट्टी बढ़ाई और हिंदु त्योहारों में छुट्टी की खत्म। बिहार में कई हिंदू-त्योहारों की छुट्टियां खत्म कर दी गई है और ईद मुहर्रम की छुट्टियां बढ़ा दी गई है, यह भी गजवा-ए-हिंद का एक हिस्सा है। गिरिराज सिंह ने कहा है कि नीतीश कुमार की सरकार ने तीसरी बार तुगलकी फरमान जारी किया है, जिसमें हिन्दुओं की छुट्टी में कटौती किया गया। महाशिवरात्रि और जन्माष्टमी जैसे महापर्व की छुट्टियों में कटौती कर मुसलमान के ईद और बकरीद की छुट्टियां बढ़ाई गई। इसका क्या औचित्य है। नीतीश सरकार बिहार में इस्लामिक धर्म के आधार पर क्यों काम कर रही है। अररिया, पूर्णिया, कटिहार और किशनगंज जैसे जिलों में रविवार के बदले शुक्रवार को स्कूल में छुट्टी दिया जाता है। इससे लगता है कि पूरे बिहार के स्कूलों में शुक्रवार को छुट्टी देने की योजना बनाई जा रही है। हिन्दुओं के पर्व में कटौती की गई छुट्टियों को बहाल नहीं किया गया तो इसका खामियाजा बिहार सरकार को भुगतना पड़ेगा। लालू यादव मो. लालू एवं नीतीश कुमार मो. नीतीश के नाम से जाने जाएंगे। गिरिराज सिंह ने कहा कि षड्यंत्र के तहत हिन्दुओं की भावनाओं पर कुठाराघात कर रहे हैं। तुष्टीकरण एवं वोट बैंक के लिए हिंदू के पर्व-त्योहारों की छुट्टियों को रद्द किया जा रहा है। अभी जारी आदेश भी ऐसा ही है। सनातन संस्कृति को खत्म करने की साजिश रचकर पढ़ाई बाधित होने का बहाना बनाया जा रहा है। तीज एवं जीवित पुत्रिका व्रत करने वाली महिला शिक्षिकाएं उपवास के दौरान कैसे पढ़ा सकेंगी।

# मोदी के नेतृत्व में खेल की गतिविधियों ने पकड़ी नयी रफ्तार : योगी आदित्यनाथ

## मुख्यमंत्री योगी ने बैडमिंटन टूनार्मेंट का किया उद्घाटन



**लखनऊ, (हि.स.)।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को बीबीडी बैडमिंटन अकादमी पहुंचकर सैय्यद मोदी बैडमिंटन टूनार्मेंट का उद्घाटन किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि 2014 के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पहल पर नये भारत में खेल की गतिविधियों ने नयी रफ्तार पकड़ी है। पूरे देश के अंदर इसके परिणाम दिखाई पड़ रहे हैं। पहली बार एशिएन गेम्स में हमारे खिलाड़ियों ने सौ का आंकड़ा पार किया है। पैरा ओलम्पिक खेल में भी हमारे खिलाड़ियों ने अच्छा प्रदर्शन किया है। योगी ने कहा कि एशियन गेम्स में 25 प्रतिशत मेडल उत्तर प्रदेश के खिलाड़ियों ने जीते हैं। उत्तर प्रदेश के खिलाड़ियों को एक नया मंच प्रदान कर रहा है। खेल और खेल कूद की गतिविधियों के प्रति केन्द्र व राज्य सरकार का सकारात्मक रूख है और खिलाड़ियों का भविष्य उज्जवल बनाने के लिए सरकार काम कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि बैडमिंटन एक अच्छा खेल है। उत्तर प्रदेश में खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किया जा रहा। उत्तर प्रदेश में इस प्रतियोगिता के आयोजन के लिए मैं उत्तर प्रदेश बैडमिंटन संघ और आयोजकों को ह्रदय से बधाई देता हूं। योगी ने बताया कि उत्तर प्रदेश के प्रसिद्ध बैड मिंटन खिलाड़ी बीबीडी बैडमिंटन अकादमी में जो आठ बार बैंडमिंटन के राष्ट्रीय चैम्पियन और राष्ट्रमण्डल खेलों के स्वर्ण विजेता रहे हैं। उनकी स्मृति में 1991 से उत्तर प्रदेश में इसकी शुरूआत हुई। 2004 में इस चैम्पियनशिप को राष्ट्रीय मान्यता प्राप्त हुई। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पूर्व केन्द्रीय मंत्री ने अखिलेश दास गुप्ता ने उत्तर प्रदेश में बैडमिंटन का एक अच्छा प्रशिक्षण केन्द्र बनाकर इसकी शुरूआत की। 10 एकड़ क्षेत्र में फैला यह केन्द्र उत्तर प्रदेश में बैडमिंटन के खिलाड़ियों के प्रशिक्षण का एक केन्द्र बना है। इसके लिए मैं अखिलेश दास को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। उत्तर प्रदेश बैड मिंटन संघ के अध्यक्ष विराज सागर दास ने प्रतीक चिन्ह भेंटकर मुख्यमंत्री का स्वागत किया। इस प्रतियोगिता में 18 देशों के खिलाड़ी शिरकत कर रहे हैं। बैडमिंटन टूनार्मेंट के उदघाटन अवसर पर प्रमुख सचिव गृह संजय प्रसाद, आईएएस अधिकारी सुहास एलवाई और पूर्व आईएएस अधिकारी नवनीत सहगल प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# विधायक राजेश्वर सिंह ने खराब सड़कों की ओर खींचा मुख्यमंत्री का ध्यान


डा.राजेश्वर सिंह
No. 207197
RS/918/MIN/23

**लखनऊ, (हि.स.)।** सरोजनीनगर विधानसभा के विधायक राजेश्वर सिंह ने क्षेत्र की छह खराब व अविकसित सड़कों की ओर मुख्यमंत्री का ध्यान खींचते हुए पत्र लिखा है। विधायक की ओर से आशा जतायी जा रही है कि छह सड़कों को त्वरित आर्थिक विकास योजना के तहत शीघ्र ही बनवाया जायेगा। विधायक राजेश्वर सिंह ने अपने विधानसभा की जनता की सड़क मार्ग की मांग पर मुख्यमंत्री से छह मार्गों को बनवाने के लिए आग्रह किया है, उसमें विजय कुमार शुक्ला स्मृति मार्ग, मजरा नकटोरा मार्ग, दरोगा खेड़ा से रनियापुर मार्ग, रेवतापुर मार्ग, भौंकापुर की डामर मार्ग, पिपरसण्ड गुलालखेड़ा मार्ग शामिल है। ग्राम क्षेत्र से शहरी क्षेत्र की कालोनियों में विकसित हुए सरोजनी नगर के नवीन क्षेत्रों में अभी तमाम सड़कें बननी है। फिलहाल विधायक की ओर से छह मार्गों को बनवाने की मांग की गयी है, जिसे बनाने में तमाम अवरोध सामने आ रहे हैं। इन मार्गों के बन जाने के बाद बड़ा आवासीय क्षेत्र लाभांवित होगा। रेवतापुर मार्ग और मजरा नकटोरा मार्ग की मांग करने वाले ग्रामीण लोगों की मानें तो पहली बार विधायक राजेश्वर सिंह ने सड़कों को बनवाने में रुचि ली है। इसी तरह विधायक ने सड़क के लिए मेहनत की तो वर्ष के अंत तक सड़क निर्माण का कार्य शुरू हो जायेगा।

# खेल और खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने के लिए सरकार प्रतिबद्ध : हेमंत सोरेन



**रांची, (हि.स.)।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से मंगलवार को आठवीं राज्य स्तरीय सब जूनियर नेटबॉल प्रतियोगिता के बालक एवं बालिका वर्ग में विजेता रही गोड्डा जिले के खिलाड़ियों ने मुलाकात की। उन्होंने मुख्यमंत्री को बताया कि गुमला के घाघरा में आयोजित नेटबॉल की ट्रेडिशनल एवं फास्ट फाइव सब जूनियर चैंपियनशिप के बालक एवं बालिका दोनों ही वर्गों में गोड्डा टीम ने खिताब जीता है। मुख्यमंत्री ने सभी खिलाड़ियों को इस उपलब्धि के लिए बधाई और भविष्य में और बेहतर प्रदर्शन करने के लिए शुभकामनाएं दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार खेल और खिलाड़ियों को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। इस सिलसिले में पंचायतों में खेल मैदान विकसित किए जा रहे हैं। सिदो-कान्हू क्लब के माध्यम से खिलाड़ियों को स्पोर्ट्स किट्स के साथ अन्य सुविधाएं दी जा रही हैं। यहां के नौजवान खेलों के माध्यम से अपना भविष्य संवारने के साथ अपने प्रदर्शन से देश और राज्य का नाम रोशन करें, इसके लिए सरकार सभी सहयोग करेगी। इस मौके पर गोड्डा जिला नेटबॉल टीम की कोच मोनालिसा कुमारी, सचिव गुंजन कुमार झा, अंपायर शिवराम कृष्ण देहरी, दुमका जिला नेटबॉल एसोसिएशन के सचिव मोहम्मद हकीम और कुलदीप कुमार रवि मौजूद थे।


# स्कूलों में मुसलमानों की छुट्टी बढ़ाने को सुशील मोदी ने बताया सरकार का तुगलकी फरमाने



**पटना, (हि.स.)।** बिहार सरकार द्वारा हिंदुओं के पर्व-त्योहार की छुट्टी में कटौती कर मुस्लिम के पर्व में छुट्टी बढ़ाए जाने का विरोध करते हुए पूर्व उप मुख्यमंत्री और भाजपा के राज्यसभा सदस्य सुशील कुमार मोदी मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर मुस्लिमों की छुट्टियाँ बढ़ाकर उनका वोट हासिल करने का आरोप लगाया है। उन्होंने मंगलवार को यहां कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार बिहार के हिंदुओं को जाति में बांटकर और मुस्लिमों की छुट्टियां बढ़ाकर उनका वोट हासिल करना चाहते हैं। यही कारण है कि शिक्षा विभाग ने हिंदुओं की कई छुट्टियों को रद्द कर दिया है और मुस्लिमों की छुट्टियां बढ़ा दी गई है। सुशील मोदी ने बिहार के शिक्षा विभाग द्वारा जारी वर्ष 2024 के अवकाश में कई हिंदू तीज-त्योहारों की छुट्टी खत्म करने पर आपत्ति जताई है। साथ ही मुस्लिम धर्म से जुडी छुट्टियां बढ़ाने को नीतीश कुमार की तुष्टिकरण की राजनीति का उदाहरण कहा है।

उल्लेखनीय है कि बिहार में शिक्षा विभाग की ओर से जारी अवकाश की तालिका में अगले वर्ष प्रमुख हिंदू त्योहार जैसे शिवरात्रि, रामनवमी, श्रावण की अंतिम सोमवारी, तीज, जिउतिया, जन्माष्टमी, अनंत चतुर्दशी, भैया दूज, गोवर्धन पूजा, गुरुनानक जयंती, कार्तिक पूर्णिमा के अवकाश को खत्म कर दिया गया है। होली के अवकाश को तीन से दो, दुगार्पूजा के छह से तीन, दीवाली व छठ की आठ से चार दिन कर दिया गया है। वहीं, ईद पर अवकाश दो से तीन दिन, बकरीद की दो से तीन तथा मुहर्रम की एक से दो दिन कर दिया गया है। इसे लेकर बिहार की राजनीति में बयानबाजी शुरू हो गयी है।

# अब विंध्यधाम आने वाले श्रद्धालुओं को जल्द ही जाम से मिलेगी मुक्ति



**मीरजापुर, (हि.स.)।** अब विंध्यधाम आने वाले श्रद्धालुओं को जल्द ही जाम से मुक्ति मिलेगी और उनकी राह आसान होगी। चौड़ी व खाली सड़कें तो होंगी ही, समय की भी बचत होगी। श्रद्धालु सड़क से ही विंध्यवासिनी मंदिर के शिखर पर लगे पताका का दर्शन कर सकेंगे। यही नहीं, विंध्याचल मार्ग से गुजरने वाले श्रद्धालु भी मां का आशीर्वाद प्राप्त कर सकेंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के ड्रीम प्रोजेक्ट विंध्य कॉरिडोर निर्माण के लिए मकानों से घिरे विंध्यवासिनी मंदिर को मुक्त कराया गया तो दर्शनार्थियों को काफी सुविधा होने लगी। वहीं अब एक और समस्या से दर्शनार्थियों को निजात मिलेगी। दरअसल, दूर-दराज से विंध्यधाम आने वाले छोटे-बड़े वाहन घंटों में जाम में फंसे रहते थे। इससे दर्शनार्थियों को काफी परेशानी होती थी, लेकिन अब दर्शनार्थियों को संकरी व उबड़-खाबड़ सड़क से मुक्ति मिलेगी। बंगाली तिराहा से रेहड़ा पुलिया तक व रेहड़ा पुलिया से अटक चौक तक 70 फीट चौड़ा फोरलेन सड़क इन समस्याओं से निजात दिलाएगा। विंध्यकॉरिडोर के अंतर्गत सड़कों का चौड़ीकरण भी होना है। मंदिर पहुंचने वाले वीआईपी मार्ग, पुरानी वीआईपी मार्ग को चौड़ा करने के लिए राजस्व कर्मियों ने नापी शुरू कर दी है। प्रयागराज-मीरजापुर राष्ट्रीय राजमार्ग से पटेंगरा चौराहा होते हुए पुरानी वीआईपी गेट तक 50 फीट चौड़ा मार्ग बनाने के लिए कार्य शुरू हो चुका है। पीडब्ल्यूडी के जेई प्रवीण चौहान ने बताया कि पुरानी वीआईपी शौचालय से लेकर पटेंगरा चौराहा होते हुए प्रयागराज-मीरजापुर हाईवे तक मार्ग को 50 फीट चौड़ा किया जाना है। इसके लिए दोनों तरफ नापी कर रिपोर्ट शासन को भेजा जाएगा। शासन की स्वीकृति के बाद कार्य जल्द शुरू किए जाएंगे। सड़क चौड़ीकरण होने से विंध्याचल आने वाले दर्शनार्थी सीधे पुरानी वीआईपी मार्ग से मंदिर की ओर पहुंच जाएंगे। यही नहीं, जगह-जगह लगे साइन बोर्ड दर्शनार्थियों को गाइड करेंगे। इससे उन्हें कोई परेशानी नहीं होगी।

# आजादी के बाद बतरे नदी पर बनेगा पुल, विधायक कमलेश ने रखी आधारशिला



**पलामू, (हि.स.)।** जिले के हरिहरगंज प्रखंड क्षेत्र का कोई भी गांव मूलभूत सुविधाओं से वंचित नहीं होगा। यह बात क्षेत्रीय विधायक सह एनसीपी प्रदेश अध्यक्ष कमलेश कुमार सिंह ने मंगलवार को प्रखंड के सुदूरवर्ती कुल्हिया पंचायत के लादी बादी बरवाडीह बतरे नदी पर मुख्यमंत्री ग्राम सेतु योजना के तहत बनने वाली पुल निर्माण का शिलान्यास के बाद लोगों को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि आजादी के बाद से अब तक इस नदी पर पुल का निर्माण नहीं हो सका था। सदियों से उपेक्षित गांवों में विकास की किरण पहुंचाना मेरा उद्देश्य है। पुल के निर्माण से लादी बादी, कोठिला, कुल्हिया, जगदीशपुर, शिकारपुर, नौडीहा कला, फुलवरिया सहित दर्जनों गांव के लोगों का बरसात के दिनों में मुख्य मार्ग से संपर्क नहीं कटेगा। उल्लेखनीय है कि एनसीपी के प्रदेश प्रवक्ता सूर्या सिंह ने उक्त गांव में कुछ माह पहले ग्रामीणों के समक्ष जल्द पुल निर्माण करने का वादा किया था, जिसका आज शिलान्यास किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता राकांपा प्रखंड अध्यक्ष मनीष कुमार व संचालन प्रदेश उपाध्यक्ष अखिलेश मेहता ने किया। इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि अजीत, जिला अध्यक्ष संदीप पासवान, नीतू सिंह, जिला सचिव अजय, मुखिया सरोज प्रसाद, राजेश्वर सिंह, शिक्षक सुरेश सिंह, रौनक सिंह, लालबाबू सिंह, जनेश्वर भुइयां, रामप्रवेश भुइयां, 20 सूत्री अध्यक्ष रविंद्र सिंह, कापेश्वर सिंह, डॉ प्रमोद कुमार, उदय सिंह, बब्लू सिंह, मंटू मेहता, ललेंद्र यादव, सुनील मेहता, सुनील सिंह सहित सैकडी की संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

# सरकार के कॉलेज शिक्षक विरोधी कदम का करेंगे डटकर विरोध : प्रो अंजनी

## कॉलेज शिक्षक संघ सरकार ने 5 घंटे काम कर दूसरे कॉलेजों में पढाने के परिपत्र का किया विरोध, होगा आंदोलन



**नवादा, (हि. स.)।** नवादा जिले के प्रसिद्ध त्रिवेणी सत्यभामा कॉलेज हिसुआ में कॉलेज शिक्षक संघ के सचिव डॉक्टर अंजनी कुमार की अध्यक्षता में मंगलवार को प्राध्यापकों ने बैठक का आयोजन कर राज्य सरकार के अधिकारियों द्वारा 21 नवंबर को जारी प्रपत्र, जिसमें 5 घंटे तक अपने कॉलेज में काम करने तथा जिस कॉलेज में शिक्षक नहीं है वहां जाकर क्लास लेने जैसे निर्णय को यूजीसी के मानदंडों के विरोधी तथा गैरकानूनी बताते हुए इसके विरोध में चरणबद्ध आंदोलन करने की चेतावनी दी है। कॉलेज शिक्षकों को संबोधित करते हुए डॉक्टर अंजनी कुमार ने कहा कि फुटाब अपने 30 नवंबर तक इस गैर कानूनी पत्र को वापस लेने का सरकार को अल्टीमीटर दिया है। जिस पर हम शिक्षक गण कायम है। उन्होंने मगध विश्वविद्यालय के साथ ही राज्य के सभी विश्वविद्यालयों के प्राचार्य व शिक्षकों तथा कुलपतियों को सरकार के इस पत्र का विरोध करने में सहभागी बनने का आह्वान करते हुए इसके लिए करो या मरो के तर्ज पर आंदोलन चलाने की भी बात कही है। प्रोफेसर अंजनी ने सरकार के अधिकारी द्वारा जारी इस परिपत्र को यूजीसी के संशोधित अधिनियम 2005 तथा 2018 के विरुद्ध बताते हुए इसके विरुद्ध जमकर संघर्ष की भी चेतावनी थी।

उन्होंने कहा कि सरकार की परिपत्र से उच्च शिक्षा की स्वायत्तता पर एक बड़ा सवाल खड़ा किया गया है। जिसे कॉलेज शिक्षक किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं करेंगे। उन्होंने कहा कि चट्टानी एकता के साथ कॉलेज शिक्षक सरकार को मुंहतोड़ जवाब देने के लिए तैयार हैं, अगर वह अपना परिपत्र वापस नहीं लेती है। उन्होंने इस परिपत्र को सरकार के शिक्षा विरोधी कदम बताते हुए कठोर शब्दों में निंदा भी की। इस अवसर पर प्रोफेसर सुनील कुमार, डॉ देवेंद्र प्रसाद सिंह, प्रोफेसर मिथिलेश पासवान, प्रोफेसर सुंदर शर्मा, डॉक्टर उमेश प्रसाद सिंह आदि उपस्थित थे। सभी प्राध्यापकों ने हाथ उठाकर इस प्रस्ताव के लिए जान देकर भी संघर्ष करने का संकल्प लिया है। उन्होंने अन्य कॉलेज के शिक्षकों को भी बैठक कर सरकार द्वारा जारी परिपत्र का विरोध करने का आह्वान करते हुए सड़क पर उतरने की बात कही है।

संपादकीया

## ढाई-ढाई साल के मेयर

**नगर** निगमों की संरचना और तात्पर्य की प्रासंगिकता में हम मेयरों को चुनते हुए पार्षद, पार्षदों की गणना में सियासत, सियासत के दर्पण में नागरिक समाज की उम्मीदों को देख सकते हैं। पालमपुर और मंडी में ढाई साल बाद फिर बजा डंका और हमने देखा राजनीति को नाचते और लड्डू बांटते। यानी शहर पटरी पर आया या नहीं सियासत ने नगर निगमों को अपनी शक्ति में चिन्हित कर लिया। पालमपुर फिर कांग्रेस के नाम, तो मंडी में भाजपा के पैगाम गूंज रहे हैं। इस तरह सिद्धहस्त हुए वही नेता और वही दस्तूर जो आज तक बरकरार थे। अंतर सिर्फ सीमा के भीतर नई सीमा की तलाश में रहे। यह दीगर है कि इस बार विधायकों को ऐसा वोटिंग अधिकार दे गया, जो आगे चलकर मेयर या डिप्टी मेयर के पद को खिलौना बना सकता है। सबसे रोचक मुकाबला धर्मशाला नगर निगम के मेयर का भाग्य लिखेगा। भाजपा के आठ व कांग्रेस के पांच पार्षदों के पलड़े में दो-दो निर्दलीय पार्षद पहले भी तकदीर लिखते रहे हैं और अब बीच में विधायक का मत शृंगार करेगा या खिलवाड़, यह रोचक होगा। सोलन में कांग्रेस का बहुमत होने के बावजूद आंतरिक असंतोष है जिसे विधायक का वोट साध सकता है। यानी कहीं तो विधायक का मत खेवनहार बन सकता है। ऐसे में विपक्ष का सवाल स्वाभाविक तौर पर विधायक के मताधिकार को लेकर है। दरअसल मेयर का चुनाव अब राजनीति की कोठरी में अपनी ही कालिख से लड़ रहा है। विधायक के वोट से कोई मेयर बने या न बने, इससे क्या फर्क पड़ेगा। हर शहर को एक स्वतंत्र व सीधे जनादेश से चुने गए मेयर का इंतजार है। यह मेयर की ताकत और उसकी निष्पक्षता पर प्रहार है कि इस पद को राज्य की सियासी तस्वीर में देखा जाए। यानी हम शहरी जनता के सामने सियासी खिचड़ी उबालते हुए पार्षदों को टोलियों या तरह-तरह की बोलियों में विभक्त कर रहे हैं। न तो निगम बना देने से शहरी व्यवस्था में कोई अंतर आ रहा और न ही शहरीकरण की सीमा को लांघता अतिक्रमण रुक रहा है। अगर ढाई-ढाई साल की पारियों में सियासी परीक्षा होती रहेगी, तो हर पार्षद मेयर बनने की ख्वाहिश में केवल राजनीतिक फायदा ही देखेगा। आश्चर्य है कि भाजपा जैसी पार्टी जो राष्ट्रीय स्तर पर 'वन नेशन, वन इलेक्शन' की विचारधारा पर चलती है, हिमाचल में ढाई-ढाई साल की पारी में मेयर चुनाव का समर्थन करती है। बेशक पार्टी को विधायक के मताधिकार पर ऐतराज है और इसी को लेकर कोर्ट तक जाने की धमकी दी जा रही हो, लेकिन असली खेल में वह भी शरीक है। यह ढाई-ढाई साल की पारी रोक कर मेयर के प्रत्यक्ष चुनाव पर हामी भरी जाए, तो शहर गंदी सियासत से बन जाएंगे, वरना न जनता को उम्मीदों के अनुरूप पार्षद और न ही मेयर मिल पाएंगे। हम दरअसल उसी राजनीतिक चाबी को घुमा रहे हैं, जो नेताओं की वर्णमाला में अर्थहीन प्रतियोगिता है। हर शहरी निगम एक चिड़ियाघर की तरह देखने में करतब दिखाता है, लेकिन भीतर से खोखला व उद्देश्यहीन है। जो पार्षद अपने वार्ड की राजनीतिक मिलकीयत में भी ढोंग करके जीता होगा, वही मेयर बनकर शहर के भविष्य को ढोंगी बना सकता है। प्रदेश नगर निगमों के गठन से शहरीकरण को संबोधित कर रहा है या राजनीतिक ऊहापोह को बढ़ा रहा है। एक अनावश्यक मुकाबले में कम से कम चार शहर इस तरह नगीना तो नहीं बन सकते, बल्कि सामर्थ्यवान, आत्मनिर्भर, प्रगतिशील व नागरिक उम्मीदों से रू-ब-रू शहर बनने के लिए सशक्त मेयर संस्थान की जरूरत है। शहरों के भविष्य के लिए राजनीति के वर्तमान आंगन के बाहर स्वतंत्र जगह की तलाशी केवल प्रत्यक्ष चुनाव के तहत चुना गया मेयर ही संबोधित कर पाएगा। विडंबना यह है कि नगर निगमों के मेयर चुनाव पर उलझी सियासत के पास न तो इतना वक्त और न ही दृष्टिकोण है कि नागरिक समाज को जवाबदेह शहरी बना सके। किसी शहर की दक्षता अभी तक अपने ही कचरे से मुक्त होने की नहीं, तो हम कब दीर्घकालीन योजनाओं के तहत पर्वतीय परिवेश में प्रगति का अलख जगाएंगे। दुर्भाग्यवश नगर एवं ग्राम योजना कानून निरंतर अपाहिज व अक्षम होता जा रहा है, जबकि शहरी विकास योजनाओं का निरूपण अति दरिद्रता से हो रहा है।

> भाजपा के आठ व कांग्रेस के पांच पार्षदों के पलड़े में दो-दो निर्दलीय पार्षद पहले भी तकदीर लिखते रहे हैं और अब बीच में विधायक का मत शृंगार करेगा या खिलवाड़, यह रोचक होगा। सोलन में कांग्रेस का बहुमत होने के बावजूद आंतरिक असंतोष है जिसे विधायक का वोट साध सकता है। यानी कहीं तो विधायक का मत खेवनहार बन सकता है। ऐसे में विपक्ष का सवाल स्वाभाविक तौर पर विधायक के मताधिकार को लेकर है। दरअसल मेयर का चुनाव अब राजनीति की कोठरी में अपनी ही कालिख से लड़ रहा है। विधायक के वोट से कोई मेयर बने या न बने, इससे क्या फर्क पड़ेगा। हर शहर को एक स्वतंत्र व सीधे जनादेश से चुने गए मेयर का इंतजार है। यह मेयर की ताकत और उसकी निष्पक्षता पर प्रहार है कि इस पद को राज्य की सियासी तस्वीर में देखा जाए। यानी हम शहरी जनता के सामने सियासी खिचड़ी उबालते हुए पार्षदों को टोलियों या तरह-तरह की बोलियों में विभक्त कर रहे हैं। न तो निगम बना देने से शहरी व्यवस्था में कोई अंतर आ रहा और न ही शहरीकरण की सीमा को लांघता अतिक्रमण रुक रहा है। अगर ढाई-ढाई साल की पारियों में सियासी परीक्षा होती रहेगी, तो हर पार्षद मेयर बनने की ख्वाहिश में केवल राजनीतिक फायदा ही देखेगा।

### राशन कार्डधारकों को चावल 3 रुपए, गेहूं 2 रुपए और मोटे अनाज 1 रुपए प्रति किलो वितरण की शुरुआत की गई

## गरीबी घटी, आय असमानता भी घटे

डा. जयंतीलाल भंडारी

> भारत में गरीबी 2015-2016 के मुकाबले 2019-2021 के दौरान 25 फीसदी से घटकर 15 फीसदी आ गई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि यद्यपि गरीबी निवारण अभियान से भारत में गरीबी घटी है, लेकिन अभी भी भारत में आय की असमानता बढ़ी हुई है। यह उल्लेखनीय है कि एशिया पेसेफिक ह्यूमन डेवलपमेंट रिपोर्ट 2024 के अनुसार भारत में प्रति व्यक्ति आय वर्ष 2000 में जहां करीब 37 हजार रुपए थी, वहीं वर्ष 2022 में बढक़र करीब 2 लाख रुपए हो गई है।

**हाल** ही में केंद्र सरकार ने 80 करोड़ से अधिक पात्र लोगों को निःशुल्क खाद्यान्न वितरण की योजना आगामी पांच वर्षों यानी दिसंबर 2028 तक के लिए बढ़ा दी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मुताबिक गरीबों के सशक्तिकरण के लिए निःशुल्क खाद्यान्न की जरूरत बनी हुई है। पिछले पांच वर्षों में 13 करोड़ लोग गरीबी से बाहर निकले हैं, ऐसे में पूरे देश के गरीब लोगों को गरीबी से बाहर निकालने की दिशा में देश आगे बढ़ रहा है। निःसंदेह मुफ्त खाद्यान्न योजना की जरूरत न केवल गरीबों के सशक्तिकरण के लिए, वरन आय असमानता घटाने के लिए आवश्यक बनी हुई है।

इस परिप्रेक्ष्य में हाल ही में 6 नवंबर को संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (यूएनडीपी) के द्वारा प्रकाशित रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत में गरीबी 2015-2016 के मुकाबले 2019-2021 के दौरान 25 फीसदी से घटकर 15 फीसदी आ गई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि यद्यपि गरीबी निवारण अभियान से भारत में गरीबी घटी है, लेकिन अभी भी भारत में आय की असमानता बढ़ी हुई है। यह उल्लेखनीय है कि एशिया पेसेफिक ह्यूमन डेवलपमेंट रिपोर्ट 2024 के अनुसार भारत में प्रति व्यक्ति आय वर्ष 2000 में जहां करीब 37 हजार रुपए थी, वहीं वर्ष 2022 में बढक़र करीब 2 लाख रुपए हो गई है। गौरतलब है कि भारत में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम (एनएफएसए) 10 सितंबर 2013 को अधिसूचित हुआ है। इसका उद्देश्य नागरिकों की गरिमापूर्ण जीवन जीने के लिए वहनीय मूल्यों पर गुणवत्तापूर्ण खाद्यान्न की 5 किलोग्राम मात्रा उपलब्ध कराना है। ऐसे में इसके तहत राशन कार्डधारकों को चावल 3 रुपए, गेहूं 2 रुपए और मोटे अनाज 1 रुपए प्रति किलो वितरण की शुरुआत की गई।

कोरोना महामारी के दौरान प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना (पीएमजीकेएवाई) के तहत मुफ्त अनाज दिए जाने की भी शुरुआत की। कई बार इसकी अवधि बढ़ाने के बाद सरकार ने एक जनवरी 2023 से दिसंबर 2023 तक एक वर्ष के लिए इस योजना को राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत अनाज वितरण की योजना में मिलाने का निर्णय किया। सरकार ने चावल और गेहूं को राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत क्रमशः तीन रुपए और दो रुपए प्रति किलो की दर से बेचने के बजाय मुफ्त कर दिया।

अब वर्ष 2028 तक एक बार फिर राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम (एनएफएसए) के तहत आने वाली देश की दो-तिहाई आबादी को राशन प्रणाली के तहत मुफ्त में अनाज देने की भारत की पहल दुनिया भर में रेखांकित की जा रही है। यह कोई छोटी बात नहीं है कि विश्व बैंक और अंतरराष्ट्रीय



मुद्राकोष सहित दुनिया के विभिन्न सामाजिक सुरक्षा के वैश्विक संगठनों के द्वारा भारत की खाद्य सुरक्षा की जोरदार सराहना की गई है। आईएमएफ के द्वारा पिछले दिनों प्रकाशित रिसर्च पेपर में कोविड की पहली लहर 2020-21 प्रभावों को भी अध्ययन में शामिल करते हुए कहा गया है कि सरकार के पीएमजीकेएवाई के तहत मुफ्त खाद्यान्न कार्यक्रम ने कोविड-19 की वजह से लगाए गए लॉकडाउन के प्रभावों की गरीबों पर मार को कम करने में अहम भूमिका निभाई है और इससे अत्यधिक गरीबी में भी कमी आई है।

आईएमएफ के कार्यपत्र में कहा गया है कि खाद्य सब्सिडी कार्यक्रम कोविड-19 से प्रभावित वित्तीय वर्ष 2020-21 को छोडक़र अन्य वर्षों में गरीबी घटाने में सफल रहा है। दुनिया के अर्थ विशेषज्ञ यह कहते हुए दिखाई दे रहे हैं कि कोविड-19 के बीच भारत में खाद्यान्न के ऐतिहासिक स्तर पर पहुंचे सुरक्षित खाद्यान्न भंडारों के कारण ही देश के 80 करोड़ लोगों को लगातार मुफ्त खाद्यान्न उपलब्ध होने के कारण वे गरीबी के दलदल में फंसने से बच गए। देश में लगातार बढ़ता हुआ रिकॉर्ड खाद्यान्न उत्पादन भारत की खाद्य सुरक्षा को मजबूती प्रदान कर रहा है। चालू कृषि वर्ष 2022-23 में 3305.34 लाख टन खाद्यान्न उत्पादन का अनुमान है। लेकिन वर्ष 2023-24 में गेहूं और दलहन उत्पादन में कमी के संकेत सामने आ रहे हैं। ऐसे में देश में खाद्य सुरक्षा के साथ-साथ बढ़ती जनसंख्या के लिए अधिक खाद्यान्न की जरूरत है। संयुक्त राष्ट्र के आंकड़ों के अनुसार अप्रैल 2023 में भारत 142.86 करोड़ लोगों की आबादी के साथ चीन को पीछे छोड़ते हुए दुनिया की सबसे अधिक आबादी वाला देश बन गया है। चूंकि खाद्यान्न के केंद्रीय पूल में सालाना 780 से 800 लाख टन गेहूं और चावल की खरीद होती है। पीडीएस के तहत अनाज देने के लिए 500 से 590 लाख टन अनाज की जरूरत होती है। वर्ष 2023-24 में केंद्र ने एनएफएसए में 600 लाख टन गेहूं और चावल का आवंटन किया है। ऐसे में जब देश में अधिक खाद्यान्न उत्पादन की जरूरत है, तब खाद्यान्न को बर्बादी से बचाने के लिए खाद्यान्न भंडारण की अधिक क्षमता भी जरूरी है। इस परिप्रेक्ष्य में हाल ही में 31 मई को सरकार के द्वारा स्वीकृत नई खाद्यान्न भंडारण क्षमता योजना महत्वपूर्ण दिखाई दे रही है।

यह योजना लगभग एक लाख करोड़ रुपए के खर्च के साथ शुरू होगी। इस समय देश का खाद्यान्न उत्पादन लगभग 3100 लाख टन है, जबकि भंडारण क्षमता कुल उत्पादन का केवल 47 प्रतिशत ही है। यद्यपि भारत दुनिया का प्रमुख खाद्यान्न उत्पादक देश है, लेकिन खाद्यान्न भंडारण में बहुत पीछे है। अनाज के अन्य बड़े उत्पादक देशों चीन, अमेरिका, ब्राजील, यूक्रेन, रूस और अर्जेन्टीना के पास खाद्यान्न भंडारण क्षमता वार्षिक उत्पादन की मात्रा से कहीं अधिक है। ऐसे में देश में खाद्यान्न भंडारण की जो क्षमता फिलहाल 1450 लाख टन की है, उसे अगले 5 साल में सहकारी क्षेत्र में 700 लाख टन अनाज भंडारण की नई क्षमता विकसित करके कुल खाद्यान्न भंडारण क्षमता 2150 लाख टन किए जाने का लक्ष्य रखा गया है।

यह बात महत्वपूर्ण है कि देश में एक ओर गरीबों के कल्याण के लिए लागू की गई विभिन्न सरकारी योजनाएं मसलन सामुदायिक रसोई, वन नेशन वन राशन कार्ड, उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत पोषण अभियान, समग्र शिक्षा जैसी योजनाएं प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से गरीबी के स्तर में कमी और स्वास्थ्य व भुखमरी की चुनौती को कम करने में सहायक रही हैं। उनके कार्यान्वयन की दिशा में अभी बहुत अधिक कारगर प्रयासों की जरूरत बनी हुई है। चूंकि कोविड-19 के कारण देश में डिजिटल शिक्षा की जरूरत बढ़ गई है और इसकी अहमियत रोजगार में भी बढ़ गई है। ऐसे में गरीब एवं कमजोर वर्ग के युवाओं के लिए रोजगार के मौके जुटाने के लिए एक ओर सरकार के द्वारा डिजिटल शिक्षा के रास्ते में दिखाई दे रही कमियों को दूर करना होगा, वहीं दूसरी ओर कौशल प्रशिक्षण के साथ नए स्किल्स सीखने होंगे।

इस बात पर भी ध्यान दिया जाना होगा कि 80 करोड़ लोगों को मुफ्त अनाज के साथ उनके जीवन की गुणवत्ता बढ़ाने और उनके लिए रोजागर के अधिक अवसरों के लिए भी अधिक प्रयास करने होंगे। ऐसा होने पर ही गरीबी घटाने और आय में असमानता को कम करने में सफलता प्राप्त की जा सकेगी। फिलहाल गरीब और अमीर की आय में दिन-रात का अंतर है।

दृष्टि कोण

## ममता और गहलोत का गुजरात पर हमला एक राज्य के प्रति नफरत फैलाने के समान है

**विपक्षी** गठबंधन की ओर से कई नेता प्रधानमंत्री पद का उम्मीदवार बनने को आतुर तो दिख रहे हैं लेकिन इस पद की गरिमा और सम्मान का उन्हें जरा भी ख्याल नहीं है। प्रधानमंत्री पद की उम्मीदवारी हासिल करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अपशब्द बोलने का ऐसा सिलसिला शुरू हुआ है जोकि दिन पर दिन लोकतंत्र को शर्मसार कर रहा है। देखा जाये तो प्रधानमंत्री को अपशब्द बोलने के अभियान का नेतृत्व कांग्रेस नेता राहुल गांधी कर रहे हैं। प्रधानमंत्री बनने के लिए देश को जातिवाद की आग में झोंक देने को आतुर दिख रहे राहुल गांधी की नजर में पीएम का मतलब है पनौती मोदी। राजस्थान की एक चुनावी सभा में राहुल गांधी ने जब पीएम शब्द की अपने शब्दों में व्याख्या की तो सभी चौंक गये क्योंकि उनके परिवार से तीन लोग प्रधानमंत्री रह चुके हैं और उनकी माँ सोनिया गांधी भी प्रधानमंत्री बन गयी होतीं यदि उनके विदेशी मूल का मुद्दा ऐन वक्त पर आड़े नहीं आया होता। हम आपको यह भी बता दें



कि यह वही राहुल गांधी हैं जिन्होंने डॉ. मनमोहन सिंह के प्रधानमंत्रित्वकाल के दौरान उनका विधेयक सरेआम फाड़ कर प्रधानमंत्री पद के प्रति अपने असम्मान का खुलेआम प्रकटीकरण किया था। राहुल गांधी मोदी को पनौती कह रहे हैं तो उनकी पार्टी के रिमोट कंट्रोल से संचालित माने जाने वाले अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे प्रधानमंत्री के पिता को सार्वजनिक रूप से अपशब्द कह रहे हैं। प्रधानमंत्री पद की उम्मीदवारी की दौड़ में कहीं राहुल और खरगे आगे ना निकल जायें इसके लिए विपक्षी गठबंधन इंडी के घटक दल भी सक्रिय हो गये हैं। अगला चुनाव मोदी बनाम अरविंद केजरीवाल होने का दावा कर रही आम आदमी पार्टी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पनौतियों का सिकंदर करार देते हुए सोशल मीडिया पर पोस्ट डाल रही है। यह सब देख प्रधानमंत्री पद पाने का सपना काफी अरसे से पाले हुए बैठीं ममता बनर्जी भी सक्रिय हो गयी हैं और भाजपा तथा प्रधानमंत्री पर हमला करते हुए उन्होंने कहा है कि ''भारतीय टीम ने इतना अच्छा खेला कि उन्होंने विश्व कप में सभी मैच जीते, सिवाय उस मैच को छोड़कर जिसमें पापी लोगों ने भाग लिया था।" जाहिर है जब विपक्षी पार्टियों के बड़े नेता प्रधानमंत्री के खिलाफ ऐसे उद्गार व्यक्त कर रहे हैं तो उनके कार्यकर्ता और भी आगे जाकर टिप्पणियां करेंगे। इसलिए आप सोशल मीडिया के किसी भी मंच पर चले जाइये प्रधानमंत्री के खिलाफ अमर्यादित बातें कहने के अभियान का असर आपको वहां पर साफ दिख जायेगा। देखा जाये तो लोकतंत्र में इस बात में कुछ गलत नहीं है कि कोई राजनीतिज्ञ किसी अन्य राजनीतिज्ञ की नीति और विचारधारा से सहमत नहीं हो और उस आधार पर उसे नापसंद करे और उसका विरोध करे लेकिन देश के प्रधानमंत्री पद पर जो व्यक्ति बैठा है उसके खिलाफ अमर्यादित बातें कहना सर्वथा अनुचित है। यदि प्रधानमंत्री के खिलाफ विरोध भी प्रकट करना है तो उसे ससम्मान किया जाना चाहिए। इसके अलावा जिस तरह प्रधानमंत्री के गृह राज्य गुजरात को निशाना बनाया जा रहा है वह तो और भी गलत है। एक राज्य की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का यह कहना एक राज्य के प्रति नफरत फैलाने के समान है कि अगर क्रिकेट विश्व कप का फाइनल मैच कोलकाता या मुंबई में खेला जाता तो भारत जीत जाता। इसके अलावा राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने जिस अंदाज में मारवाड़ी और गुजराती शब्द का प्रयोग करते हुए गुजरात पर कटाक्ष किया है वह भी सर्वथा अनुचित है। जिस तरह विपक्ष के नेता गुजरात और गुजरातियों के प्रति अपनी नफरत का इजहार कर रहे हैं।

कुछ अलग

## आधुनिक समाज में वरिष्ठ नागरिक तिरस्वृत क्यों

**असहाय** बुजुर्गो के लिए काम कर रही गैर-लाभकारी संगठन हेल्पज इंडिया के अनुसार देश में लगभग 15000 वृद्धाश्रम है जिसमें 7, 00, 000 वृद्ध रहते हैं, धनवानों के वुछ आश्रमों को छोड़ दिया जाए तो अधिकतर वृद्धाश्रम अपने काम के लिए चंदे पर निर्भर करते हैं। कोरोना काल से पहले तक भारतीय रेल 60 वर्ष से अधिक या उससे अधिक आयु के पुरुषों को किराये में 40™ की छूट देती थी और महिलाएं जिनकी आयु 58 वर्ष हो गई है उनको 50™ छूट दी जाती थी, परंतु कोविड-19 महामारी के प्रसार को रोकने के बहाने 20 मार्च 2020 को वरिष्ठ नागरिकों को दी जाने वाली छूट को वापस ले लिया गया है। इसकी देखा देखी देश के सभी निजी अस्पतालों में वरिष्ठ नागरिकों को दी जाने वाली 10™ रियायतें बंद कर दी गई हैं। अब प्रश्न यह उठता है कि वृद्ध लोग बहुत आवश्यक होने पर ही ट्रेनों में सफर करते हैं और अस्पताल जाते हैं। मगर किसी भी बहाने इनको दी जाने वाली रियायतों को न दिया जाना कहां तक जायज है, जबकि देश की वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने स्वयं बताया कि सरकारी बैंकों ने पिछले पांच वर्षो में 10,09,511 करोड़ रुपए के पंसे कर्ज बट्टे खाते (एनपीए) में डाल दिए और सरकारी बैंकों को चूना लगाने वाले करोड़पतियों से कर्ज की वसूली के बजाय उसे एनपीए में डाल देना और वृद्ध लाचार वरिष्ठ नागरिकों को दी जाने वाली छूट को बंद किया जा रहा है। जीवन बीमा वंपनियां स्वास्थ्य बीमा के लिए वृद्धों को प्रीमियम में छूट देने के बजाय ज्यों-ज्यों बीमा धारक की आयु बढ़ती जाती है त्यों-त्यों बीमा वंपनियों की प्रीमियम राशि बढ़ती जाती है और बीमा धारक की आयु 70-80 वर्ष होने पर उनका स्वास्थ्य बीमा बंद हो जाता है। एक ओर जहां वृद्ध की आय के सभी रत्रोत बंद हो जाते हैं वहीं दूसरी ओर बीमार होने की हालत में अस्पतालों द्वारा दी जाने वाली रियायतें बंद कर दी जाती हैं और उनका बीमा बंद कर दिया जाता है तो बीमार बुजुर्ग जिनका अधिकांश मामलों में अंतिम ठिकाना अनाथालय या वृद्धाश्रम हो जाता है। यह वृद्ध अपना इलाज वैसे कराएं जबकि यूरोपीय देशों में वरिष्ठ नागरिकों के लिए मुफ्त मेडिकल बीमा दिया जाता है और हमारे देश में इन वृद्धों के लिए कोईं सुविधा नहीं है। प्रश्न यह उठता है कि बुजुर्गो के हितों कि रक्षा का कानून होने के बावजूद इनका इतना तिरस्कार क्यों हो रहा है। बुजुर्गो की इस दयनीय स्थिति में संरक्षण प्रदान करने के लिए वर्ष 2007 में सरकार ने मातापिता तथा वरिष्ठ नागरिक भरण पोषण कानून बनाया। परंतु हमारे सामाजिक मूल्यों में आ रही गिरावट की वजह से आज बुजुर्गो को अपनी ही संपत्ति में सुरक्षित रहने और संतानों की प्रताड़ना से बचने के लिए अदालतों की शरण में जाना पड़ रहा है। सामाजिक मूल्यों में गिरावट का ही नतीजा है कि संपत्ति के लालच में आज बेटा-बहू और बेटी द्वारा अपने माता-पिता को बेआबरू करने की घटनाएं बढ़ रही हैं, परिवारों में बुजुर्ग माता-पिता अब बोझ समझे जाने लगे हैं और उन्हें अपने ही घर से बाहर निकाल दिया जाता है या फिर इन्हें वृद्धाश्रम या अनाथलायों में रहने के लिए छोड़ दिया जाता है। वृद्ध अपने ही देश, समाज और घर-परिवार में बेगाने होते जा रहे हैं, उनकी लाचारी भरी जिदगी पर उच्चतम न्यायालय ने भी चिता व्यत्त की है और वर्ष 2018 में वेंद्र सरकार और राज्य सरकारों को निर्देश दिया कि बुजुर्गो के हितों की रक्षा के लिए बनाए गए कानूनों माता-पिता और वरिष्ठ नागरिक भरण पोषण कानून का सख्ती से पालन करे।

देश दुनीया से

## शानदार रहा भारत का विश्व कप का सफर

> पहले ही मैच में आस्ट्रेलिया को 6 विकेटों से हराने के साथ ही भारतीय टीम ने विश्व कप में अपनी जीत का शानदार आगाज किया था, जो फाइनल मुकाबले में आस्ट्रेलिया के ही हाथों 6 विकेटों से ही मिली हार के साथ ही टूटा। हालांकि रोहित शर्मा की इस टीम ने विश्व कप के कुल 11 मैचों में कई ऐसे रिकॉर्ड तोड़े तथा कुछ नए मुकाम हासिल किए, जिनका भारत को लंबे समय से इंतजार था। सबसे बड़ा रिकॉर्ड तो लगातार 10 मैचों में जीत दर्ज कराने का ही रहा। यह भारत का किसी भी आईसीसी विश्व कप में सर्वाधिक बार लगातार जीत का नया रिकार्ड है।

**19** नवम्बर को अहमदाबाद में खेले गए विश्व कप 2023 के फाइनल में आस्ट्रेलिया ने भले ही भारत पर 6 विकेटों से आसान जीत हासिल करते हुए विश्व कप जीत लिया लेकिन पूरे विश्व कप मुकाबले में इस बार भारतीय टीम का प्रदर्शन शानदार रहा, जिसे हमेशा याद रखा जाएगा। पहले ही मैच में आस्ट्रेलिया को 6 विकेटों से हराने के साथ ही भारतीय टीम ने विश्व कप में अपनी जीत का शानदार आगाज किया था, जो फाइनल मुकाबले में आस्ट्रेलिया के ही हाथों 6 विकेटों से ही मिली हार के साथ ही टूटा। हालांकि रोहित शर्मा की इस टीम ने विश्व कप के कुल 11 मैचों में कई ऐसे रिकॉर्ड तोड़े तथा कुछ नए मुकाम हासिल किए, जिनका भारत को लंबे समय से इंतजार था। सबसे बड़ा रिकॉर्ड तो लगातार 10 मैचों में जीत दर्ज कराने का ही रहा। यह भारत का किसी भी आईसीसी विश्व कप में सर्वाधिक बार लगातार जीत का नया रिकार्ड है। इससे पहले 2003 और 2015 में भारत ने लगातार 8 जीत हासिल की थी। हालांकि किसी एक टूर्नामेंट में सर्वाधिक 11 जीत का रिकॉर्ड आस्ट्रेलिया के नाम है, जिसने 2003 और 2007 में यह रिकॉर्ड बनाया था। भले ही आस्ट्रेलियाई टीम इस बार विश्व चैम्पियन बनी है लेकिन जिस प्रकार भारतीय टीम विश्व कप में शुरूआत से ही न सिर्फ लगातार जीत रही थी बल्कि सभी मुकाबलों में लगातार बहुत बड़े अंतर से जीतते हुए विपक्षी टीमों का मनोबल भी बुरी तरह से तोड़ने में सफल होती रही, उसे देखते हुए कहना गलत नहीं होगा कि इस बार के विश्व कप की सबसे मजबूत टीम भारतीय टीम ही थी। कभी जिस भारतीय टीम की बल्लेबाजी को 'फैब फाइव' के नाम से जाना जाता था, इस बार उसी भारतीय टीम की गेंदबाजी ने लगातार 10 मैचों में सफलता दिलाने में शानदार भूमिका निभाई। पूरे विश्व कप के दौरान मोहम्मद शमी, मोहम्मद सिराज और जसप्रीत बुमराह सबसे खतरनाक पेस और सीम अटैक के बेताज बादशाह के रूप में उभरे जबकि रविन्द्र जडेजा तथा कुलदीप यादव की जोड़ी सबसे खतरनाक स्पिन बॉलर्स के रूप में दुनिया के सामने आई। एक ओर जहां रिकी पोंटिंग ने इसे भारत का सर्वकालीन सबसे खतरनाक बॉलिंग अटैक बताया, वहीं इंग्लैंड के पूर्व क्रिकेटर नासिर हुसैन ने इन्हें 'फैब फाइव' के नाम से संबोधित किया। पहले मैच में भारत ने आस्ट्रेलिया को 6 विकेटों से हराया था। उसके बाद दूसरे मैच में अफगानिस्तान को 8 विकेटों से और तीसरे मैच में पाकिस्तान को तो न केवल 7 विकेटों से धूल चटाई बल्कि पूरी पाकिस्तानी टीम को 31वें ओवर में ही समेट दिया था। चौथा मैच भारत ने बांग्लादेश के खिलाफ 7 विकेटों से जीता, पांचवें मैच में न्यूजीलैंड के खिलाफ 4 विकेटों से जीत हासिल की। छठा मैच इंग्लैंड से 100 रनों से जीता, सातवें मैच में तो भारत ने श्रीलंका को केवल 55 रनों पर ही आउट करते हुए 302 रनों से मैच जीता। 8वें मैच में दक्षिण अफ्रीका को 243 रनों से, 9वें मैच में नीदरलैंड्स को 160 रनों से और 10वें मैच (सेमीफाइनल) में न्यूजीलैंड को 70 रनों से हराकर विश्व कप में लगातार बड़ी जीत हासिल की। पूरे विश्व कप टूर्नामेंट में मोहम्मद शमी ने सबसे ज्यादा 24, जसप्रीत बुमराह ने 20, रविन्द्र जडेजा ने 16, कुलदीप यादव ने 15 और मोहम्मद सिराज ने 14 विकेट लिए। तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी के लिए यह विश्व कप यादगार बन गया। दरअसल विश्व कप की शुरुआत में शमी भारतीय टीम के इलेवन में शामिल नहीं थे, उनके स्थान पर टीम प्रबंधन द्वारा शार्दुल ठाकुर को प्राथमिकता दी गई थी लेकिन जब शमी को विश्व कप में खेलने का मौका मिला तो पहले ही मैच में पांच विकेट झटककर उन्होंने हर किसी को आश्चर्यचकित कर दिया था। न्यूजीलैंड के खिलाफ सेमीफाइनल मुकाबले में शमी ने 7 विकेट लिए। हालांकि शमी ने विश्व कप के 11 में से केवल मैच ही खेले और इनमें 24 विकेट लेकर भारतीय टीम को नई ऊंचाई पर पहुंचाया। विश्व कप में आईसीसी की वनडे रैंकिंग में शुभमन गिल ने भी पाकिस्तान के बाबर आजम से आगे निकलकर शीर्ष स्थान हासिल किया। भारत के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने तो इस विश्व कप में कुछ ऐसे रिकॉर्ड भी बना डाले, जिन्हें तोड़ना असंभव सा लगता है। विश्व कप में 'प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट' अवार्ड भी उन्होंने अपने नाम किया। विश्व कप में यह अवार्ड जीतने वाले वे तीसरे भारतीय खिलाड़ी बने हैं। उनसे पहले यह अवार्ड सचिन तेंदुलकर और पूर्व दिग्गज ऑलराउंडर युवराज सिंह को मिला था।



आप का नजरीया

## चीन की नईं बीमारी क्या फिर पड़ेगी दुनिया को भारी?

**किसी** बड़े खतरे और महामारी को टालने के खातिर मास्क और प्रभावितों से दो गज की दूरी फिर जरूरी है तो क्या बुरा? कोरोना के दौरान और कोरोना के बाद के हालातों से दुनिया बड़ा सबक पहले ले चुकी है ऐसे में वैक्सीन से पहले ही आपसी समझ और परहेज से काबू हो जाए तो इससे बेहतर क्या हो सकता है? एक बार फिर पूरी दुनिया चीन में बच्चों में पैली रहस्मय बीमारी को लेकर बेहद खौफजदा है। ढ़ीठ चीन पहले की तरह ऐंठा हुआ है कि किसी नईं बीमारी के संकेत वहां नहीं मिले हैं। जो हैं सभी पहले से मालूम बैक्टीरिया-वायरस हैं जो बच्चों में पैल रहे हैं। इधर विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने जब रहस्यमयी बीमारी के बारे में पूछताछ की उसने बताया कि वुछ भी असामान्य नहीं है। यह साधारण बीमारी है। लेकिन उसकी चालबाजी यहीं समझ आती है कि जब बीमारी सामान्य है तो फिर क्यों विशेषज्ञ इसकी वजह कोविड पाबंदियों को हटाना, इन्फ्लूएंजा, बच्चों में एक आम जीवाणु सांमण यानी माइकोप्लाज्मा निमोनिया और रेस्पिरेटरी सिकाइटियल वायरस यानी आरएसवी को बताते हैं? कहीं चीन बीमारी की सच्चाईं जानकर भी दुनिया को दोबारा धोखा देने की फिराक में तो नहीं? क्यों विश्व स्वास्थ्य संगठन भी लोगों से अपील कर रहा है कि साफ-सफाईं का ध्यान रखें और श्वांस संबंधी किसी भी लक्षणों पर तुरंत डॉक्टर से मिलें! इधर पड़ोसी नेपाल ने न केवल अलर्ट जारी किया बल्कि बीमारी की जानकारी न देने पर चीन से नाराजगी भी जताईं है। कोविड-19 सरीखे लक्षणों वाली नईं बीमारी के चीन में जितने भी टेस्ट हुए हैं उनमें चीन ने कोरोना को खारिज किया गया है। लेकिन क्यों विशेषज्ञ इतने दिनों के बाद भी किसी नतीजे पर नहीं पहुंच पा रहे हैं? बीमारी वैसे पैल रही है? पिछले दो-तीन बरसों में ऐसी क्यों नहीं पैली? इसे लेकर चीन खामोश है। इसी 13 नवंबर को उसके राष्ट्रीय स्वास्थ्य आयोग ने बताया था कि वहां एक नया सांमण तेज पैल रहा है। बच्चे ज्यादा चपेट में आ रहे हैं। उत्तरी भागों में पिछले तीन बरसों के मुकाबले इस अक्टूबर मध्य से एकाएक पैल तेजी से पैर पसारा। इंफ्लूंएंजा अमूमन जल्द काबू आता है। अभी जब नहीं आया तब 21 नवंबर को तब सार्वजनिक रोग निगरानी प्रणाली (प्रोमेड) ने उत्तरी चीन में रहस्यमय न्यूमोनिया जैसी बीमारी सार्वजनिक की। देखते-देखते अस्पताल मरीजों ऐसे भरने लगे जो रुकने का नाम ही ले रहे। यहीं से चिता और चीन के पुराने झूठ और दोगलेबाजी पर ध्यान जाने लगा? इधर विश्व स्वास्थ्य संगठन ने चीन को चेताया कि बीमारी के जोखिम को कम करने खातिर टीकाकरण और मरीजों से जरूरी दूरी बनाकर क्वारांटाइन करें और ऐतिहातन जांच कराएं। मास्क पहनने और नियमित रूप से हाथ धोने जैसी बातों का पालन हो। भारत सतर्व है लेकिन ज्यादा वुछ कहने से गुरेज कर रहा है। यह सांमण महामारी बनेगाया नहीं? यह भविष्य के गर्त में है।




# भारतीय राजदूत के साथ गुरुद्वारे में हुई बदसलूकी पर अमेरिकी सिख संगठन ने जताई नाराजगी, कार्रवाई की मांग

**वाशिंगटन ।**
अमेरिका में भारत के राजदूत तरणजीत संधू के साथ हुए दुर्व्यवहार पर अमेरिका की एक सिख संस्था ने आपत्ति जताई है। संस्था ने कहा कि गुरुद्वारा प्रशासन को आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करना चाहिए। बता दें, प्रकाश पर्व के अवसर पर संधू न्यूयॉर्क के हिक्सविले गुरुद्वारा गए थे। यहां उनके साथ कुछ खालिस्तानी समर्थकों ने बदसलूकी की थी।

**गुरुद्वारों को राजनीतिक विचारों से मुक्त रहना चाहिए** - मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, मामले में सिख ऑफ अमेरिका के संस्थापक जसदीप सिंह जस्सी और अध्यक्ष कंवलजीत सिंह सोनी ने कहा कि गुरुद्वारा साहिब एक पूजा स्थल है। गुरुद्वारों को राजनीतिक विचारों से मुक्त रहना चाहिए। न्यूयॉर्क सहित पूरे अमेरिका में सिख समुदाय बिना किसी दबाव या डर के गुरुद्वारे में आ सकें। इसलिए गुरुद्वारा प्रशासन को आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करना चाहिए। आरोपियों ने गुरुद्वारा साहिब का अनादर किया है। आरोपियों ने गुरुद्वारा साहिब की पवित्रता को भंग किया है। उन्होंने कहा कि हम लॉन्ग आइलैंड स्थित गुरुद्वारे में एक सिख भक्त और अमेरिका में भारत के राजदूत तरणजीत सिंह संधू के अपमान की कड़ी निंदा करते हैं।

**कहासुनी का वीडियो सोशल मीडिया में वायरल** - खालिस्तानी समर्थकों के साथ तरणजीत संधू की कहासुनी का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो में संधू को खालिस्तानी समर्थकों के साथ भिड़ते हुए देखा जा सकता है। खालिस्तानी समर्थकों के एक समूह ने उनके साथ धक्का-मुक्की की और हरदीप सिंह निज्जर के बारे में सवाल किए। खालिस्तानी समर्थकों में से एक व्यक्ति ने गुरुद्वारे के बाहर खालिस्तानी झंडा भी लहराया।

**खालिस्तान समर्थकों की हिंसा में लगातार बढ़ोत्तरी** - गौरतलब है कि कनाडा, ब्रिटेन, ऑस्ट्रेलिया और अमेरिका समेत कई इलाकों में खालिस्तानी समर्थकों द्वारा की जानी वाली हिंसाओं की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही हैं। इससे पहले खालिस्तानियों ने जुलाई में सैन फ्रांसिस्को में भारतीय वाणिज्य दूतावास पर आगजनी की थी। भारत ने मामले के संबंध में अमेरिकी अधिकारियों से सबूत देने का आग्रह किया है। इससे पूर्व सितंबर में ब्रिटेन में भारतीय उच्चायुक्त विक्रम दोरईस्वामी को स्कॉटलैंड के ग्लासगो में एक गुरुद्वारे में प्रवेश करने से रोक दिया गया था।

## न्यूज ब्रीफ

### रूस-यूक्रेन के बीच काला सागर तट पर तूफान ने मचाई तबाही, तीन की मौत; 19 लाख लोग प्रभावित



**मॉस्को** । रूस यूक्रेन युद्ध के बीच काला सागर क्षेत्र में तूफान और बारिश ने तबाही मचा दी। तूफान के कारण सड़कों पर पानी भरने, पेड़ उखड़ने और बिजली की लाइनें गिरने के बाद रूस के कब्जे वाले क्रीमिया और यूक्रेन में पांच लाख से अधिक लोग बिना बिजली के रह रहे हैं। इतना ही नहीं, पानी भरने की वजह से कम से कम तीन लोगों की जान चली गई। यूक्रेन के ऊर्जा मंत्रालय के अनुसार, पेड़ उखड़ने और बिजली की लाइनें टूटने के चलते बिजली के सबस्टेशन फेल हो गए, जिससे क्षेत्र में लगभग 150,000 घरों में बिजली नहीं थी। ओडेसा, माइकोलाईव और कीव सहित 16 यूक्रेनी क्षेत्रों में रविवार रात और सोमवार सुबह दो हजार से अधिक कस्बों और गांवों में बिजली नहीं थी। रूस की राष्टीय मौसम विज्ञान सेवा के प्रमुख का कहना है कि क्रीमिया में आया तूफान सबसे शक्तिशाली था। इसकी वजह से एक व्यक्ति की मौत रिसॉर्ट शहर, दूसरे की रूस के कब्जे वाले क्रीमिया और तीसरे की मौत केर्च में एक जहाज पर हुई, जो क्रीमिया को रूसी मुख्य भूमि से अलग करती है। रूस के ऊर्जा मंत्रालय ने कहा कि दागेस्तान, क्रास्नोडार और रोस्तोव के दक्षिणी रूसी क्षेत्रों और डोनेट्स्क, लुहान्स्क, खेरसॉन, जापोरिजिया और क्रीमिया के कब्जे वाले यूक्रेनी क्षेत्रों में बिजली कटौती से लगभग 19 लाख लोग प्रभावित हुए हैं। रिपोर्ट के अनुसार, इसके बाद क्रीमिया के मॉस्को द्वारा नियुक्त गवर्नर ने आपातकाल की स्थिति घोषित कर दी है। तूफान के खतरनाक प्रभाव को देखते हुए सैकड़ों लोगों को सुरक्षित जगह पर पहुंचाया गया है। रिपोर्ट के अनुसार, यूक्रेन के बंदरगाह शहर ओडेसा में रविवार रात एक ताप और बिजली संयंत्र की 110 मीटर (360 फीट) चिमनी ढह गई, जिससे यूक्रेन के ऊर्जा बुनियादी ढांचे को नुकसान हुआ। यूक्रेन के पावर ग्रिड को निशाना बनाने वाले मास्को के सैन्य अभियान से ओडेसा को पहले ही भारी क्षति हो चुकी है।

### यूरोप ही दुनिया नहीं है, रूसी विदेश मंत्री ने बदलती वैश्विक व्यवस्था पर जयशंकर का किया समर्थन

**मॉस्को** । रूसी विदेश मंत्री सर्गेइ लावरोव ने अपने एक बयान में भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर के




बदलती वैश्विक व्यवस्था पर दिए बयान का समर्थन किया है। लावरोव ने कहा कि दुनिया यूरोप ही नहीं है बल्कि इससे कहीं ज्यादा है। लावरोव ने कहा कि वैश्विक मंच पर ग्लोबल साउथ और ग्लोबल ईस्ट का उभार हो रहा है। मॉस्को स्थित प्राइमाकोव रीडिंग्स इंटरनेशनल फोरम में बोलते हुए रूसी विदेश मंत्री ने कहा कि आज दुनिया में बदलाव हो रहा है। पहले कुछ देशों को ही वैश्विक अहमियत मिलती थी और वो खासकर पश्चिमी देश होते थे और इसकी वजह भी थी। लावरोव ने कहा कि आज वैश्विक मंच पर नए खिलाड़ी उभर रहे हैं और इनमें ग्लोबल साउथ और ग्लोबल ईस्ट प्रमुख हैं और इनकी संख्या भी बढ़ती जा रही है। रूसी विदेश मंत्री ने कहा कि यह सही मायने में वैश्विक बहुमत है। अब देश अपने राष्ट्रीय हितों को प्राथमिकता देते हैं ना कि किसी दूसरे देश के हितों को। रूस-यूक्रेन युद्ध के चलते रूस पर पश्चिमी देशों ने कड़े प्रतिबंध लगाए हुए हैं। वहीं पश्चिमी देश खुलकर यूक्रेन का समर्थन कर रहे हैं। ये भी वजह है कि रूसी विदेश मंत्री पश्चिमी देशों पर निशाना साधते रहते हैं। बता दें कि बीते दिनों भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा था कि यूरोप को उस मानसिकता से बाहर आने की जरूरत है, जिसमें उन्हें लगता है कि यूरोप की दिक्कतें दुनिया की दिक्कतें हैं और जो दुनिया की दिक्कतें हैं, वो यूरोप की परेशानी नहीं है।

### पाकिस्तान में कांपी धरती, भारत के भी कुछ इलाके जद में; इन देशों में भी आया भूकंप

**इस्लामाबाद** । दुनिया के अलग-अलग हिस्सों में मंगलवार सुबह भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए। राष्टीय भूकंप विज्ञान केंद्र के मुताबिक, पाकिस्तान में सुबह 03 : 38 बजे रिक्टर पैमाने पर 4.2 तीव्रता का भूकंप आया। इसका असर भारत के भी कुछ हिस्सों पर रहा। इसके अलावा सुबह 03 : 16 बजे न्यू गिनी के उत्तरी तट पर रिक्टर पैमाने पर 6.5 तीव्रता का भूकंप आया और सुबह 03 : 45 बजे जिजांग में रिक्टर पैमाने पर 5.0 तीव्रता का भूकंप आया। फिलहाल किसी तरह के नुकसान की खबर नहीं है। पृथ्वी के अंदर 7 प्लेट्स हैं, जो लगातार घूमती रहती हैं। जहां ये प्लेट्स ज्यादा टकराती हैं, वह जोन फॉल्ट लाइन कहलाता है। बार-बार टकराने से प्लेट्स के कोने मुड़ते हैं। जब ज्यादा दबाव बनता है तो प्लेट्स टूटने लगती हैं। नीचे की ऊर्जा बाहर आने का रास्ता खोजती हैं और डिस्टर्बेंस के बाद भूकंप आता है। भूकंप का केंद्र उस स्थान को कहते हैं जिसके ठीक नीचे प्लेटों में हलचल से भूगर्भीय ऊर्जा निकलती है। इस स्थान पर भूकंप का कंपन ज्यादा होता है।

# पन्नू की हत्या की कोशिश, निज्जर मर्डर केस में भारत की प्रतिक्रिया में फर्क! उच्चायुक्त ने बताई वजह




**ओटावा ।**
अमेरिका में खालिस्तानी आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नूं की हत्या की कोशिश और कनाडा में आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की मौत के मामले में भारत की तरफ से अलग-अलग प्रतिक्रियाओं को लेकर पहली बार किसी उच्चस्तरीय अफसर ने बयान दिया है। कनाडा में भारत के उच्चायुक्त संजय कुमार वर्मा ने भारत की ओर से दोनों मामलों में जांच की नीति को स्पष्ट किया। उन्होंने कहा कि अमेरिका की तरफ से पन्नूं की हत्या के प्रयासों के मामले में दिए गए इनपुट कानूनी तौर पर देखने योग्य थे। हालांकि, निज्जर की हत्या के मामले में कनाडा ने भारत के साथ सिर्फ आरोप ही साझा किए। भारतीय उच्चायुक्त ने यह भी साफ किया कि अमेरिका की तरफ से पन्नूं मामले में जो आरोप लगाए गए हैं, वह भारत सरकार को लेकर नहीं हैं, बल्कि भारत से जुड़े लोगों को लेकर हैं। गौरतलब है कि हाल ही में एक अमेरिकी अखबार ने अधिकारियों के हवाले से दावा किया था कि अमेरिका ने अपनी जमीन पर आतंकवादी गुरपतवंत सिंह पन्नू को मारने के प्रयास को नाकाम किया है और उसने इस साजिश को लेकर भारत को अलर्ट दिया है। अमेरिका की तरफ से आई इस चेतावनी पर विदेश मंत्रालय ने कहा था कि वह इन इनपुट्स को पूरी गंभीरता से देख रहा है और संबंधित विभाग इसकी जांच कर रहे हैं। दूसरी तरफ कनाडा में खालिस्तानी आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के मामले में भारत की प्रतिक्रिया काफी अलग रही। कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो की तरफ से खुद इस मामले में आरोप लगाए जाने के बावजूद भारत ने साफ किया है कि उसे अब तक निज्जर की हत्या के मामले में कोई पुख्ता सबूत नहीं मिले हैं। विदेश मंत्रालय ने निज्जर मामले में कनाडा के आरोपों को नकारते हुए सबूत मिलने के बाद ही मामले में पुख्ता जांच के लिए कदम उठाने की बात कही है।

**अमेरिका से मिले इनपुट्स पर क्या बोले भारतीय उच्चायुक्त** - उच्चायुक्त वर्मा ने अमेरिका और कनाडा के मामलों में भारत की प्रतिक्रिया को लेकर फर्क पर स्पष्टीकरण दिया है। उनसे जब अमेरिका की तरफ से दिए गए इनपुट्स पर सवाल पूछा गया तो उन्होंने कहा, अमेरिका से मिले इनपुट गैंगस्टर्स, ड्रग पेडलर्स (नशा बेचने वाले), आतंकियों और गुंडों के गठजोड़ को लेकर हैं और यह माना जा रहा है कि इनका भारत से कुछ कनेक्शन है। अब जब मैं कहता हूं कि भारत से कनेक्शन तो इसका यह मतलब नहीं कि भारत सरकार से कनेक्शन। भारत में 1.4 अरब लोग रहते हैं, तो अमेरिका में हुई घटना का भारत से कुछ कनेक्शन है। हम मामले में जांच के लिए तैयार हैं, क्योंकि हमें कानूनी तौर पर देखने योग्य इनपुट्स मिले हैं। हालांकि, वर्मा ने साफ किया कि वे इस जांच को लेकर ज्यादा जानकारी नहीं रखते, क्योंकि कनाडा के उच्चायुक्त होने की वजह से वे अमेरिका-भारत के रिश्तों की निगरानी नहीं करते। हालांकि, उन्होंने कहा कि अगर मामले में जांच शुरू हुई है तो इसका मतलब है कि भारत के साथ अमेरिका ने ज्यादा बेहतर जानकारी साझा की है। दूसरी तरफ कनाडा में निज्जर हत्या मामले को लेकर वर्मा ने कहा, दोनों देशों के बीच इसे लेकर बातचीत हुई है। लेकिन हमें मामले में जांच के लिए अपने कानूनी प्राधिकारियों के पास वापस जाने के लिए कुछ पुख्ता सबूत चाहिए थे, ताकि उनसे जांच की मंजूरी हासिल की जा सके।

### चीन के खिलाफ रणनीति बनाने में अहम भारतीय अमेरिकी सांसद कृष्णमूर्ति, फॉरेन पॉलिसी मैगजीन ने लिखा लेख

**वॉशिंगटन** । भारतीय अमेरिकी सांसद राजा कृष्णमूर्ति पर प्रतिष्ठित मैगजीन फॉरेन पॉलिसी में एक लेख लिखा गया है। दरअसल राजा कृष्णमूर्ति (50 वर्षीय) चीन के खिलाफ अमेरिकी नीति बनाने में अहम भूमिका निभा रहे हैं। राजा कृष्णमूर्ति और माइक गैलघेर अमेरिकी संसद की सलेक्ट कमेटी के सदस्य हैं। यह समिति अमेरिका और चीन की कम्युनिस्ट पार्टी के बीच की प्रतिद्वंदिता पर नीति बनाती है। मैगजीन में कृष्णमूर्ति और गैलघेर दोनों पर संयुक्त रूप से लेख लिखा गया है। बता दें कि इस साल फरवरी में ही यह समिति गठित की गई थी। इस समिति का उद्देश्य है कि यह अमेरिका के आर्थिक, तकनीकी और सुरक्षा मामले में चीन से प्रतिद्वंदिता पर नजर रखती है और इससे संबंधित नीतियां बनाती है। अमेरिकी संसद की किसी समिति में बतौर रैंकिंग सदस्य या अध्यक्ष बनने वाले राजा कृष्णमूर्ति पहले दक्षिण एशियाई मूल के व्यक्ति हैं। मैग्जीन के लेख में लिखा गया है कि यह समिति चीन पर कांग्रेस की नीति का धड़कता हुआ दिल है। लेख में लिखा गया है कि यह समिति भविष्य के लिए जो नीतियां बनाएगी, उन्हीं पर अमेरिका आगे बढ़ेगा। कृष्णमूर्ति ने सोशल मीडिया पर साझा किए एक पोस्ट में लिखा कि गैलघेर के साथ काम करने और चीनी कम्युनिस्ट पार्टी द्वारा पेश किए जाने वाली चुनौती से निपटने में आनंद आ रहा है। हम दोनों के सहयोग से काफी कुछ अच्छा होगा और मैं ये देखने के लिए उत्सुक हूं कि भविष्य में क्या क्या होगा।

अमेरिकी चुनाव में अवैध अप्रवासी बने मुद्दा

# ट्रंप का एलान- सरकार बनने पर आव्रजन पर लगाएंगे रोक



**वॉशिंगटन ।**
अमेरिका में 2024 में होने वाले चुनाव में राष्ट्रपति पद के दावेदार डोनाल्ड ट्रंप ने एलान किया है कि अगर उनकी सरकार बनी तो अवैध अप्रवासियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई होगी। बता दें कि पूर्व में अपने राष्ट्रपति कार्यकाल के दौरान भी डोनाल्ड ट्रंप ने अप्रवासियों पर कड़ा रुख अपनाया था। ट्रंप की नीतियों के चलते कई अवैध अप्रवासी परिवारों को अलग होना पड़ा था, जिसे लेकर ट्रंप की खूब आलोचना भी हुई थी। इस बार भी ट्रंप अप्रवासियों के खिलाफ कड़ा रुख अपनाने की बात कर रहे हैं लेकिन उनके संभावित सहयोगी इसे लेकर अभी से चिंतित नजर आ रहे हैं।

### ट्रंप की जीरो टोलेरेंस की नीति ने सहयोगियों की बढ़ाई चिंता

बता दें कि ट्रंप सरकार के पूर्व पांच अधिकारी और सहयोगियों ने ट्रंप की अवैध अप्रवासियों के खिलाफ जीरो टोलेरेंस की नीति को लेकर चिंता जाहिर की है। उनका कहना है कि इस नीति को लेकर उन्हें जनता के गुस्से का शिकार होना पड़ सकता है। ट्रंप की पूर्व की सरकार में अप्रवासी मामलों के अधिकारी रहे टॉम होमैन का कहना है कि अप्रवासियों के मामले में जीरो टोलेरेंस की नीति के चलते कई परिवारों को अलग होने का दंश झेलना पड़ा था, जिससे खूब हंगामा हुआ था। ऐसे में बेहतर होगा कि कार्रवाई के दौरान सभी अप्रवासियों को रिहायशी सेंटर में एक साथ रखा जाए और इस दौरान उनके मामलों की सुनवाई हो।

### 2024 के चुनाव में अवैध अप्रवासी बने अहम मुद्दा

बता दें कि रिपब्लिकन पार्टी की तरफ से डोनाल्ड ट्रंप प्रमुख उम्मीदवार हैं, जो अगले साल होने वाले राष्ट्रपति चुनाव में जो बाइडन को चुनौती दे सकते हैं। ट्रंप ने अपने चुनाव प्रचार में सीमा सुरक्षा और अवैध अप्रवासियों को बड़ा मुद्दा बनाया है। ट्रंप अपने 2017-2021 तक के कार्यकाल में वैध और अवैध अप्रवासियों दोनों के खिलाफ सख्त रहे।

# भारत को मिलने वाले प्रीडेटर ड्रोन्स में लगी हो सकती है फ्रांस की खतरनाक मिसाइल



**बोरेस ।**
भारत को मिलने वाले एमक्यू-9बी प्रीडेटर ड्रोन्स में फ्रांस की खतरनाक मिसाइल ब्राइमस्टोन को लगाया जा सकता है। इस पर विचार किया जा रहा है। यूरोपीय रक्षा कंपनी एमबीडीए का कहना है कि वह अपनी मिसाइल ब्राइमस्टोन को भारत को मिलने वाले एमक्यू-9बी प्रीडेटर सशस्त्र ड्रोन पर एकीकृत करने की संभावना पर विचार करने के लिए तैयार है।

### क्यों खास है ब्राइमस्टोन मिसाइल

एमबीडीए की ब्राइमस्टोन मिसाइल की लंबाई करीब दो मीटर है। इसमें आधुनिक एयरफ्रेम और अपडेटेट सॉफ्टवेयर लगाया गया है। इसे मिलिस्ट्री व्हिकल से लेकर हवा तक से लॉन्च किया जा सकता है। जमीन से लॉन्च करने पर इसकी मारक रेंज 13 किलोमीटर तक है। इस दायरे में आने वाले दुश्मन को तबाह कर देती है। अगर एयरक्राफ्ट से इसे फायर किया जाएगा तो इसकी रेंज 60 किलोमीटर तक होगी। अगर हेलिकॉप्टर से इसको दुश्मन पर छोड़ा जाएगा तो ये 40 किलोमीटर के दायरे में अचूक निशाना लगाएगी।

### तीन अरब डॉलर का सौदा

सशस्त्र बलों के निगरानी तंत्र को मजबूत करने के लिए भारत का रक्षा मंत्रालय अमेरिका से तीन अरब डॉलर में 31 प्रीडेटर (एमक्यू-9बी सीगार्डियन) ड्रोन खरीद रहा है। यह सौदा प्रक्रिया में है। एमबीडीए के अधिकारियों ने एक सवाल के जवाब में कहा, हम भारत द्वारा खरीदे जा रहे एमक्यू-9बी प्रीडेटर ड्रोन पर ब्राइमस्टोन मिसाइलों के एकीकरण के किसी भी प्रस्ताव पर विचार करने के लिए तैयार हैं।

### ब्रिटेन पहले ही ले चुका है फैसला

ब्रिटेन ने पहले ही रॉयल एयर फोर्स (आरएएफ) के एमक्यू-9 बी ड्रोन के बेड़े में ब्राइमस्टोन मिसाइलों को लोड करने का फैसला किया है ताकि उनकी क्षमताओं को बढ़ाया जा सके। अधिकारियों ने बताया कि मिसाइल को अफगानिस्तान और लीबिया में तैनात किया गया था और यह सर्जिकल स्ट्राइक करने की अपनी क्षमता के लिए काफी पसंद किया गया।

# यहूदी महिला पर हमले के आरोप में दो महिलाएं गिरफ्तार, इजराइली पोस्टर फाड़ने पर हुआ विवाद

**न्यूयॉर्क ।**
अमेरिका के न्यूयॉर्क में एक यहूदी महिला पर दो महिलाओं द्वारा हमला करने का मामला सामने आया है। दरअसल यहूदी महिला ने दोनों आरोपी महिलाओं को इजराइली बंधकों के पोस्टर फाड़ने से मना किया था। इसे लेकर विवाद हुआ और दोनों आरोपी महिलाओं ने यहूदी महिला से मारपीट की। फिलहाल पुलिस ने दोनों आरोपी महिलाओं को घृणा अपराध के आरोप में गिरफ्तार कर लिया है।




### क्या है मामला

खबर के अनुसार, पीड़िता 41 वर्षीय यहूदी महिला है, जिन पर न्यूयॉर्क के रिवरसाइड ड्राइव और वेस्ट 82 स्ट्रीट के कोने पर 9 नवंबर की रात करीब 10 बजे हमला हुआ। आरोपी महिलाओं की पहचान महविश ओमर (26 वर्षीय) और स्टेफिनी गोंजालेज (25 वर्षीय) के रूप में हुई है। पुलिस ने दोनों आरोपी महिलाओं के खिलाफ घृणा अपराध के साथ ही लूटपाट का भी मामला दर्ज किया है। दरअसल जब पीड़िता ने दोनों महिलाओं से इजराइली बंधकों के पोस्टर ना फाड़ने को कहा तो दोनों ने उस पर हमला कर दिया।

इस दौरान पीड़िता के गले की चेन झपट ली गई और उसके सिर पर सेलफोन से हमला किया गया। आरोपी महिलाओं ने पीड़िता के मोबाइल को भी छीनकर उसे तोड़ दिया। पीड़िता को इस घटना में गले और चेहरे पर चोटें आई हैं। न्यूयॉर्क पुलिस का कहना है कि दोनों आरोपी महिलाओं का पूर्व में आपराधिक रिकॉर्ड नहीं है। आरोपी महिला ओमर को हाल ही में न्यूयॉर्क के मैनहेट्टन क्रिमिनल कोर्ट में पेश किया गया, जहां ओमर के वकील ने तर्क दिया को ओमर और पीड़ित महिला के बीच बहस हुई थी, जिसके चलते मारपीट हुई।

### इजराइल हमास युद्ध के बाद से बढ़े घृणा अपराध के मामले

बता दें कि गाजा पट्टी में जब से इजराइल और हमास के बीच युद्ध छिड़ा है, तब से पूरी दुनिया में यहूदियों के खिलाफ घृणा अपराध की घटनाएं बढ़ गई हैं। सोशल मीडिया पर भी ऐसी घटनाएं बढ़ गई हैं। खुद शीर्ष उद्योगपति एलन मस्क पर यहूदी विरोध के आरोप लगे हैं, जिसके चलते उन्हें पूरी दुनिया में आलोचना झेलनी पड़ी है।

# किर्बी बोले- युद्धविराम से हमास को हो सकता है फायदा, अमेरिकी बंधकों की रिहाई की जताई उम्मीद

**वाशिंगटन ।**
इजराइल और हमास के बीच भारी युद्ध के बाद थोड़ी राहत है। हमास और इजराइल के बीच युद्धविराम है। फलस्तीनी नागरिकों की रिहाई के बदले हमास इजराइली बंधकों को रिहा कर रहा है। इस बीच अमेरिका का कहना है कि उन्हें उम्मीद है कि अब अगली रिहाई में अमेरिकी बंधक भी शामिल हो सकते हैं। बता दें, सात अक्तूबर को हमास के हमले के बाद से चार दिन पहले तक इजराइल और हमास के बीच युद्ध चल रहा था। युद्ध में अब तक 15 हजार से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है।



### युद्ध विराम को बताया जोखिम

व्हाइट हाउस के राष्ट्रीय सुरक्षा प्रवक्ता जॉन किर्बी ने कहा कि गाजा में युद्ध विराम से हमास को फायदा हो सकता है। हमास के आंतकियों ने गाजा में मानवीय विराम के विस्तार का स्वागत किया है। यह एक जोखिम भी हो सकता है। इसके अलावा, किर्बी ने उम्मीद जताई है कि अगले दो दिनों में रिहा होने वाले 20 बंधकों में अमेरिकी नागरिक भी शामिल हो सकते हैं। हमास ने करीब आठ-नौ अमेरिकी नागरिकों को भी बंधक बनाया हुआ है।

### युद्ध विराम आगे बढ़ाने के लिए सहमति

इजराइल-हमास के बीच मध्यस्थता की भूमिक निभा रहे कतर ने कहा कि दोनों ने युद्ध विराम को बढ़ाने के लिए सहमति जताई है। इस दौरान बंधकों की रिहाई संभव है। कतर के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता माजिद अल अंसारी ने कहा कि गाजा में मानवीय संघर्ष को दो दिन और बढ़ाने के लिए सहमति बनी है। इजराइली मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, कतर की घोषणा का मतलब है कि कम से कम दस और इजराइली बंधकों को मंगलवार (पश्चिम एशिया के स्थानीय समय के मुताबिक) रिहा किया जाएगा। अन्य दस बंधकों को बुधवार को रिहा किया जाएगा। इसी के साथ हर दिन इजराइल 30 फलिस्तीनी कैदियों को भी रिहा करेगा।

### अब तक 50 से ज्यादा बंधक ही रिहा

इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के कार्यालय ने बताया कि उन्होंने सोमवार को रिहा किए गए बंधकों की जानकारी उनके परिजनों को दे दी है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, चार दिन के युद्ध विराम के दौरान इजराइल ने 117 फलस्तीनी बंधकों को रिहा किया। इसके बदले हमास ने 58 बंधकों को रिहा किया।

### अब तक 15 हजार से अधिक लोगों की मौत

बता दें कि इजराइल और हमास का हिंसक संघर्ष बीते सात अक्तूबर को शुरू हुआ था। इस लड़ाई में अब तक 15 हजार से अधिक लोग मारे जा चुके हैं। हमास के आतंकी हमलों के जवाब में इजराइली डिफेंस फोर्स गाजा के आतंकी ठिकानों पर लगातार हमले कर रही है। हमास के कब्जे वाले गाजा में स्वास्थ्य मंत्रालय का दावा है कि अब तक 12 हजार से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है। दूसरी तरफ इजराइली पक्ष में 1200 लोगों की मौत हुई है।

### महिला के भारतीय लहजे की नकल पर पुलिसकर्मी कदाचार का दोषी; फैसले से पहले ही दे दिया था इस्तीफा

**लंदन** । उत्तरी इंग्लैंड के पुलिसकर्मी पैट्रिक हैरिसन को अनुशासनात्मक न्यायाधिकरण ने घोर कदाचार का दोषी पाया है। उसने एक महिला 'एसए' के भारतीय लहजे की नकल की थी। उसने नवंबर 2022 में घृणा अपराध की रिपोर्ट दर्ज करने के लिए वेस्ट यॉर्कशायर पुलिस कॉल सेंटर को फोन किया था। हैरिसन ने कदाचार पैनल के फैसले से पहले इस्तीफा दे दिया था। पैनल ने कहा कि यदि वह इस्तीफा न देता तो उसे बर्खास्त कर देते। पैनल ने कहा कि महिला से फोन वार्ता के बाद हैरिसन ने महिला के इस्तेमाल किए गए कुछ वाक्यांशों की नकल की। महिला ने इन टिप्पणियों को सुना व इस्लामोफोबिया निगरानी समूह (टेल मामा) को मामले की सूचना दी। पैनल अध्यक्ष कैथरीन वुड ने कहा कि महिला के साथ उसकी जाति के कारण भेदभाव किया गया। उन्होंने कहा कि पुलिस के भीतर नस्लवाद और इस्लामोफोबिया राष्ट्रीय चिंता के मुद्दे हैं।

# चुनावी चक्रव्यूह में फंसे गहलोत के मंत्री, कई सीटों पर त्रिकोणीय तो कुछ जगह चतुष्कोणीय मुकाबला

**जयपुर ( हिंस )।** राजस्थान विधानसभा चुनाव का परिणाम तीन दिसंबर को आएगा। इससे पहले हर तरफ अब चर्चा बढ़ गई है कि कौन हारेगा-कौन जीतेगा। राजस्थान विधानसभा के चुनाव में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के कई मंत्री चुनावी चक्रव्यूह में फंस गए हैं। इस चुनाव में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत मंत्रिमंडल के 26 मंत्री चुनाव मैदान में हैं। गहलोत सरकार के मंत्रिमंडल में सीएम अशोक गहलोत सहित 30 मंत्री बनाए गए थे। इनमें से चार मंत्री चुनाव से बाहर हैं। चुनाव में झुंझुनूं विधानसभा सीट पर गहलोत कैबिनेट के परिवहन मंत्री बृजेंद्र सिंह ओला त्रिकोणीय मुकाबले में फंसे हुए हैं। इस बार ओला का मुकबाला भाजपा के बबलू चौधरी से है। वहीं भाजपा से बागी होकर निर्दलीय मैदान में उतरे राजेन्द्र भामू ने मुकाबले को त्रिकोणीय बना दिया है। वे गोसेवा के चलते क्षेत्र में सक्रिय रहे हैं। वरिष्ठ मंत्री डॉ. बीडी कल्ला का बीकानेर पश्चिम से भाजपा प्रत्याशी से कांटे का मुकाबला है। भाजपा ने यहां से नए चेहरे के रूप में जेठानंद व्यास को उतारा है। वे धर्म यात्रा निकालने की वजह से चर्चा में रहे हैं। हिन्दूवादी चेहरे के रूप में उनकी पहचान है। विहिप और संघ के कार्यकर्ता रहे हैं। एक माह पहले ही भाजपा में आए हैं। लालसोट से स्वास्थ्य मंत्री परसादी लाल मीणा की हालत पतली है। प्रचार के शुरुआती दौर में उन्हें एक गांव में लोगों के विरोध का भी सामना करना पड़ा था। मंत्री परसादीलाल मीणा की भाजपा के रामविलास मीणा से सीधी टक्कर है। भाजपा के रामविलास दूसरी बार मैदान में हैं। पिछला चुनाव मामूली अंतर से हार गए थे। उम्मीदवार मंत्री प्रमोद जैन भाया अंता विधानसभा सीट पर कड़े मुकाबले में फंसे हैं। भाजपा ने यहां से कंवरलाल मीणा को उतारा है, वे पहले मनोहरथाना से विधायक रहे हैं। सपोटरा विधानसभा सीट से मंत्री रमेश मीणा भाजपा के हंसराज से कड़े मुकाबले में फंसे हैं। रमेश मीणा तीन बार से लगातार चुनाव जीत रहे हैं। क्षेत्र में पकड़ है, लेकिन बोलचाल का तरीका सख्त होने से लोगों में कुछ नाराजगी है। वहीं भाजपा ने हंसराज को पहली बार मैदान में उतारा है। पहले वे बसपा से चुनाव लड़ चुके हैं। मतदाताओं पर भी पकड़ है। बाड़मेर जिले की शिव प्रदेश की हॉट सीटों में से एक है। कांग्रेस के बागी फतेह खान और भाजपा के बागी रविंद्र सिंह भाटी ने मुकाबले को रोचक और चतुष्कोणीय बना दिया हैं, जबकि उदयपुरवाटी में भी मुकाबला चतुष्कोणीय है। इन पांच के अलावा इस चुनाव में ममता भूपेश, शांति धारीवाल, प्रताप सिंह खाचरियावास, अशोक चांदना, टीकाराम जूली और मुरारीलाल मीणा जैसे कई कद्दावर मंत्रियों की प्रतिष्ठा भी दांव पर है। 2013 में हुए राजस्थान विधानसभा चुनाव में गहलोत सरकार के 15 से अधिक मंत्री चुनाव हार गए थे। राजस्थान में कुल 200 विधानसभा सीट हैं, जिनमें से 199 सीटों पर चुनाव हुआ है। राजस्थान विधानसभा के चुनाव में मतदाताओं ने अपना फैसला ईवीएम के हवाले कर दिया है। जनता ने किसे सत्ता की कुर्सी सौंपनी चाही है, ये तीन दिसंबर को सामने आ जाएगा, लेकिन इस बीच प्रदेश की दोनों ही प्रमुख पार्टियां (भाजपा और कांग्रेस) अपनी-अपनी जीत और हार वाली सीटों के साथ ही उन सीटों पर भी कड़ी नजर रख रही हैं, जहां बागियों और निर्दलीयों के कारण चुनाव त्रिकोणीय या चतुष्कोणीय मुकाबले में फंसा है। राजस्थान की कुल 199 सीटों पर इस बार चुनाव हुए हैं। इनमें से करीब 21 सीटों पर त्रिकोणीय और तीन सीटों पर चतुष्कोणीय संघर्ष देखा जा रहा है। श्रीगंगानगर जिले की करणपुर सीट पर प्रत्याशी गुरमीत सिंह कुन्नर का निधन होने के कारण वहां चुनाव प्रक्रिया स्थगित कर दी गई थी। ऐसे में दोनों ही पार्टियों की नजर में इन सीटों की अहमियत बढ़ गई है, ताकि सत्ता की कुर्सी पर काबिज होने के लिए जोड़-तोड़ की राजनीति करनी पड़े। इसके लिए सियासी समीकरण बनाने की कोशिशें अभी से शुरू हो गई है। अंदरखाने दोनों ही पार्टियों ने इसके लिए कवायद तेज कर दी है। दोनों पार्टियां अपने-अपने बागियों के साथ ही क्षेत्रीय दलों के नेताओं से भी संपर्क साधने में जुटी हैं।

## पंजाब विधानसभा सत्र खनन के मुद्दे पर हंगामा



**चंडीगढ़ ( हिंस )।** पंजाब विधानसभा में शीतकालीन सत्र के पहले दिन शून्यकाल के दौरान शिक्षा विभाग में भर्तियां तथा अवैध खनन के मुद्दे पर सदन में हंगामा हुआ। कांग्रेस ने आम आदमी पार्टी की सरकार को माइनिंग व प्रोफेसर बलविंदर कौर आत्महत्या केस में घेरते हुए कांग्रेस विधायक प्रगट सिंह ने बीते दिनों प्रदर्शन के दौरान आत्महत्या करने वाली प्रोफेसर बलविंदर कौर की बेटी को प्लेन पेपर में नौकरी देने का आश्वासन देने के मुद्दे को उठाया। राज्य में हो रही माइनिंग के मुद्दे पर सदन में काफी हंगामा हुआ। जिस पर हरजोत सिंह बैंस ने कहा कि वह भी मंत्री रह चुके हैं और भगवंत मान की सरकार में रेत से सबसे अधिक मुनाफा हुआ है। रेत माइनिंग में राकेश चौधरी को अंदर करने वाले वही थे। खनन माफिया को संरक्षण देने के मुद्दे पर काफी देर तक सदन में आम आदमी पार्टी व कांग्रेस विधायकों में बहस होती रही, जिसका कोई परिणाम नहीं निकला। प्रश्नकाल समाप्त होते ही विधानसभा में विपक्ष के नेता प्रताप सिंह बाजवा ने बोलना शुरू किया। उन्होंने इस दौरान किसान आंदोलन के मुद्दे को उठाया। इसी बीच विधानसभा लाइव बंद हो गया। कुछ दिन पहले ही बाजवा ने सवाल उठाया था कि उनके या विपक्ष के विधानसभा में बोलते ही कैमरा या घुमा दिया जाता है या बंद कद दिया जाता है। यह मामला हाई कोर्ट में भी विचाराधीन है।

## राज्यपाल से मुलाकात के बाद पंजाब के किसानों का धरना समाप्त

**चंडीगढ़ ( हिंस )।** पंजाब के राज्यपाल बनवारी लाल पुरोहित से मुलाकात के बाद पंजाब के किसानों ने पिछले तीन दिन से चल रहा धरना समाप्त कर दिया। किसान अपने घरों को लौट गए हैं। धरने को लेकर तीन दिनों से चंडीगढ़ व आसपास के हजारों लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। मंगलवार को किसान नेताओं के एक शिष्टमंडल ने पंजाब के कृषि मंत्री गुरमीत सिंह खुड्डियां के साथ बैठक की। इसके बाद किसान नेताओं ने राज्यपाल के साथ भी बैठक की। कृषि मंत्री खुड्डियां ने किसानों की मांगों को सुना। इस कृषि मंत्री के साथ बैठक के दौरान ये निर्णय लिया गया कि आगामी 4 दिसंबर पर किसानों की ओर से अपनी मांगों का एक ड्राफ्ट कृषि मंत्री को दिया जाएगा। इसके बाद आगामी 19 दिसंबर को मुख्यमंत्री भगवंत मान के साथ किसानों की बातचीत होगी। किसानों की ओर से कृषि मंत्री से बातचीत खत्म होने के बाद राज्यपाल से राजभवन में करीब पौने घंटे तक बातचीत की गई। राजभवन के बाहर किसानों ने किसी से बात नहीं की और वे सभी मोहाली में धरना स्थल पर चले गए। जहां जाकर किसानों की ओर से धरना समाप्त करने की घोषणा कर दी गई। किसान नेताओं का दावा है कि सरकार अपने दावे पर खरी नहीं उतरती है तो वह आंदोलन को तेज करेंगे।

## सांसद सुनीता दुग्गल ने जनसंवाद कार्यक्रम में सुनीं ग्रामीणों की समस्याएं



**सिरसा ( हिंस )।** सिरसा लोकसभा क्षेत्र की सांसद सुनीता दुग्गल ने मंगलवार को जिला के गांव नाथूसरी चोपटा व कागदाना में आयोजित जनसंवाद कार्यक्रम में शिरकत की। सांसद ने संबंधित गांवों व आसपास के गांवों से आए ग्रामीणों की समस्याएं सुनी और अधिकारियों को तत्परता से समाधान के निर्देश दिए। ग्रामीणों ने फूल मालाओं से सांसद का स्वागत किया। जनसंवाद कार्यक्रम में ग्रामीणों ने विद्यालय के चार दीवारी के निर्माण, ढाणियों के कच्चे रास्तों को पक्का करवाने, खेल नर्सरी में सामान उपलब्ध करवाने, शमशान घाट की चार दिवारी बनवाने, गांव डिंग से नाथूसरी चौपटा बस के समय में बदलाव करवाने, गली पक्का करवाने, स्कूल में शैड का फर्श पक्का करवाने, मकान अनुदान योजना के तहत मकान बनवाने, खेल स्टेडियम निर्माण, बिजली, पेयजल, पेंशन, सिंचाई संबंधित समस्याएं रखी। सांसद ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि आमजन द्वारा रखी गई समस्याओं का निवारण जल्द से जल्द किया जाए। उन्होंने कहा कि जो कार्य टेंडर के माध्यम से करवाए जाने हैं, उनकी प्रक्रिया भी तेज की जाए। उन्होंने कहा कि अधिकारी अपने पास आने वाले नागरिक के साथ अच्छा व्यवहार करें, उनकी समस्याओं को ध्यान से सुने तथा पारदर्शी तरीके से आमजन की समस्याओं का निवारण करना सुनिश्चित करें। सांसद ने कहा कि यदि अधिकारी ईमानदारी से जन समस्याओं का निवारण करेंगे तो इससे आमजन के अंदर संतुष्टि का भाव आएगा और उनका सरकार व प्रशासन की कार्यप्रणाली पर भरोसा बढ़ेगा।

## अमृतसर में खालिस्तानी नारे लिखे मिले सिख फॉर जस्टिस ने ली जिम्मेदारी




**चंडीगढ़( हिंस )।** अमृतसर में एयरपोर्ट रोड के खंभों और दीवारों पर खालिस्तान समर्थक नारे लिखे पाए गए, जिसकी जिम्मेदारी प्रतिबंधित संगठन सिख फॉर जस्टिस (एसएफजे) ने ली है। पन्नू ने एक बार फिर एयर इंडिया का बहिष्कार करने का ऐलान किया है। मंगलवार सुबह अमृतसर में एयरपोर्ट रोड पर खालिस्तान समर्थक नारे लिखे पाए गए और इसकी जिम्मेदारी लेने का दावा करने वाला सिख फॉर जस्टिस प्रमुख गुरपतवंत सिंह पन्नू का कथित वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। खालिस्तान समर्थक तत्वों के इस वीडियो में आतंकवादी गुरपतवंत सिंह पन्नू को एयर इंडिया को नई धमकियां देते हुए सुना जा सकता है। पन्नू ने दोहराया कि सिख समुदाय को एयर इंडिया से यात्रा नहीं करनी चाहिए।

## पंजाब में 574 सरकारी कर्मचारी तथा 476 एनआरआई की पेंशन रद्द

**चंडीगढ़( हिंस )।** पंजाब में सरकारी कर्मचारी व एनआरआई भी बुढापा पेंशन ले रहे हैं। बहुत से लोग ऐसे भी मिले हैं जो दोहरी पेंशन का लाभ ले रहे थे। जिनकी पेंशन को अब रद्द करवाया गया है। पंजाब की सामाजिक सुरक्षा महिला एवं बाल विकास मंत्री बलजीत कौर ने मंगलवार को विधानसभा में विधायक अवतार सिंह जूनियर के सवाल का जवाब देते हुए कहा कि पंजाब में वर्ष 2022-23 के दौरान पेंशनरों की संख्या 31 लाख 56 हजार 679 थी। वर्ष 2023-24 के दौरान अक्तूबर माह में पेंशनरों की संख्या 32 लाख 92 हजार 967 है। उन्होंने बताया कि सरकार के सर्वे में पाया गया कि वर्ष 2022-23 में 90 हजार 248 तथा वर्ष 2023-2024 के दौरान



37 हजार 108 लाभार्थियों की पेंशन रोकी अथवा रद्द की गई है। मंत्री ने सदन में पेश की गई रिपोर्ट के दौरान बताया कि पंजाब में 574 सरकारी कर्मचारी तथा 476 एनआरआई भी पेंशन ले रहे थे।

## दो भाइयों को ससुराल वालों ने पीटा, 8 नामजद सहित 12 पर केस

**पलवल ( हिंस )।** एक व्यक्ति ने अपनी ससुराल पक्ष के लोगों पर आरोप लगाया है कि वे हथियारों से लैस होकर उसके घर आए। उसके व छोटे भाई के साथ मारपीट की। इसके बाद घर में रखे जेवरात व नकदी उठाई और छोटे भाई की पत्नी को अपने साथ ले गए। इस मामले में कोर्ट के आदेश पर हथीन थाना पुलिस ने 8 नामजद सहित 12 व्यक्तियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार छायसां गांव निवासी वकील अहमद ने कोर्ट में दायर इस्तगासा में कहा कि उसकी व उसके छोटे भाई सलीम की शादी वर्ष 2021 में फरीदाबाद के धौज गांव निवासी आशु की बेटियों के साथ हुई थी। उसका छोटा भाई सलीम फौज में नौकरी करता है, जो दो माह की छुट्टी आया हुआ था। आरोप है कि धौज गांव निवासी आशु, मिशरू, आरिफ, राहुल, रूद्दार, मुस्तकीम, आसिफ, इसराक व 4-5 अन्य व्यक्ति ईको कार व बाइकों पर सवार होकर छायसां गांव आए। आते ही दोनों भाइयों के साथ मारपीट शुरू कर दी, उन्होंने विरोध किया तो आरिफ ने देशी कट्टा निकाल कर दोनों भाइयों पर जान से मारने की नीयत से तान दिया तथा राहुल ने चाकू से हमला कर घायल कर दिया। इसके बाद घर के अंदर रखी अलमारी का ताला तोड़कर उसमें से लाखों रुपए के आभूषण व 15 हजार रुपए को निकाल लिया। सारे आभूषण तीन युवकों को देकर बाइक पर भगा दिया। जिसके बाद झगड़े का शोर सुनकर गांव के लोग वहां आ गए तो आरोपी उन्हें धमकी देते उसके छोटे भाई फौजी सलीम की पत्नी को अपने साथ जबरन भागकर ले गए। शिकायतकर्ता ने कहा कि उसने 112 पर पुलिस को फोन किया व हथीन थाना सहित पुलिस के उच्चाधिकारियों को शिकायत दी, लेकिन पुलिस ने उसकी शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की। जिसके बाद पीड़ित ने न्याय के लिए अदालत में इस्तगासा दायर कर न्याय की गुहार लगाई। अदालत के आदेश पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। हथीन थाना प्रभारी मुकेश कुमार ने मंगलवार को बताया कि कोर्ट के आदेश पर हथीन थाना पुलिस ने 8 नामजद सहित 12 व्यक्तियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

## ओवरटेक करते समय आमने-सामने भिड़ीं कारें, दो की मौत, 12 गंभीर घायल

**हनुमानगढ़ ( हिंस )।** रावतसर इलाके में मंगलवार सुबह दो कारों की आमने-सामने की भिड़ंत में दो बुजुर्गों की मौत हो गई। जबकि, 12 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों गाड़ियों के परखच्चे उड़ गए हैं। एक ड्राइवर गाड़ी में फंस गया, जिसे जेसीबी की मदद से बाहर निकाला गया। रावतसर के सीआई अरुण चौधरी ने बताया कि रावतसर-हिसार स्टेट हाईवे नोहर रोड पर टोपरिया के पास सुबह करीब 8.30 बजे दो कारों की आमने-सामने की टक्कर हो गई। एक कार नोहर से रावतसर की तरफ आ रही थी। दूसरी कार रावतसर से नोहर की तरफ जा रही थी। प्रथम दृष्ट्या हादसे का कारण तेज स्पीड में ओवरटेक करना बताया जा रहा है। भाग देवी (60) पत्नी हनुमान जाट डाबरी कला 19 एजी और रणजीत (70) पुत्र चंदूराम जाट निवासी डबली कला की इलाज के दौरान मौत हो गई। हादसे की सूचना पर थालड़का चौकी से जाब्ता मौके पर पहुंचा। दोनों कारों में 14 लोग सवार थे। पुलिस ने सभी घायलों को रावतसर सरकारी अस्पताल में भर्ती करवाया। सभी घायल हनुमानगढ़ जिले के रहने वाले हैं। मौके पर पहुंचे कांस्टेबल राजवीर मील ने बताया कि गोलूवाला निवासी रामसिंह पूनिया का परिवार भादरा में किसी रिशेतदार की शादी में शरीक होकर गोलूवाला लौट रहा था।

## चीन में आई नई बीमारी को लेकर राजस्थान के चिकित्सा संस्थानों में अलर्ट

**जयपुर ( हिंस )।** कोरोना वायरस के बाद पड़ोसी देश चीन से उठी एक और बीमारी ने दुनिया को अलर्ट कर दिया है। इस बार भी बीमारी की उत्पत्ति चीन से ही मानी जा रही है। इस नई बीमारी को लेकर भारत में स्वास्थ्य विभाग अलर्ट पर आ गया है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के अलर्ट पर राजस्थान के स्वास्थ्य विभाग ने चीन में बढ़ रहे निमोनिया के मामलों के मद्देनजर निगरानी बढ़ाने के लिए राज्य के सभी जिला अस्पतालों और मेडिकल कॉलेजों के लिए परामर्श जारी किया है। निदेशालय चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाओं के निदेशक ने राजस्थान के सभी मेडिकल कॉलेज के प्रधानाचार्य और प्रमुख चिकित्सा अधिकारी और समस्त मुख्य चिकित्सा अधिकारियों तथा निजी अस्पतालों को प्रभावी निगरानी करने के लिए एडवाइजरी जारी की है। एडवाइजरी के अनुसार पिछले कई सप्ताह से चीन में बड़ी संख्या में बच्चे श्वसन रोग से पीडति हैं। यह संख्या लगातार बढ़ रही है। इन बच्चों में इन्फ्लूएन्जा, माइक्रोप्लाजमा न्यूमोनिया एवं सॉर्सकोव-2 आदि सामान्य कारणों से हो सकता है। भारत सरकार के संदर्भ पत्र से अवगत कराया गया कि अब तक प्राप्त जानकारी के अनुसार वहां चिंताजनक स्थिति नहीं है, लेकिन निगरानी तंत्र को सुचारू रखा जाना चाहिए। जयपुर के सवाई मान सिंह (एसएमएस) सरकारी अस्पताल के अधीक्षक डॉ. अचल शर्मा ने बताया कि राजस्थान में सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त हैं। एसएमएस अस्पताल राजस्थान का सबसे बड़ा सरकारी अस्पताल है। हमारे पास विशेषज्ञों की एक टीम है और अस्पताल दिशा-निर्देशों के अनुसार पूरी तरह से तैयार है। अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा और स्वास्थ्य विभाग शुभ्रा सिंह ने बताया राजस्थान में वर्तमान में श्वसन रोग एवं विशेषकर कोविड-19 व म्यूकोरमाइकोसिस के रोगी नहीं है। शून्य केस रिपोर्ट हो रहे हैं। संक्रामक रोगों से बचाव नियंत्रण के लिए विभाग में पूर्ण तैयारी की गई है। 29 नवंबर को मॉकड्रिल आयोजित किया जाएगा। इस बीमारी में गले में दर्द या खराश, खांसी, बुखार, फेफड़े में सूजन, सांस नली में सूजन होने की बात सामने आ रही है।

## छोटी काशी बनी ऐतिहासिक नगरी सफीदों

**जींद ( हिंस )।** ऐतिहासिक नगरी सफीदों उस वक्त छोटी कांशी बन गई जब क्षेत्र के मंदिरों व तीर्थों पर भव्य दीपदान हुआ। श्रद्धालुओं के द्वारा किए गए बढ़-चढ़कर दीपदान से सभी मंदिर व तीर्थ रोशनी में नहाकर जगमगा उठे और कांशी जैसा माहौल पैदा हो गया। कर्मकांडी ब्राह्मण परिषद के एक बार आह्वान करने मात्र से ही क्षेत्रभर के श्रद्धालु माता-बहनों सहित सामाजिक एवं धार्मिक संस्थाओं द्वारा नगर के नागक्षेत्र सरोवर, श्री हंसराज तीर्थ, गीता मंदिर, दुर्गा मंदिर, शिव मंदिर, संकीर्तन भवन, श्री सतनारायण मंदिर, नुरसत मंदिर, बाबा रमता राम मंदिर, साईं मंदिर, राधेश्याम मंदिर, हनुमान मंदिर व खेड़ा खेमावती गांव के श्रीराम हनुमान मंदिर, बाहरली माता मंदिर, काली मंदिर व बुढ़ा खेड़ा गांव के गुरू वशिष्ठ मंदिर व अन्य मंदिरों सहित जोरदार दीपदान करके प्रकाश किया। कर्मकांडी ब्राह्मण परिषद के प्रतिनिधि संजीव गौत्तम, यतिंद्र कौशिक व अमित भार्गव ने बताया कि देव दिवाली का सनातन धर्म में बेहद महत्व है। इस पर्व को लोग बुराई पर अच्छाई की जीत के रूप मनाते हैं। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, भगवान शिव ने इस दिन राक्षस त्रिपुरासुर को हराया था। शिवजी की जीत का जश्न मनाने के लिए सभी देवी-देवता तीर्थ स्थल वाराणसी पहुंचे थे, जहां उन्होंने लाखों मिट्टी के दीपक जलाएं, इसलिए इस त्योहार को रोशनी के त्योहार के रूप में भी जाना जाता है। कार्तिक पूर्णिमा के दिन देव दीपावली मनाने की परंपरा सदियों से चली आ रही है। इस दिन दीपदान करने का विशेष महत्व भी है। देव दीपावली के दिन घरों दिवाली के समान ही दीपक जलाने और किसी तीर्थ या नदी पर दीपदान करने से विशेष पुण्य की प्राप्ति होती है।

## क्रिकेटर हरभजन सिंह, श्रीसंत व राहुल शर्मा ने लगाई माता वैष्णो देवी के चरणों में हाजिरी

**कटड़ा ( हिंस )।** जम्मू में लीजेंड प्रीमियर लीग टूर्नामेंट में भाग लेने पहुंचे भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व सदस्य और दिग्गज क्रिकेटर हरभजन सिंह, श्री संत और राहुल शर्मा ने मंगलवार को मां वैष्णो देवी के हाजिरी लगाकर मां से आशीर्वाद लिया। इसके बाद वापिस जम्मू के लिए रवाना हो गए। विश्व कप में भारतीय टीम की फाइनल में पराजय को लेकर हरभजन सिंह ने कहा कि इसमें कोई शक नहीं है कि भारतीय क्रिकेट टीम विश्व की सबसे अच्छी टीम है लेकिन हर टीम का कोई दिन होता है शायद हमारी टीम का दिन अच्छा नहीं था इसलिए पराजय झेलनी पड़ी। दिग्गज क्रिकेटर श्री संत तथा राहुल शर्मा मंगलवार आधार शिविर कटड़ा पहुंचे और वहां से हेलीकॉप्टर में सवार होकर मां वैष्णो देवी के दिव्य दर्शनों के लिए भवन पहुंचे और दिग्गज क्रिकेटर हरभजन सिंह मां वैष्णो देवी के नए ताराकोट मार्ग से कार में सवार होकर भवन के लिए रवाना हुए और तीनों दिग्गज क्रिकेटर मां वैष्णो के दिव्य दर्शन करने के उपरांत जम्मू के लिए रवाना हो गए। हरभजन सिंह, श्रीसंत तथा राहुल शर्मा ने बताया कि जम्मू में क्रिकेट खेलना बहुत ही आनंदमय रहा है। नि:संदेह कई वर्षों के बाद जम्मू कश्मीर में सुखद हवा का झोंका महसूस किया गया है। जम्मू-कश्मीर के बदले हालात को लेकर इन्होंने कहा कि उम्मीद है कि आने वाले समय में एक बार फिर जम्मू कश्मीर में अंतरराष्ट्रीय मैच होंगे जिसकी वह कामना कर रहे हैं। ऐसे आयोजनों से एक और जहां स्थानीय लोगों को क्रिकेट देखने को मिलेगी तो दूसरी ओर जम्मू-कश्मीर के युवा खेलों में विशेष कर क्रिकेट में तेजी से आगे बढ़कर चमकते सितारे बनेंगे। गौरतलब है कि हरभजन सिंह जम्मू में जारी लीजेंड प्रीमियर लीग में मणिपाल टाइगर्स की टीम की ओर से खेलने आए थे हालांकि इस टीम को पराजय झेलनी पड़ी। वहीं, श्रीसंत गुजरात जायंट्स टीम के सदस्य हैं।

## जयपुर में बरसात और कोहरे से बढ़ी ठिठुरन, सर्द हवाओं से सहमा राजस्थान

**जयपुर ( हिंस )।** बीते तीन दिन में मौसम के बदले मिजाज ने प्रदेशवासियों को ठिठुरने पर विवश कर दिया है। प्रदेश से होकर गुजर रहे पश्चिमी विक्षोभ के कारण कई जिलों में देर रात से अलसुबह तक रिमझिम बारिश का दौर चला। कुछ जिलों में छाए घने कोहरे से लोग सुबह देर तक घरों में कैद रहे। मौसम विभाग ने मंगलवार को जयपुर समेत आधा दर्जन से ज्यादा जिलों में बादल छाए रहने और बारिश होने का अलर्ट जारी किया है। राजधानी जयपुर में सुबह कोहरा छाया। इसके बाद से बूंदाबांदी का दौर जारी है। प्रदेश में सोमवार रात के तापमान में आंशिक उतार चढ़ाव रहा लेकिन दिन में पारे में दस डिग्री तक गिरावट होने पर मौसम सर्द रहा। बादल छाए रहने पर कड़ाके की सर्दी लोगों को महसूस हुई। बीते तीन दिन से बादलों संग सूर्यदेव की आंखमिचौनी रहने पर सर्दी के तीखे तेवरों के चलते लोग सुबह देर तक घरों में दुबके रहे। मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि इस सिस्टम का असर राजस्थान के पूर्वी हिस्सों में आज और रहेगा। देर शाम से पश्चिम और दक्षिण राजस्थान के जिलों में मौसम साफ होने लगेगा और उसके बाद घना कोहरा छा सकता है। राज्य में आज भी जयपुर, भरतपुर संभाग के जिलों में आसमान में बादल छाए हुआ है। वहीं, जोधपुर, बीकानेर, उदयपुर और कोटा संभाग के जिलों में सुबह से घना कोहरा देखने को मिला है। जैसलमेर, जोधपुर, बीकानेर, राजसमंद, पाली, बाड़मेर, जालोर समेत कई जिलों में मंगलवार सुबह घना कोहरे होने के कारण विजिबिलिटी कम रही और बाइपास पर गाड़ियों की आवाजाही प्रभावित रही। जयपुर के ग्रामीण इलाकों में हल्का कोहरा देखने को मिला। शहर में कुछ जगहों पर बारिश हुई। इससे पहले जयपुर में सोमवार शाम शाम सर्द हवाएं चली। कल दिन में जयपुर में पूरे दिन बादल छाने से सर्दी तेज रही। इससे पहले बीते 24 घंटे के दौरान कोटा, बारां, अलवर, भीलवाड़ा, बीकानेर, चित्तौड़गढ़, चूरू, पिलानी के अलावा करौली, टोंक, राजसमंद, धौलपुर, दौसा समेत कई जगह बारिश हुई। कोटा में 24 मिलीमीटर बरसात हुई। कोटा में पिछले 12 साल में नवंबर माह में दूसरी सबसे ज्यादा बारिश हुई है। सबसे ज्यादा बरसात 48 मिलीमीटर साल 2021 में हुई थी। इसी तरह जोधपुर में रविवार सुबह 8 से सोमवार सुबह 8 बजे (24 घंटे) के बीच 14.6 मिलीमीटर बरसात हुई, जो पिछले 12 साल में सर्वाधिक बारिश का रिकॉर्ड है। जोधपुर में 1976 में 23.6 मिलीमीटर बरसात हुई, जो अब तक नवंबर में हुई सर्वाधिक



बारिश का रिकॉर्ड है। इसी तरह, करौली में 32, सपोटरा 24, श्रीमहावीरजी में 27, बूंदी में 9, नैनवा में 11, केशोरायपाटन 16, टोंक के उनियारा में 16, भीलवाड़ा के हमीरगढ़ में 25, शक्करगढ़ में 9, राजसमंद के गिलुंड में 39, नाथद्वारा में 11, धौलपुर के बसेड़ी में 15, सरमथुरा में 10 मिमी बारिश हुई। जयपुर मौसम केंद्र के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि पूर्वी राजस्थान के भरतपुर, जयपुर और कोटा संभाग के कुछ इलाकों में अगले तीन-चार दिन बादल छाए रहने और हल्की बारिश होने की संभावना है। पश्चिमी राजस्थान के चूरू, हनुमानगढ़ और आस-पास के क्षेत्र में आज भी हल्की बारिश होने व 29 नवंबर से मौसम शुष्क रहने की संभावना है। साथ ही, आगामी दो-तीन दिन राज्य में कुछ स्थानों पर घना कोहरा छाए रहने और अधिकतम तापमान औसत से 4-8 डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज होने की संभावना है। पश्चिमी विक्षोभ के असर के चलते राजस्थान के कई हिस्सों के साथ देश में भी कई जगहों पर मौसम तंत्र गड़बड़ा गया है। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में बादल और बारिश के बाद कोहरे की वजह से 10 फ्लाइट्स को जयपुर डायवर्ट किया गया है। सिडनी, चेन्नई, गोरखपुर सहित कई शहरों व देशों की फ्लाइट्स को जयपुर डायवर्ट किया गया था। इनमें से आठ फ्लाइट्स दिल्ली से हरी झंडी मिलने के बाद रवाना हो गई, लेकिन अब भी दो फ्लाइट्स जयपुर में अटकी हुई है। एयर इंडिया की कोलकाता से दिल्ली फ्लाइट एआई-768 और एयर इंडिया की हैदराबाद से दिल्ली फ्लाइट एआई-541 जयपुर अटकी हुई हैं। दोनों विमानों के पायलट का ड्यूटी टाइम पूरा हो गया था। इस कारण पायलटों ने नियमानुसार विमान छोड़ दिए। हालांकि, विमान वापस दिल्ली नहीं जाने से यात्री रातभर परेशान होते रहे। करीब 12 घंटे से यह फ्लाइट्स जयपुर में अटकी हुई हैं। सोमवार शाम को 6 से 7:30 बजे तक 8 फ्लाइट्स को दिल्ली से जयपुर डायवर्ट किया गया था। दिल्ली में दृश्यता कम होने की वजह से फ्लाइट्स को जयपुर उतारा गया। इस दौरान फ्लाइट्स संचालन गड़बड़ाया हुआ रहा।




# अदाणी समूह की कंपनियों का मार्केट कैप 11 लाख करोड़ रुपये के करीब, ग्रुप के शेयरों में 15 प्रतिशत तक की मजबूती

**नई दिल्ली ।**
शेयर बाजार में मंगलवार के कारोबारी सेशन के दौरान अदाणी एंटरप्राइजेज लिमिटेड, अदाणी टोटल गैस लिमिटेड, अदाणी पावर लिमिटेड, अदाणी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड और अदाणी एनर्जी सॉल्यूशंस लिमिटेड जैसे अदाणी समूह के शेयरों में तेजी दिखी। इस मजबूती के कारण गौतम अदाणी के नेतृत्व वाले अदाणी समूह का बाजार पूंजीकरण 11 लाख करोड़ रुपये के करीब पहुंच गया। बता दें कि अदाणी-हिंडनबर्ग मामले में कई याचिकाओं पर सुनवाई के बाद उच्चतम न्यायालय ने अपना आदेश सुरक्षित रख लिया है। इसके बाद बाजार में समूह के मार्केट कैप में 66,945.94 करोड़ रुपये का इजाफा हुआ।

समूह के शेयरों में 15 प्रतिशत तक की तेजी आई। शीर्ष अदालत ने अदाणी समूह से जुड़ी सुनवाई के दौरान कहा था कि हिंडनबर्ग रिसर्च रिपोर्ट को सच का आधार नहीं माना जाना चाहिए। प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने टिप्पणी की थी कि अदालत सिर्फ मीडिया में आई खबरों के आधार पर इस मामले में बाजार नियामक सेबी की जांच पर संदेह नहीं कर सकती लेकिन बाजार नियामक सेबी को सभी 24 मामलों में जांच पूरी करनी चाहिए। इससे पहले 25 अगस्त को अपनी रिपोर्ट में सेबी ने कहा था कि उसने 24 में से 22 मामलों में अपनी जांच पूरी कर ली है। उसके बाद सेबी ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि वह अदाणी-हिंडनबर्ग मामले में अपनी जांच पूरी करने के लिए और समय की मांग नहीं करेगा।

मंगलवार की सुबह 10 बजकर 10 मिनट पर अदाणी एंटरप्राइजेज का शेयर 6.42 फीसदी की तेजी के साथ 2,373.65 रुपये पर कारोबार करता दिखा। वहीं, अदाणी पोर्ट्स एंड सेज के शेयर 3.57 प्रतिशत की बढ़त के साथ 824.80 रुपये पर पहुंच गया। अदाणी का शेयर 7.84 प्रतिशत मजबूत होकर 428 रुपये पर पहुंच गया जबकि अदाणी एनर्जी सॉल्यूशंस का शेयर 11.83 प्रतिशत चढ़कर 815.50 रुपये पर पहुंच गया।

अदाणी ग्रीन एनर्जी के शेयरों में 7.36 प्रतिशत की तेजी और इसके भाव 1006.40 रुपये पर पहुंच गए। अदाणी विल्मार के शेयर 5.4 प्रतिशत जबकि एसीसी और अंबूजा सीमेंट के शेयरों में 3.5 प्रतिशत का उछाल दर्ज किया गया। एनडीपी के शेयर 5.35 प्रतिशत की तेजी के साथ 216.50 रुपये के भाव पर पहुंच गए। अदाणी समूह के कंपनियों का मार्केट कैप मंलगवार को शुरुआती कारोबार के दौरान 10,94,060.61 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच गया। शुक्रवार को कंपनी का मार्केट कैप 10,27,114.67 करोड़ रुपये था।

## न्यूज ब्रीफ

### बढ़ेगी जीडीपी, जुलाई-सितंबर में 6.80 फीसदी रहेगी विकास दर; सरकार 30 नवंबर को जारी करेगी आंकड़े




**नई दिल्ली ।** खपत में तेजी और पूंजी निवेश के बल पर दूसरी तिमाही (जुलाई-सितंबर) में जीडीपी वृद्धि दर 6.8 फीसदी रहने का अनुमान है। एक साल पहले समान तिमाही में यह 6.2 फीसदी रही थी। हालांकि, इस साल अप्रैल-जून में यह चार तिमाहियों में सबसे अधिक 7.8 फीसदी रही थी। उसकी तुलना में गिरावट की आशंका है। सरकार सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के आंकड़े 30 नवंबर को जारी करेगी। अर्थशास्त्रियों के अनुसार, 2023-24 की दूसरी तिमाही में विकास की गति लचीली थी। सरकारी पूंजीगत खर्च की तेज रफ्तार और खपत से भी अर्थव्यवस्था में तेजी बनी है। विकास की गति से इस महीने की शुरुआत में स्टैंडर्ड चार्टर्ड बैंक ने अपने पूर्वानुमान को 1.40 प्रतिशत बढ़ाकर 7.2 प्रतिशत और 2023-24 के लिए 0.40 प्रतिशत बढ़ाकर 6.5 प्रतिशत कर दिया था। अर्थशास्त्रियों के अनुसार, अप्रैल-जून को 7.8 प्रतिशत की विकास दर से 6.8 प्रतिशत तक की गिरावट संभवतः कृषि और सेवा क्षेत्रों के कारण हो सकती है। हालांकि, सेवा क्षेत्र की वृद्धि पिछली तिमाही के 10.3 प्रतिशत से घटकर लगभग 8.2 प्रतिशत रही है। फिर भी वह विकास का सबसे बड़ा चालक बना हुआ है। औद्योगिक प्रदर्शन अप्रैल-जून में 5.5 प्रतिशत से सुधरकर दूसरी तिमाही में 7 प्रतिशत के करीब रह सकता है। कमजोर बारिश से कृषि को नुकसान पहुंचा, पर खनन और अन्य क्षेत्रों में गतिविधियों को बढ़ाने में मदद मिली। एसएंडपी ग्लोबल टिमा ने चालू वित्त वर्ष के लिए जीडीपी वृद्धि अनुमान को बढ़ाकर 6.4 प्रतिशत कर दिया है। पहले ये 6 प्रतिशत था। हालॉक, अगले वित्त वर्ष के लिए अनुमान को 6.9 प्रतिशत से घटाकर 6.4 प्रतिशत कर दिया है। भारत मार्च 2024 तक ब्याज दरों में 0.1 प्रतिशत की कटौती कर सकता है।

### वित्त वर्ष 2024 में 155 मिलियन घरेलू हवाई यात्री यातायात का अनुमान



**नई दिल्ली ।** भारत को चालू वित्त वर्ष में लगभग 155 मिलियन घरेलू हवाई यात्री ट्रैफिक देखने का अनुमान है। जारी एक रिपोर्ट के अनुसार, घरेलू वाहकों के ग्राउंडेड विमानों की संख्या लगभग 200 होने की उम्मीद है। विमानन सलाहकार फर्म सीएपीए इंडिया ने कहा कि मार्च 2024 को समाप्त होने वाले वर्ष में अंतरराष्टीय हवाई यात्री यातायात लगभग 70 मिलियन होने का अनुमान है। वित्त वर्ष 2024 में घरेलू हवाई यातायात अब तक हर महीने वित्त वर्ष 2020 के स्तर से ऊपर रहा है, हालांकि पिछले कुछ महीनों में रिकवरी की ताकत कम हो गई है। इसमें कहा गया है, मई 2023 से, अंतरराष्टीय यातायात काफी हद तक वित्त वर्ष 2020 के अनुरूप बना हुआ है, लेकिन वर्ष के शेष भाग में इसके आगे बढ़ने की उम्मीद है। अपनी मार्च रिपोर्ट में, सीएपीए इंडिया ने घरेलू हवाई यात्री यातायात 160 मिलियन से अधिक और अंतर्राष्टीय हवाई यात्री यातायात 72-75 मिलियन होने का अनुमान लगाया था। रिपोर्ट के अनुसार, समग्र उद्योग लाभप्रदता काफी हद तक 1.6-1.8 बिलियन अमरीकी डॉलर के नुकसान के हमारे प्रारंभिक मार्गदर्शन के अनुरूप होने की उम्मीद है, जिसमें से पूर्ण-सेवा वाहकों से 1.4-1.5 बिलियन अमेरिकी डॉलर और कम लागत वाले वाहकों से 200-300 मिलियन अमेरिकी डॉलर की उम्मीद की जाती है। प्रैट एंड व्हिटनी इंजन के मुद्दों के कारण परिचालन के दृष्टिकोण से बहुत चुनौतीपूर्ण होने के बावजूद, इंडिगो को 500 मिलियन अमरीकी डॉलर का रिकॉर्ड लाभ होने की उम्मीद है और इसके नकदी शेष में 1.2 बिलियन अमेरिकी डॉलर की वृद्धि होगी।

### सरकार अरहर दाल की खरीदी बढ़ाकर इसकी कीमतें नियंत्रित करेगी

**नई दिल्ली ।** केंद्र सरकार दाल की कीमतों की रोकथाम करने के लिए बड़ा कदम उठाने जा रही है।



सरकार अरहर दाल की अपनी खरीद को बढ़ाकर 8-10 लाख टन करने की तैयारी में है। पहले कुछ ही लाख टन अरहर दाल खरीदने की योजना थी। अरहर दाल की खरीद को बढ़ाकर सरकार इसकी कीमतों को काबू में रखना चाहती है। अरहर दाल के रिटेल प्राइस पिछले साल के मुकाबले 40 फीसदी से ज्यादा बढ़ गए हैं। पिछले साल अरहर दाल की कीमत 112 रुपए किलो थी, जो कि इस साल बढ़कर 158 रुपए प्रति किलो पर पहुंच गई है। बतौर कैटेगरी दलहन में रिटेल इनफ्लेशन बढ़कर सालाना आधार पर अक्टूबर में 18.79 फीसदी पर पहुंच गई थी। सरकार ने अरहर दाल की खरीद बढ़ाने की तैयारी ऐसे समय में की है, जब अरहर के पैदावार क्षेत्र में गिरावट आई है और इसका उत्पादन कम रह सकता है।

## भारत में 13 हजार करोड़ से ज्यादा निवेश करेगी फॉक्सकॉन

# कंस्ट्रक्शन प्रोजेक्ट्स के लिए प्लानिंग कर रही कंपनी, देश में दोगुनी नौकरी देगी

**नई दिल्ली ।**
ताइवान की इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरर कंपनी फॉक्सकॉन ने भारत में 1.6 बिलियन डॉलर यानी करीब 13 हजार करोड़ रुपए से ज्यादा का निवेश करेगी। कंपनी ने सोमवार देर रात ताइवान में एक एक्सचेंज फाइलिंग में जानकारी देकर इसकी घोषणा की।

कंपनी ने बताया कि कंस्ट्रक्शन प्रोजेक्ट्स के लिए योजना बनाई जा रही हैं। ये निवेश ऑपरेशनल जरुरतों को लेकर किया जाएगा। इसके अलावा फॉक्सकॉन ने निवेश कहां और कैसे किया जाएगा, इसकी डिटेल्स शेयर नहीं की है।




### फॉक्सकॉन भारत में दोगुनी नौकरी देगी

कंपनी के रिप्रजेंटिव वी ली ने प्रधानमंत्री मोदी के 73वें जन्मदिन पर शुभकामनाएं देते हुए बताया था कि, फॉक्सकॉन ने भारत में अपने वर्कफोर्स और इन्वेस्टमेंट को दोगुना करने की योजना बनाई है। उन्होंने लिंक्डइन पर लिखा, आपके नेतृत्व में भारत में फॉक्सकॉन तेजी से विकसित हुई है। हम भारत में रोजगार, एफडीआई और बिजनेस के साइज को दोगुना करने का लक्ष्य रखते हुए, अगले साल आपको एक बड़ा जन्मदिन का उपहार देने के लिए और भी अधिक मेहनत करेंगे।

### तमिलनाडु प्लांट में 40,000 लोगों को नौकरी देती है कंपनी

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, फॉक्सकॉन के तमिलनाडु प्लांट में अभी 40,000 लोग काम करते हैं। वहीं, पिछले साल रॉयटर्स ने बताया था कि अगले दो सालों में फॉक्सकॉन 53,000 लोगों को नौकरी में रखने की योजना बना रहा है।

### भारत सरकार की पीएलआई स्कीम का हिस्सा फॉक्सकॉन

एपल के तीनों कॉन्ट्रैक्ट मैन्युफैक्चरर (फॉक्सकॉन, विस्ट्रॉन और पेगाट्रॉन) भारत सरकार की 41,000 करोड़ रुपए की प्रोडक्शन-लिंक्ड इन्सेंटिव स्कीम का हिस्सा हैं। इस स्कीम के बाद ही भारत में आईफोन मैन्युफैक्चरिंग में तेजी आई है। 2020 में भारत सरकार ने पीएलआई को लॉन्च किया था।

इस स्कीम से बाहर के देशों की कंपनीज को मौका मिलता है कि वो लोकल मैन्युफैक्चरिंग का फायदा उठा सकें, साथ ही उस पर इन्सेंटिव भी कमा सकें।

### चीन से एपल की मैन्युफैक्चरिंग भारत में शिफ्ट की जा रही

अमेरिका-चीन के बीच तनाव बढ़ने के कारण चीन से एपल की मैन्युफैक्चरिंग भारत में शिफ्ट की जा रही है। जियो पॉलिटिकल टेंशन और कोरोना महामारी के बाद एपल समेत अन्य अमेरिकी टेक दिग्गज भी चीन के बाहर अपनी मैन्युफैक्चरिंग फैसिलिटी के विस्तार पर काम कर रहे हैं।

### कांचीपुरम में मोबाइल कंपोनेंट प्लांट लगाएगी फॉक्सकॉन

फॉक्सकॉन तमिलनाडु में मोबाइल कंपोनेंट प्लांट लगाएगी। इसके लिए ताइवान की होन हई टेक्नोलॉजी ग्रुप (फॉक्सकॉन) ने राज्य सरकार के साथ दो महीने पहले एक लेटर ऑफ इंटेट साइन किया है। इस प्लांट को कांचीपुरम जिले के श्रीपेरंबुदूर में फॉक्सकॉन की मौजूदा आईफोन प्लांट के पास ही 1,600 करोड़ रुपए की लागत से लगाया जाएगा।

### भारत में 4-5 सेमीकंडक्टर प्लांट लगाना चाहती है फॉक्सकॉन

फॉक्सकॉन भारत में 4-5 सेमीकंडक्टर चिप मैन्युफैक्चरिंग यूनिट स्थापित करना चाहती है। फॉक्सकॉन ने वेदांता के साथ जॉइंट वेंचर तोड़ने के एक दिन बाद इलेक्ट्रॉनिक्स एंड इनफार्मेशन टेक्नोलॉजी मिनिस्ट्री को इसके बारे में जानकारी दी थी।

# कंपनी और कारोबार के लिए प्रतिबद्ध, निदेशक मंडल और कर्मचारियों को गौतम सिंघानिया का ईमेल



**नई दिल्ली ।**
**रेमंड के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक गौतम सिंघानिया ने पारिवारिक मसलों के बीच अपने कर्मचारियों और निदेशक मंडल को ईमेल किया। इसमें उन्होंने कंपनी का कामकाज सामान्य ढंग से चलने का आश्वासन दिया है। उन्होंने कहा कि किसी भी हालात में कंपनी का काम प्रभावित नहीं होगा, बल्कि सुचारू रूप से पूरी तरह चलता रहेगा।**

चेयरमैन ने मंड के निदेशक मंडल के सदस्यों और कर्मचारियों को एक आंतरिक मेल भेजा, जिसमें उन्होंने अपनी प्रतिबद्धता सुनिश्चित की है। उन्होंने ईमेल के जरिए बताया कि उन्होंने अपनी निजी जिंदगी के बारे में आ रही मीडिया रिपोर्टों पर टिप्पणी नहीं करने का फैसला लिया है। उन्होंने कहा, अपने परिवार की गरिमा बनाए रखना मेरे लिए सबसे ऊपर है।

### मुश्किल दौर में भी चलेगा कामकाज

इसके साथ ही उन्होंने रेमंड के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक के तौर पर कंपनी के सुचारू संचालन और इसके कारोबार के लिए अपनी प्रतिबद्धता जताई है। उन्होंने कहा, इस मुश्किल दौर में भी मैं आपको यकीन दिलाता हूं कि रेमंड के भीतर सामान्य ढंग से ही कामकाज चल रहा है। सिंघानिया ने कारोबार के मोर्चे पर रेमंड के शानदार प्रदर्शन का जिक्र किया और कहा कि कंपनी के इतिहास में सबसे अच्छी पिछली तिमाही रही है। उन्होंने कहा, मैं अपने सभी शेयरधारकों के लिए मूल्य निर्माण और वितरण के साथ अपने कर्मचारियों, ग्राहकों और अन्य हितधारकों के हितों को सुनिश्चित करने के लिए संकल्पबद्ध हूं। इस बारे में संपर्क किए जाने पर रेमंड के एक प्रवक्ता ने कहा कि सिंघानिया ने यह ईमेल कंपनी के निदेशक मंडल के सदस्यों और कर्मचारियों को आंतरिक स्तर पर भेजा है। बता दें कि दंपती की दो संतानें हैं।

# इस हफ्ते पांचों आईपीओ की लिस्टिंग, निवेशकों को मिलेगा जमकर फायदा; ग्रे मार्केट में 80 प्रतिशत उछला भाव

**नई दिल्ली ।**
पांच कंपनियों के पिछले हफ्ते बंद हुए प्रारंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के शेयर इस हफ्ते सूचीबद्ध होंगे। इन सभी में निवेशकों को बेहतर फायदा मिलने की उम्मीद है। सबसे अधिक 80 फीसदी का रिटर्न टाटा टेक के शेयरों में मिल सकता है। सबसे कम फायदा फेडफिना में मिलने की उम्मीद है। पांचों कंपनियां 7,377 करोड़ रुपये जुटाने उतरी थीं। इसके एवज में इनको 2.59 लाख करोड़ रुपये के आवेदन मिले थे।

### 30 को सूचीबद्ध होगा टाटा टेक

टाटा टेक ने बाजार से 3,042 करोड़ रुपये जुटाए थे। इसके शेयर 30 नवंबर को सूचीबद्ध होंगे। इसमें खुदरा निवेशकों का हिस्सा 16.50 गुना भरा था। फेडफिना ने 1,092 करोड़ जुटाए और गांधार ऑयल ने 500 करोड़ रुपये जुटाए। फेडफिना में खुदरा निवेशकों का हिस्सा 1.88 गुना और गांधार में करीब 30 गुना भरा था। इन दोनों के शेयर भी 30 नवंबर को ही सूचीबद्ध होंगे।

### फ्लेयर-इरेडा पर भी भरोसा




फ्लेयर राइटिंग ने 593 करोड़ रुपये जुटाए। इसमें खुदरा निवेशकों का हिस्सा करीब 14 गुना भरा। इसके शेयर एक दिसंबर को सूचीबद्ध होंगे। सरकारी कंपनी इरेडा ने 2,150 करोड़ रुपये जुटाए। इसका शेयर 29 नवंबर को सूचीबद्ध होगा। खुदरा निवेशकों का हिस्सा सात गुना से ज्यादा भरा था।

### 40 आईपीओ, 38 में हुई कमाई

इस साल अब तक कुल 45 आईपीओ आए हैं। इनमें से 40 के शेयर सूचीबद्ध हुए हैं। 38 में निवेशकों ने जमकर कमाई की है। चालू वित्त वर्ष में एसएमई को मिलाकर अब तक 175 से ज्यादा कंपनियां बाजार में उतर चुकी हैं। इनमें भी ज्यादातर में निवेशकों को मुनाफा हुआ।

# फिनटेक यूनिट लाएगी एलआईसी दिसंबर में ऑफर करेगी नई सेवा

**नई दिल्ली ।**
बीमा क्षेत्र की दिग्गज कंपनी एलआईसी एक नई फिनटेक कंपनी बनाने की योजना बना रही है। एलआईसी इसके लिए संभावनाएं तलाश रही है। एलआईसी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह बात कही। उन्होंने कहा कि एलआईसी ने संपूर्ण डिजिटल बदलाव परियोजना (डीआईवीई) शुरू की है। इस परियोजना को चलाने के लिए एक सलाहकार नियुक्त किया गया है। उन्होंने कहा कि हमारा मकसद डीआईवीई प्रोजेक्ट के जरिए अपने सभी हितधारकों, ग्राहकों, मध्यस्थों, मार्केटिंग संबंधी लोगों और अन्य के लिए अपनी कैटेगरी में सर्वश्रेष्ठ डिजिटल इनिशिएटिव स्थापित करना है। उन्होंने कहा कि एलआईसी को ज्यादातर नए ग्राहक अपने एजेंट के जरिए मिलते हैं। इसके बाद अन्य सेक्टर्स में भी बदलाव देखने को मिलेगा। क्लेम सेटलमेंट, लोन तथा अन्य सेवाएं एक बटन के क्लिक पर उपलब्ध कराई जाएंगी। ग्राहकों को ऑफिस आने की जरूरत नहीं है। वे घर बैठे अपने मोबाइल के जरिए हमारी जरूरी सेवाओं तक पहुंच बना सकते हैं। हम वित्तीय प्रौद्योगिकी पर भी ध्यान केंद्रित कर रहे हैं और व्यवसाय के विस्तार में इसकी क्षमता का इस्तेमाल करेंगे। एलआईसी ने प्रोडक्ट डिस्ट्रीब्यूशन के लिए चालू वर्ष में अब तक तीन फिनटेक कंपनियों को कॉर्पोरेट एजेंट के रूप में जोड़ा है। एलआईसी ने चालू वित्त वर्ष 2023-24 में नई पॉलिसी के प्रीमियम में डबल डिजिट में वृद्धि प्राप्त करने के उद्देश्य से आगामी महीनों में तीन से चार नए उत्पाद पेश करने की योजना बनाई है। उन्होंने कहा कि एलआईसी दिसंबर के पहले सप्ताह में एक नई सर्विस ऑफर करने जा रही है। उम्मीद है मार्केट में इसे अच्छा रिस्पांस मिलेगा।




# 4 करोड़ या इससे ज्यादा कीमत के लग्जरी घरों की बिक्री में जबरदस्त उछाल; इस शहर में सबसे ज्यादा डिमांड

**नई दिल्ली ।**
रियल एस्टेट फर्म सीबीआरई की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि जनवरी और सितंबर 2023 के बीच भारत के सात प्रमुख शहरों में 4 करोड़ रुपये और उससे अधिक मूल्य के लक्जरी घरों की बिक्री में साल-दर-साल 97 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

रिपोर्ट में बताया गया है कि इस अवधि में कुल लक्जरी आवास बिक्री में 90 प्रतिशत हिस्सेदारी दिल्ली-एनसीआर, मुंबई और हैदराबाद की रही। इसमें दिल्ली-एनसीआर का हिस्सा 37 फीसदी, मुंबई का 35 फीसदी और हैदराबाद का 18 फीसदी रहा। वहीं शेष 4 प्रतिशत हिस्सा पुणे का रहा है।

### इसलिए बिक्री में हो रही वृद्धि

कई कारकों ने लक्जरी आवास की बिक्री में वृद्धि को प्रेरित किया, जिसमें एक मजबूत अर्थव्यवस्था, बढ़ती डिस्पोजेबल आय, उन्नत जीवन स्तर की आकांक्षा और प्रमुख महानगरीय क्षेत्रों में लक्जरी आवासों की कमी शामिल है।

सीबीआरई ने कहा कि अक्तूबर से दिसंबर के त्योहारी सीजन में लक्जरी आवास बिक्री में और वृद्धि देखने की उम्मीद है। कंपनी ने कहा कि उसे अक्तूबर-दिसंबर तिमाही में पहली बार लग्जरी घर खरीदने वालों की संख्या बढ़ने की उम्मीद है। इस वृद्धि का प्राथमिक कारण बढ़ती आकांक्षाएं और बढ़ती भारतीय अर्थव्यवस्था है।



डेवलपर्स द्वारा प्रोत्साहन और स्मार्ट होम तकनीक जैसे स्मार्ट स्विच और फोन पर एक क्लिक से प्रकाश और अन्य चीजों को नियंत्रित करना लक्जरी घर में इस उछाल के कुछ कारण हैं। इसके अलावा महामारी के बाद बड़े स्थानों की आवश्यकता भी है।

### आवासीय बिक्री और नए लॉन्च में देखी जाएगी वृद्धि

सीबीआरई की रिपोर्ट में कहा गया है कि आर्थिक विकास, अनुकूल नियामक उपायों और बदलती जीवनशैली प्राथमिकताओं के कारण प्रीमियम और लक्जरी हाउसिंग सेगमेंट में आवासीय बिक्री और नए लॉन्च में वृद्धि देखी जाएगी, जो संभावित रूप से 2023 में 10 साल के उच्चतम स्तर पर पहुंच जाएगी।

जैसा कि खरीदार महामारी के बाद अधिक विस्तृत जीवन चाहते हैं, स्मार्ट होम तकनीक और डेवलपर-समर्थित प्रोत्साहनों की आमद लक्जरी घर की बिक्री में तेजी ला रही है, यह जोड़ा गया है।

सीबीआरई ने कहा कि यह उछाल उच्च निवल मूल्य वाले व्यक्तियों (एचएनआई) और अनिवासी भारतीयों (एनआरआई) के बीच लक्जरी घरों की बढ़ती अपील से प्रेरित है, जो सुरक्षित और पुरस्कृत निवेश के अवसरों की तलाश में हैं। ये रुझान बताते हैं कि लक्जरी घर भारतीय रियल एस्टेट बाजार का एक महत्वपूर्ण हिस्सा बन रहे हैं।

### सोने की कीमत बढ़ी, चांदी में आई गिरावट

**मुंबई ।** सोने की वायदा कीमतों की शुरुआत मंगलवार को तेजी के साथ हुई, जबकि चांदी की वायदा कीमतों की शुरुआत नरमी के साथ हुई। सोने के वायदा भाव बढकर 61,600 रुपये के करीब कारोबार कर रहे थे। चांदी के वायदा भाव 74,600 रुपये के करीब कारोबार कर रहे थे। अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने के वायदा भाव में तेजी, जबकि चांदी के वायदा भाव में सुस्ती देखी जा रही है। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोने का दिसंबर कॉन्ट्रेक्ट 79 रुपये की तेजी के साथ 61,619 रुपये के भाव पर खुला। फिलहाल यह कॉन्ट्रेक्ट 94 रुपये की तेजी के साथ 61,634 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। मई महीने में सोने के वायदा भाव ने 61,845 रुपये प्रति 10 ग्राम के भाव पर सर्वोच्च स्तर छू लिया था। चांदी के वायदा भाव की शुरुआत सपाट रही। एमसीएक्स पर चांदी का बेंचमार्क दिसंबर कॉन्ट्रेक्ट 74,806 रुपये के भाव पर खुला। पिछला बंद भाव भी यही था। फिलहाल यह 159 रुपये की गिरावट के साथ 74,647 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कॉमेक्स पर सोना 2,014.30 डॉलर प्रति औंस के भाव पर खुला। पिछला बंद भाव 2,012.40 डॉलर था। फिलहाल यह 2.50 डॉलर की तेजी के साथ 2,014.90 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रहा था। कॉमेक्स पर चांदी के वायदा भाव 24.70 डॉलर के भाव पर खुले, पिछला बंद भाव 24.68 डॉलर था। फिलहाल यह 0.05 डॉलर की गिरावट के साथ 24.63 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रहा था।

# कड़क सिंह विशेष परियोजनाओं में से एक : पंकज त्रिपाठी

**-अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में किया टेलर लांच**




**मुंबई (ईएमएस)।** बालीवुड एक्टर पंकज त्रिपाठी ने आगामी फिल्म कड़क सिंह को सबसे विशेष परियोजनाओं में से एक कहा है। उन्होंने बताया कि निर्देशन से लेकर कलाकारों और संगीत तक, फिल्म से जुड़ी हर चीज खास है। चल रहे 54वें भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव (आईएफएफआई) में निमार्ताओं ने उद्घाटन समारोह में फिल्म का ट्रेलर लॉन्च किया। साथ ही रिलीज से पहले गाला प्रीमियर के तहत कड़क सिंह का विश्व प्रीमियर भी किया। आईएफएफआई में खचाखच भरे सभागार के बीच कड़क सिंह का विश्व प्रीमियर देखना सम्मान की बात थी। यह पहली बार था जब मैंने शुरू से अंत तक फिल्म देखी और मैं अपने आंसू नहीं रोक सका। उन्होंने कहा कि कड़क सिंह उन सबसे खास प्रोजेक्ट्स में से एक है जिसका वह हिस्सा रहे हैं। इसकी पटकथा और निर्देशन से लेकर इसके कलाकारों और संगीत तक, फिल्म के बारे में सब कुछ विशेष है, इसलिए खड़े होकर तालियां बजाना और दर्शकों का इतना प्यार पूरी टीम के लिए बहुत मायने रखता है। ताशकंद फाइल्स अभिनेता ने कहाः यह फिल्म के प्रचार चरण के लिए एक उत्साहजनक शुरूआत रही है। फिल्म में पंकज, संजना सांघी, पार्वती थिरुवोथु, जया अहसन, परेश पाहुजा और वरुण बुद्धदेव जैसे कलाकार एक साथ नजर आएंगे। इसका प्रीमियर 8 दिसंबर को जी5 पर होगा। बता दें कि इस फिल्म में राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता निर्देशक अनिरुद्ध रॉय चौधरी द्वारा निर्देशित, पंकज को एके श्रीवास्तव के रूप में देखा जाएगा, जो भूलने की बीमारी से पीड़ित है जो अपनी याददाश्त वापस पाने की कोशिश करते समय झूठ के जाल में फंस जाता है।

# 12वीं फेल ने की बाक्स आफिस पर अच्छी कमाई : विक्रांत मैसी




एक्टर विक्रांत मैसी स्टारर 12वीं फेल ने बॉक्स ऑफिस परअच्छा बिजनेस किया। हाल ही में एक्टर विक्रांत मैसी ने खुलासा किया कि उनकी फिल्म12 वीं फेल को 96वें ऑस्कर्स अवॉर्ड्स के लिए भेजा गया है। विक्रांत मैसी की फिल्म12 वीं फेल सोशल मीडिया पर एक बार फिर सुर्खियों में आ गई है। अभी हाल ही में फिल्म से जुड़ी एक ऐसी खबर सामने आई है, जिसे जानने के बाद फैंस गदगद हो जाएंगे। विक्रांत मैसी की फिल्म12 वीं फेल को 96वें ऑस्कर्स अवॉर्ड्स के लिए भेजा गया है। हाल ही में एक इवेंट के दौरान फिल्म को लेकर कई बातों का खुलासा किया। उसी बीच एक्टर ने फैंस को खुशखबरी सुनाई कि उनकी फिल्म 12 वीं फेल को 96वें ऑस्कर्स अवॉर्ड्स के लिए भेजा गया है। इस खुलासे के बाद फिल्म स्टार्स और मेकर्स को फैंस बधाई देते हुए दिखाई दे रहे हैं। बता दें कि 27 अक्टूबर को पर्दे पर रिलीज हुई थी। फिल्म में एक्टर के किरदार को खूब पसंद किया गया।

# फिल्म एनिमल की हर तरफ हो चर्चा

**-म्यूजिक इवेंट में आर्यमन ने लूटी लाइमलाइट**



**मुंबई (ईएमएस)।** बालीवुड फिल्म एनिमल को रिलीज होने में अब बस कुछ ही दिन बाकी हैं। रणबीर कपूर और बॉबी देओल स्टारर यह फिल्म लगातार चर्चा में बनी हुई है। इसका ट्रेलर रिलीज होने के बाद से ही फिल्म की चहुओर चर्चा चल रही है। फैंस से लेकर बॉलीवुड सेलेब्स ने इसके ट्रेलर की जमकर तारीफ की। हाल ही में, फिल्म का म्यूजिक लॉन्च इवेंट आयोजित किया गया। इस इवेंट में रणबीर कपूर और बॉबी देओल दोनों ने शिरकत की। वहीं, बॉबी के बेटे आर्यमान भी इस इवेंट का हिस्सा बने और उन्होंने सारी लाइमलाइट चुरा ली। फैंस भी आर्यमान को देख कर उन्हें देओल परिवार का नेक्स्ट सुपरस्टार बताते हुए नजर आए। सोशल मीडिया पर एनिमल म्यूजिक इवेंट का एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें बॉबी देओल अपने बेटे आर्यमान को पैप के सामने पोज देने का तरीका बता रहे हैं। वीडियो में देखा जा सकता है कि बाद में रणबीर भी बॉबी देओल के बेटे को पैप के साथ इंट्रोड्यूस करवाते हैं। एक इंटरव्यू में बॉबी ने अपने बच्चों को लाइमलाइट से दूर रखने की वजह शेयर की थी। इसके साथ ही उन्होंने यह भी बताया था कि भले ही आर्यमान इंडस्ट्री में शामिल हो सकते हैं या एक अभिनेता के रूप में डेब्यू कर सकते हैं, लेकिन बॉबी चाहते हैं कि वह पहले अपनी शिक्षा पूरी करें। इवेंट में रणबीर रणबीर ब्लैक डेनिम जैकेट में बेहद स्टाइलिश लग रहे थे, वहीं बॉबी ब्लू डेनिम शर्ट में बेहद स्टाइलिश लग रहे थे और आर्यमन ने इस इवेंट में ब्लू टी शर्ट पहनी जिसमें वह बेहद हैंडसम लग रहे थे।

# जोराम का ट्रेलर हुआ जारी, फिल्म में काम करके बेहद खुश हुए मनोज बाजपेयी

**मुंबई (ईएमएस)।** सर्वाइवल-थ्रिलर फिल्म जोराम का ट्रेलर जारी हो गया। इसमें अभिनय करने को लेकर अभिनेता मनोज बाजपेयी ने कहा कि वह इसका हिस्सा बनकर खुश हैं। उन्होंने कहा कि यह फिल्म सीमाओं से परे है। द गैंग्स ऑफ वासेपुर फेम अभिनेता ने कहा, मैं जोराम का हिस्सा बनकर रोमांचित हूं। फिल्म ने वास्तव में सभी पहलुओं में सीमाओं को पार कर लिया है। मुझ पर विश्वास करने के लिए मैं देवाशीष का आभारी हूं। हम वास्तव में प्रतिक्रिया से अभिभूत हैं। मैं ट्रेलर देखने के लिए बहुत उत्साहित हूं क्योंकि यह वास्तव में आपको आने वाले समय की एक झलक प्रदान करता है। यह फिल्म एक छोटे से गांव के रहने वाले मनोज के किरदार पर आधारित है, जो अब अपहरण के आरोप में अपनी नवजात बेटी को अपने साथ लेकर पुलिस से भाग रहा है। पिता अपने गांव से भाग गए हैं और आसपास के दूर-दराज के इलाकों में छिपे हुए हैं, क्योंकि अधिकारी उनकी तलाश कर रहे हैं। फिल्म के लेखक-निर्देशक देवाशीष मखीजा ने कहा कि यह सर्वाइवल थ्रिलर ड्रामा सभी बाधाओं के बावजूद जीवन की खोज की गहराई को दशार्ती है। पूरी टीम शानदार और निडर है, और सभी ने अविश्वसनीय रूप से कड़ी मेहनत की है। इस फिल्म को बनाने में वर्षों का विचार और कठिनाई लगी। फिल्म में सहायक किरदार की भूमिका निभाने वाले मोहम्मद जीशान अय्यूब ने भी अपनी भूमिका के बारे में बताते हुए कहा कि मैं शहर के पुलिसकर्मी रत्नाकर का किरदार निभा रहा हूं। उन्होंने कहा, एक व्यक्ति जो शहर में बड़ा हुआ, इस फिल्म पर काम करते हुए मुझे पहली बार जंगलों और लौह अयस्क खदानों में ले गया। इससे मुझे एहसास हुआ कि मैं रत्नाकर से कितना जुड़ सकता हूं और यह आपको इस बात की सराहना करने के लिए प्रेरित करता है कि जीवन ने आपको क्या दिया है।

# शाहरुख खान की बहुत बड़ी फैन है उर्वशी

**-एक्ट्रेस ने एक मुलाकात के किस्से भी किए शेयर**



**मुंबई (ईएमएस)।** मशहूर एक्ट्रेस उर्वशी ढोलकिया शाहरुख खान की बहुत बड़ी फैन हैं। कसौटी जिंदगी की में अपने किरदार कोमोलिका से मशहूर हुई उर्वशी का कहना है कि वह शाहरुख खान से प्यार करती है। एक्ट्रेस ने सुपरस्टार के साथ एक करीबी मुलाकात के किस्से को शेयर करते हुए बताया कि उन्होंने झलक दिखला जा में शाहरुख खान के गाने पर परफॉर्म करने का फैसला क्यों किया। इस वीकेंड सेलिब्रिटी डांस रियलिटी शो की थीम चार्टबस्टर का ब्लॉकबस्टर होगी।


सितारे क्लासिक ट्यून से लेकर लेटेस्ट चार्ट-टॉपर्स तक, बॉलीवुड गानों पर परफॉर्में करेंगे। इस कड़ी में उर्वशी ने अपने कोरियोग्राफर वैभव घुगे के साथ फिल्म परदेस के आइकोनिक ट्रैक दो दिल मिल रहे हैं पर परफॉर्म किया। 1997 के रोमांटिक म्यूजिकल ड्रामा परदेस में शाहरुख और महिमा चौधरी मुख्य भूमिका में हैं। उन्होंने आगे कहा, मुझे अच्छी तरह याद है कि मैंने उनकी क्रिकेट टीम के लिए एक ऐड किया था। वह बहुत मजेदार था। उन्होंने मुझे यह कहते हुए फोन किया कि हम चाहते हैं कि आप यह ऐड करें, और मैंने यह सोचकर कॉल काट दिया कि कोई मेरे साथ मजाक कर रहा है, क्योंकि मेरे आस-पास हर कोई जानता है कि मैं एक शाहरुख की कितनी बड़ी फैन हूं। मैं उनसे प्यार करती हूं। उन्होंने मुझे दोबारा फोन किया और कहा कि वह सीरियस हैं और मुझे डबिंग के लिए आने के लिए कहा। जब तक मैं सेट पर पहुंची, तो मुझे विश्वास नहीं हो रहा था कि मैं उनके लिए विज्ञापन कर रही हूं। उर्वशी ने अपने परफॉर्मेंस के बारे में बात करते हुए कहा, मैं हमेशा से शाहरुख खान की फैन रही हूं। शाहरुख से ज्यादा खूबसूरती से प्यार को कोई नहीं समझा सकता। यह एक्ट पूरी तरह से प्यार के बारे में था और मेरे लिए, डांस एक ऐसी चीज है, जिसे मैं व्यक्त कर सकती हूं। बस, उन्हें देखो और तुम उनके दीवाने हो जाओगे। लोग उन्हें किंग ऑफ रोमांस कहते हैं, लेकिन मैं उन्हें किंग ऑफ लव कहती हूं।

# सिंगर को लगा गहरा सदमा



हाल ही में सिंगर निकिता गांधी के कोच्चि में हुए कॉन्सर्ट में भगदड़ मचने से चार लोगों की जान चली गई। इस घटना से निकिता को गहरा सदमा लगा है। सोशल मीडिया पर सिंगर ने पोस्ट शेयर कर जान गंवाने वाले 4 लोगों के प्रति दुख जाहिर किया है। उन्होंने अपने इंस्टाग्राम पर पोस्ट शेयर कर दुख जताया है। निकिता गांधी ने अपने पोस्ट में कहा, आज शाम कोच्चि में जो हुआ उससे दिल टूट गया और मैं बिखर गई हूं। इससे पहले कि मैं परफॉर्म करने के लिए स्टेज पर जाती, ऐसी दुर्भाग्यपूर्ण घटना घट गई। इस गहन दुख को व्यक्त करने के लिए मेरे पास कोई शब्द नहीं हैं। छात्रों के परिवारों के साथ मेरी संवेदना है। दरअसल बीते 25 नवंबर को केरल के कोच्चि स्थित कोचीन यूनिवर्सिटी के वार्षिक उत्सव में अचानक भगदड़ मच गई। इस कॉन्सर्ट में सिंगर निकिता गांधी परफॉर्म करने वाली थीं।

# फिल्म भगवंत केसरी ओटीटी पर मचा रही धमाल




फिल्म भगवंत केसरी को बॉक्स ऑफिस पर जबरदस्त रिस्पॉन्स मिला और इसने जमकर कारोबार भी किया। नंदमुरी बालकृष्ण स्टारर और अनिल रविपुडी के डायरेक्शन में भगवंत केसरी 19 अक्टूबर 2023 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। थिएट्रिकल रिलीज के बाद अब ये फिल्म ओटीटी पर धमाल मचा रही है। भगवंत केसरी ओटीटी के किस प्लेटफॉर्म पर हुई है रिलीज? साल 2023 की सुपर-डुपर हिट फिल्म भगवंत केसरी की ओटीटी रिलीज का लोग काफी समय से इंतजार कर रहे थे। भगवंत केसरी 24 नवंबर यानी आज अमेजॉन प्राइम वीडियो पर रिलीज हो गई है। ऐसे में जो लोग इस शानदार फिल्म को थिएटर में देखने से चूक गए थे वे अब घर बैठे इसे ओटीटी प्लेटफॉर्म पर एंजॉय कर सकते हैं. हालांकि डिजिटल प्लेटफॉर्म ने अभी इस फिल्म को तेलुगु वर्जन में ही रिलीज किया है। अनिल रविपुडी द्वारा निर्देशित एक्शन-ड्रामा फिल्म भगवंत केसरी एक पूर्व अपराधी के इर्द-गिर्द घूमती है, जो अपनी भतीजी के लिए केयरटेकर की भूमिका निभाता है, और उसे आर्म्ड फोर्स में अपना करियर बनाने के लिए प्रेरित करता है।

# अक्का में होगी राधिका और कीर्ति साथ-साथ



एक्ट्रेस कीर्ति सुरेश और राधिका आप्टे को आज भारत की दो सबसे प्रतिभाशाली महिला अभिनेताओं में से एक माना जाता है। वे अविश्वसनीय रूप से स्वाभाविक कलाकार हैं और स्क्रीन पर एक के बाद एक अविश्वसनीय प्रदर्शन देने वाले टूर डी फोर्स के रूप में उनकी सराहना की जाती है! एक्ट्रेस राधिका आप्टे और कीर्ति सुरेश यशराज फिल्म्स की अपकमिंग रोमांचक थ्रिलर फिल्म अक्का में एक-दूसरे के आमने-सामने होंगी। फैक्ट यह है कि कीर्ति और राधिका को एक-दूसरे के खिलाफ खड़ा किया गया है, जो अक्का को वर्तमान में देश में बनाई जा रही सबसे दिलचस्प स्ट्रीमिंग प्रोजेक्ट्स में से एक बनाता है! सूत्र ने कहा, इस सीरीज के इर्द-गिर्द साजिश पैदा करने के लिए वाईआरएफ द्वारा इस परियोजना के हर विवरण को जानबूझकर गुप्त रखा जाएगा।इस प्रोजेक्ट का निर्देशन नवोदित लेखक और निर्देशक धर्मराज शेट्टी द्वारा किया जा रहा है।

# दीपिका चिखलिया को लोग समझते है माता सीता

**-एक्ट्रेस से व्यवहार से लोगों की भावनाएं हो जाती है आहत**



**मुंबई (ईएमएस)।** रामानंद सागर के टेलीविजन शो रामायण में माता सीता की भूमिका निभाने वाली एक्ट्रेस दीपिका चिखलिया घर-घर में मशहूर हो गई थीं। आज भी दीपिका कहीं जाती हैं तो लोग उन्हें माता सीता समझ लेते थे। चूंकि फैंस उन्हें एक आदर्श के रूप में देखते रहे हैं, इसलिए वे उनकी ऐसी किसी बात से आहत भी हो सकते हैं जो उन्हें अच्छी नहीं लगती। उनके साथ हाल ही में कुछ ऐसा ही हुआ जब उन्होंने इंस्टग्राम पर अपने रियल पति के साथ एक वीडियो शेयर की। 23 नवंबर 2023 को दीपिका चिखलिया ने अपने पति हेमंत टोपीवाला के साथ अपनी शादी की सालगिरह मनाई। इस दिन को यादगार बनाने के लिए अभिनेत्री ने एक वीडियो शेयर किया, जिसमें हेमंत के साथ कुछ प्यारे पल थे। एक झलक में दीपिका को अपने प्यारे पति की गोद में बैठे देखा जा सकता है, जबकि अगले में दोनों को अपनी प्यारी मुस्कान बिखेरते हुए देखा जा सकता है। वीडियो को शेयर करते हुए दीपिका ने अपने पति के लिए एक प्यारा नोट लिखा। उन्होंने लिखा, हमारे लिए खुशी की बात है कि आप मेरे जीवन की चट्टान हैं, आपको पाकर धन्य हो गई। जैसे ही दीपिका ने ये वीडियो पोस्ट किया लोगों ने कमेंट करने शुरू कर दिए। जहां कुछ लोगों ने कपल को सालगिरह की शुभकामनाएं दीं, वहीं अन्य लोग दीपिका की तस्वीरों से नाराज हो गए, क्योंकि वे उन्हें मां सीता के ऑनस्क्रीन किरदार से अलग नहीं देख सके। यूजर्स ने कमेंट किया-सीता मैया आप ऐसा वीडियो मत डाला करो और ये तो गलत पोज है। एक ने उनके पति हेमंत टोपीवाला की ओर टिप्पणी करते हुए लिखा-माता को हाथ मत लगाना। एक यूजर ने लिखा- आप ऐसे पोज मत दो पूरा इंडिया आपको भगवान मानता है।दूसरे ने लिखा- आज पता चला मेरे दिल में आप ही सीता मैया बन के रह गई हैं..मुझे पता है वह हैह्न आपके पति...लेकिन मुझे नहीं पता क्यों..यह पोस्ट देखकर मैं परेशान हो गई।

# जेएनयू आंदोलन में दीपिका के शामिल होने से 'छपाक' पर पड़ा असर, मेघना गुलजार ने किया खुलासा

बॉलीवुड की जानी-मानी फिल्म निमार्ता मेघना गुलजार इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म सैम बहादुर को लेकर सुर्खियों में हैं। फिल्म में विक्की कौशल मुख्य भूमिका में हैं। यह फिल्म 1 दिसंबर को सिनेमाघरों में आएगी। विक्की कौशल और निर्देशक मेघना गुलजार अपनी फिल्म का जमकर प्रमोशन कर रहे हैं। ये दोनों एक मीडिया इवेंट में नजर आये और इस बार मेघना ने छपाक के फ्लॉप होने पर भी कमेंट किया। दीपिका पादुकोण के जवाहरलाल नेहरु यूनिवर्सिटी जाने के बाद हुए विवाद पर मेघना गुलजार ने प्रतिक्रिया दी है। मेघना गुलजार ने माना है कि दीपिका के जेएनयू जाने का असर उनकी फिल्म छपाक पर पड़ा। मेघना ने कहा, मेरा जवाब बिल्कुल स्पष्ट है। हां, दीपिका पादुकोण के जेएनयू जाने का असर फिल्म पर जरूर पड़ा। क्योंकि बात एसिड अटैक से हिंसा तक पहुंच गई। बात जहां भी गई, जाहिर तौर पर इसका असर फिल्म पर पड़ा। इसके बारे में कोई संदेह नहीं है। दीपिका पादुकोण अपनी फिल्म छपाक का प्रमोशन करने 2020 में दिल्ली गयी थीं। उन्होंने उस वक्त जवाहरलाल नेहरु विश्वविद्यालय (जेएनयू) का दौरा किया, जब छात्र नागरिकता संशोधन कानून के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे थे। दीपिका उन छात्रों के साथ खड़ी थीं, उनकी तस्वीरें और वीडियो वायरल होने के बाद उनके जेएनयू दौरे की काफी आलोचना हुई थी। 50 करोड़ के बजट में बनी इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर केवल 55.44 करोड़ की कमाई की। फिल्म का निर्देशन मेघना गुलजार ने किया था। इस फिल्म में दीपिका की जोड़ी विक्रांत मेसी के साथ थी। यह फिल्म एसिड अटैक सर्वाइवर लक्ष्मी अग्रवाल की बायोपिक थी। 2005 में दिल्ली के खान मार्केट में नईम खान उर्फ गुड-डू नाम के युवक ने लक्ष्मी पर एसिड फेंक दिया था।

## सूडोकु नवताल- 6626

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | | | 6 | | | |
| 4 | 7 | | | | 8 | 3 | | 9 |
| | | 8 | 7 | 3 | | 1 | 2 | |
| | 8 | 9 | | 5 | 1 | | 7 | 6 |
| | | | | | | | | |
| 5 | 1 | | 8 | 7 | | 4 | 9 | |
| | 2 | 4 | | 6 | 5 | 7 | | |
| 7 | | 1 | 3 | | | | 5 | 8 |
| | | | 1 | | | | 4 | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -6625 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 9 | 3 | 7 | 5 | 4 | 2 | 6 | 8 |
| 8 | 4 | 2 | 1 | 6 | 3 | 9 | 7 | 5 |
| 5 | 7 | 6 | 8 | 2 | 9 | 3 | 1 | 4 |
| 4 | 1 | 5 | 6 | 3 | 2 | 8 | 9 | 7 |
| 7 | 2 | 9 | 4 | 8 | 1 | 6 | 5 | 3 |
| 3 | 6 | 8 | 5 | 9 | 7 | 1 | 4 | 2 |
| 2 | 5 | 1 | 9 | 4 | 8 | 7 | 3 | 6 |
| 9 | 8 | 4 | 3 | 7 | 6 | 5 | 2 | 1 |
| 6 | 3 | 7 | 2 | 1 | 5 | 4 | 8 | 9 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## शब्दजाल - 7373

*शब्दजाल में 'रा' से शुरु होने वाले दस शब्द ढूंढिए. शब्द उपर से नीचे व तिरछे हो सकते हैं.*

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| गं | ल | जें | द्र | कु | मा | रा | श | न | पे | यी |
| द | गा | ल | प्रे | व | जी | म | द | ह | कां | रा |
| वि | स | रा | म | रा | ज | नी | ति | ल | ख | म |
| रा | स | स | क्ष | दि | वा | ज | ध | रा | श | दु |
| ज्य | आ | र | ग | स | ज | ना | तू | म | झ | रा |
| पा | ल | ला | र | दि | म | रा | ती | चं | घ | ज |
| ल | व | रा | ज | तं | त्र | ह | ज | द्र | व | धा |
| श | एं | वा | ई | द | ब | गी | डू | ए | श | नी |
| मी | ड | ल | रा | व | ण | र | आ | ग | शी | आ |
| र | गॉ | ल | प | लि | जी | शी | ला | कौ | ल | द |
| वि | ज | रा | ज | म | ह | ल | त | ब | प | म |

राजतंत्र,राजनीति,राजधानी,राजमहल, रामचंद्र,राक्षस,राहगीर,राज्यपाल,रावण, राशन

### शब्दजाल - 7372 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| प्र | क | ल | प्र | कृ | ति | र्ल | धी | प्र | ल | ज |
| र | जा | ल | दे | प्र | ता | प | इं | ति | ट | वा |
| त | स | ति | ल | र्म | छ | रा | रा | शो | ख | प्र |
| प्र | ज | ज | सु | पु | र | प्र | प | ध | ली | ति |
| म | ती | दो | ग | ल्ता | लं | णा | तू | गी | झ | कू |
| प्र | क | क्षा | प | ह | न | म | ना | ता | घ | ल |
| जा | अ | स | त | या | प | त | श | ज | ला | ट्रे |
| प | ता | दा | ई | ह | ब | सा | फ | रा | श | न |
| ति | बा | चे | न | ब्रा | जी | ई | री | ल | प | रु |
| त्ता | पा | ला | ल | प्र | ख | र | र | शा | स्त्री | ता |
| ह | रा | जी | व | गां | धी | रा | प्र | का | श | त |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## अष्टयोग - 6326

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | | 4 | 6 | | 5 | |
| | 32 | | 32 | | 30 | 3 |
| 1 | | 5 | | | 7 | 2 |
| | 26 | | 37 | | 37 | |
| | 3 | 2 | | 6 | 1 | |
| 6 | 34 | | 34 | | 28 | 4 |
| 7 | | | 3 | | | 1 |

*प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है.खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1से 7 तक के अंक लिखने अनिवार्य हैं.गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों और के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी.सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.*

### अष्टयोग 6325 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 1 | 2 |
| 6 | 28 | 1 | 36 | 2 | 30 | 4 |
| 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 1 |
| 7 | 33 | 2 | 34 | 3 | 29 | 6 |
| 4 | 5 | 6 | 7 | 1 | 2 | 3 |
| 5 | 33 | 7 | 37 | 4 | 33 | 5 |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |

Jagrutidaur.com, Bangalore



# अरुण धूमल बोले – लोकसभा चुनाव से आईपीएल करवाना इस बार चुनौती, पर देश के बाहर नहीं होंगे मैच

**धर्मशाला।**
क्रिकेट की पेशेवर टी-20 लीग आईपीएल के शेड्यूल को लेकर आईपीएल गवर्निंग असमंजस में है। देश में प्रस्तावित आम चुनाव इसकी वजह है। लोकसभा चुनाव के दौरान ही आईपीएल की अवधि पड़ रही है। बीसीसीआई को आम चुनाव की घोषणा का इंतजार है। इसी आधार पर आईपीएल का शेड्यूल तैयार किया जाएगा। हालांकि, आम चुनाव के बीच आईपीएल चुनौती से कम नहीं होगा। आईपीएल चेयरमैन अरुण धूमल ने देश में प्रस्तावित आम चुनाव से जुड़ीं मौजूदा परिस्थितियों को स्वीकार किया है। अरुण हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन की वार्षिक आम सभा के सिलसिले में धर्मशाला में थे। बातचीत में कहा कि आईपीएल की तैयारियां शुरू हो चुकी हैं। खिलाड़ियों की नीलामी का शेड्यूल दिसंबर का तय हो चुका है। लेकिन, लीग मैचों के शेड्यूल के लिए निगाहें चुनाव आयोग पर टिकीं हैं। आम चुनाव के चलते आईपीएल को देश से बाहर ले जाने के सवाल पर उन्होंने दो टूक कहा कि अभी ऐसा कोई भी विचार नहीं है। उन्होंने कहा कि आईपीएल के लिए इस बार सीमित विंडो (अवधि) ही उपलब्ध है। आधा मार्च इंग्लैंड के साथ टेस्ट सीरीज में निकल जाएगा। जून में टी-20 विश्वकप है। ऐसे में आईपीएल को न आगे ले जा सकते हैं न पहले कर सकते हैं। अप्रैल-मई में ही इसे करवाना होगा। यही अवधि आम चुनाव की रहेगी। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि महिला आईपीएल इस बार फरवरी में हो सकता है। बकौल अरुण धूमल विश्वकप के मैच कारोबार को पंख लगा गए। अब मार्च में इंग्लैंड और भारत के बीच प्रस्तावित टेस्ट मैच इस सिलसिले को आगे बढ़ाएगा।

### आईपीएल के अधिक मैच कराने के प्रयास

विश्व कप के बाद अब धर्मशाला में आईपीएल के अधिक से अधिक मैच करवाने के प्रयास रहेंगे। आईपीएल फ्रेंचाइजी पंजाब किंग्स के कुछ लीग मैच तो लगभग तय माने जा सकते हैं। इस बार कुछ अन्य फ्रेंचाइजी के के मैच भी धर्मशाला में करवाने के प्रयास रहेंगे। दिल्ली कैपिटल्स और राजस्थान रॉयल्स ने धर्मशाला स्टेडियम को लेकर रुचि दिखाई है।

### आउटफील्ड की नहीं आएगी शिकायत

अरुण धूमल ने कहा कि धर्मशाला स्टेडियम अंतरराष्ट्रीय मानकों पर खरा साबित हो चुका है। विश्व कप मैचों में आउटफील्ड को लेकर मिली शिकायत मौसम जनित थी। सितंबर तक भारी बारिश के चलते आउटफील्ड की घास बदलने का मौका ही नहीं मिल पाया। लगातार बारिश से विंटर ग्रास में थोड़ी नमी और फंगस आ गई थी। इसे लेकर देश और विदेश के विशेषज्ञों से सलाह ली गई है।

## न्यूज ब्रीफ

### टी 20 वर्ल्डकप के लिए श्रीसंत ने चुनी अपनी टीम



**मुंबई।** वर्ल्डकप 2023 के बाद अब बारी टी20 वर्ल्डकप की है। टी 20 वर्ल्डकप का आयोजन अगले वर्ष जून में होगा। भारतीय टीम के अहम सदस्य एस. श्रीसंत ने वेस्टइंडीज और अमेरिका में होने वाले अहम टूर्नामेंट के लिए अपनी टीम चुनी है। पूर्व तेज गेंदबाज की टीम में हाल के समय में बेहद कम टी20 मैच खेले रोहित शर्मा और विराट कोहली जगह पाने में सफल रहे हैं। श्रीसंत ने कहा, रोहित खेल रहे हैं या नहीं, यह बड़ा सवाल है। रोहित कैप्टन हैं, क्योंकि उन्होंने मुंबई इंडियंस के लिए इतने सारे खिताब जीते हैं। स्थितियों के अनुसार, रोहित या पंड्या में से कोई कैप्टन होगा। श्री ने अपनी टी20 वर्ल्डकप की भारतीय टीम में विराट कोहली, केएल राहुल, यशस्वी जायसवाल, ईशान किशन और सूर्यकुमार यादव को भी स्थान दिया है। उन्होंने कहा कि अगर पंत फिट हैं, तब वह भी तीसरे विकेटकीपर के रूप में टीम में होगा, क्योंकि वे मैच विनर हैं लेकिन इस सेटअप में आने के लिए उन्हें समय की जरूरत हो सकती है। गौरतलब है कि पिछले साल दिसंबर में एक सड़क दुर्घटना में बुरी तरह घायल होने के बाद से पंत भारतीय टीम से बाहर हैं। हालांकि उन्होंने अब अभ्यास शुरू कर दिया है। गेंदबाज के रूप में उन्होंने शमी, जसप्रीत बुमराह, सिराज, रवींद्र जडेजा और कुलदीप यादव को जगह दी है। उन्होंने कहा कि मैं पंत को ध्यान में रखते हुए 15 की बजाय 16 सदस्यों वाली टीम चुन रहा हूं इसमें केएल राहुल, ईशान किशन और पंत विकेटकीपर की रोल में होंगे। श्रीसंथ ने कहा कि सिलेक्टर को सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी और आईपीएल के प्रदर्शन को ध्यान में रखते हुए भी कुछ प्लेयर्स को टीम में चुनना चाहिए।

### कैरेबियन खिलाड़ी को उम्मीद रोहित और कोहली खेल सकते हैं टी-20 सीरिज



**नई दिल्ली।** वर्ल्ड कप के मुकाबले जून 2024 में वेस्टइंडीज और अमेरिका में संयुक्त रूप से खेल जाने हैं। पिछले दिनों वर्ल्ड कप में 2023 में टीम इंडिया ने बेहतरीन प्रदर्शन कर लगातार 10 मैच जीते थे, लेकिन उस फाइनल में ऑस्ट्रेलिया से हार मिली थी। इसके बाद सवाल उठ रहें कि क्या रोहित शर्मा और विराट कोहली जैसे दिग्गज टी20 वर्ल्ड कप में खेलने वाले हैं या फिर नहीं। वेस्टइंडीज के पूर्व कप्तान ब्रायन लारा ने कहा, मुझे लगता है कि भारत जो भी टीम चुनेगा, वह मजबूत होगी। लेकिन आप अनुभव की जगह नहीं ले सकते। कोहली और रोहित अपने साथ अनुभव लेकर आते हैं। वे कैरेबियन स्थितियों को जानते हैं, वे वहां खेल चुके हैं। मालूम हो कि कप्तान रोहित ने वर्ल्ड कप में ताबड़तोड़ बल्लेबाजी कर 597 रन बनाए थे वहीं कोहली ने 3 शतक के सहारे 700 से अधिक रन बनाने में सफल रहे थे। विराट कोहली को प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट भी चुना गया था। लारा ने कहा कि मुझे लगता है कि दोनों ही दिग्गज जिस तरह के खिलाड़ी, यकीन है कि उन्हें पता है वे क्या करना चाहते हैं, कितना करना चाहते हैं। इसके बाद उम्मीद है कि रोहित और विराट टी20 वर्ल्ड कप में उतर सकते हैं। मालूम हो कि टीम इंडिया ने अंतिम बार 2007 में टी20 वर्ल्ड कप का खिताब जीता था। भारतीय टीम को 2013 से आईसीसी ट्रॉफी का इंतजार है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सीरीज के बाद भारतीय टीम को साउथ अफ्रीका और अफगानिस्तान से टी20 सीरीज खेलनी है। इसके बाद आईपीएल 2024 है। टी20 लीग का प्रदर्शन भी टीम सेलेक्शन के लिए अहम होगा। 35 साल के कोहली ने टी20 इंटरनेशनल में एक शतक और 37 अर्धशतक के सहारे 4008 रन बनाए हैं।

### पीयूष चावला ने किया बड़ा कारनामा, प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में पूरे किए 1000 विकेट

**नई दिल्ली।** भारतीय टीम के अनुभवी लेग स्पिनर पीयूष चावला ने अपने करियर में एक विशेष उपलब्धि हासिल की है। चावला ने प्रतिस्पर्धी क्रिकेट के सभी प्रारूप मिलाकर करियर में 1000 विकेट पूरे कर लिए। पीयूष चावला ने विजय हजारे ट्रॉफी में गुजरात के लिए खेलते हुए अरुणाचल के विरुद्ध तीन विकेट चटकाए, जिससे अरुणाचल की पारी 159 रन पर सिमट गई। जवाब में गुजरात ने उरविल पटेल (100*) के शतक से दो विकेट पर 160 रन बनाकर जीत दर्ज की। पीयूष ने कामशा यांगफो का विकेट लेने के साथ ही यह उपलब्धि प्राप्त की। पीयूष ने यांगफो को क्लीन बोल्ड किया। बता दें कि पीयूष चावला ने इस मैच में 10 ओवर के अपने कोटे में एक मेडन सहित 30 रन देकर तीन विकेट झटके।

# सिनर ने दिलाया इटली को 47 साल के बाद डेविस कप खिताब, ऑस्ट्रेलिया को मिली

**नई दिल्ली।**
**यानिक सिनर के शानदार प्रदर्शन की मदद से इटली ने ऑस्ट्रेलिया को 2-0 से हराकर लगभग 47 साल बाद डेविस कप दिला दिया। सिनर ने एलेक्स डि मिनोर को फाइनल के दूसरे एकल मुकाबले में 6-3, 6-0 से हराकर इटली की 2-0 से जीत सुनिश्चित की। इटली का 1976 से यह पहला डेविस कप खिताब है। मातियो अर्नाल्डी ने पहले एकल में एलेक्सेई पोपिरिन को 7-5, 2-6, 6-4 से हराकर इटली को 1-0 की बढ़त दिलाई थी।**



सर्बिया के खिलाफ सेमीफाइनल में दुनिया के चौथे नंबर के खिलाड़ी सिनर ने दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी नोवोक जोकोविच को एकल और युगल दोनों मुकाबलों में हराया था। बाइस साल के सिनर ने इस हफ्ते अपने पांचों मुकाबलों में जीत दर्ज की। मलागा को अगले साल एक बार फिर डेविस कप फाइनल्स के अंतिम आठ चरण की मेजबानी का मौका मिलेगा। स्पेन को वेलेंसिया में होने वाले ग्रुप चरण के लिए वाइल्ड कार्ड दिया गया। इस साल फाइनल में जगह बनाने वाले इटली और ऑस्ट्रेलिया सितंबर में ग्रुप चरण में सीधे जगह बनाएंगे। क्वार्टर फाइनल में सर्बिया से हारने वाले ग्रेट ब्रिटेन को भी सीधे प्रवेश मिलेगा। महिलाओं के बिली जीन किंग कप फाइनल्स का आयोजन भी अगले साल एक बार फिर स्पेन के सेविले में ही होगा।

**22 साल के सिनर ने सत्र में 20 मैच जीते** – सिनर ने इस सत्र में 22 में से 20 मैच जीते हैं जिसमें बीजिंग और वियना में जीते एटीपी 500 खिताब हैं। इसके अलावा निटो एटीपी फाइनल्स में जोकोविच के हाथों हार के बाद मिली उपविजेता ट्रॉफी है। बाइस साल के सिनर का इस सत्र में 64-15 का जीत-हार का रिकॉर्ड है। साल के अंत में उनकी एटीपी रैंकिंग (चौथा पायदान) भी शीर्ष पांच में है।

### सिकंदर रजा ने हैट्रिक लेकर रचा इतिहास, ये कारनामा करने वाले बने जिंबाब्वे के पहले पुरुष क्रिकेटर

**नई दिल्ली।** सिकंदर रजा टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट में हैट्रिक लेने वाले जिंबाब्वे के पहले पुरुष क्रिकेटर बने। 37 साल के रजा ने आईसीसी पुरुष टी20 वर्ल्ड कप अफ्रीका रीजन क्वालीफायर 2023 में रवांडा के खिलाफ हैट्रिक लेकर इतिहास रचा। यह मुकाबला विंडहोएक स्थित वांडरर्स क्रिकेट ग्राउंड पर खेला गया था। सिकंदर रजा ने रवांडा के खिलाफ 2.4 ओवर के स्पेल में 3 रन देकर तीन विकेट चटकाए। जिंबाब्वे के ऑफ स्पिनर ने मोहम्मद नादिर, जैपी बिमेनयीमाना और ऐमिली रुकीरीजा को अपना शिकार बनाकर हैट्रिक पूरी की। सिकंदर रजा के स्पेल की मदद से जिंबाब्वे ने 215 रन के लक्ष्य की रक्षा करते हुए रवांडा को 18.4 ओवर में 71 रन पर ढेर कर दिया। सिकंदर रजा ने रवांडा के खिलाफ जिंबाब्वे के लिए ओपनिंग की और तूफानी अर्धशतक जमाया। दाएं हाथ के बल्लेबाज ने केवल 36 गेंदों में छह चौके और चार छक्के की मदद से 58 रन बनाए। रजा ने तादीवनाशे मारूमानी के साथ पहले विकेट के लिए 99 रन की साझेदारी भी की। रवांडा पर जीत से जिंबाब्वे की टीम चार अंक के साथ प्वाइंट्स टेबल में चौथे स्थान पर है। जिंबाब्वे का अगला मुकाबला बुधवार को नाइजीरिया से होगा। सिकंदर रजा ने रवांडा के खिलाफ अपना जानदार खेल दिखाया और उन्हें एक दिन पहले ही आईपीएल फ्रेंचाइजी पंजाब किंग्स से बड़ी खुशखबरी मिली थी। आईपीएल 2024 के लिए पंजाब किंग्स ने सिकंदर रजा को रिटेन किया। पंजाब किंग्स ने 50 लाख रुपये में सिकंदर रजा की सेवाएं सुरक्षित की थी और अब उन्हें रिटेन किया है। वैसे, सिकंदर रजा से पहले जिंबाब्वे की दो महिला क्रिकेटरों ने टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट में हैट्रिक लेने का कमाल किया है। नोमवेलू सिबांडा और ऑड्रे माजविशाया ने रजा से पहले टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट में हैट्रिक लेने का कमाल किया था। सिबांडा अपने देश की पहली हैट्रिक लेने वाली क्रिकेटर बनी थीं। उन्होंने 2022 अप्रैल में नामीबिया के खिलाफ हैट्रिक ली थी। वहीं, माजविशाया ने अप्रैल 2023 में थाईलैंड के खिलाफ हैट्रिक ली थी।

# जान को खतरा होने की बात कहने पर श्रीलंका के खेल मंत्री बर्खास्त, राष्ट्रपति ने हरिन फर्नांडो को सौंपी मंत्रालय की जिम्मेदारी



**कोलंबो।**
**श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे ने खेल मंत्री रोशन रणसिंघे को बर्खास्त कर दिया। रोशन ने इससे कुछ घंटे पहले दावा किया था कि देश के क्रिकेट प्रशासन में भ्रष्टाचार उजागर करने के कारण उनकी जान को खतरा है। रोशन ने यह भी कहा था कि यदि उनके साथ कुछ होता है तो राष्ट्रपति और उनके चीफ आफ स्टाफ को जिम्मेदार माना जाए।**

### रिन फर्नांडो ने संभाली खेल एवं युवा मामले की जिम्मेदारी

पर्यटन एवं भूमि मंत्री हरिन फर्नांडो को रोशन की जगह खेल एवं युवा मामले की भी जिम्मेदारी सौंपी गई है। मंत्रिमडल की साप्ताहिक बैठक में भाग लेने पहुंचे रोशन रणसिंघे को राष्ट्रपति विक्रमसिंघे द्वारा हस्ताक्षरित बर्खास्तगी का पत्र सौंपा गया। पत्र में कहा गया है कि रणसिंघे को खेल एवं युवा मामले और सिंचाई मंत्री के पद से मुक्त कर दिया गया है।

### रोशन रणसिंघे ने संसद में क्या कहा था

इससे पहले रोशन ने संसद में कहा था कि विक्रमसिंघे उन्हें राजनीतिक प्रतिशोध के लिए फंसाने के प्रयास में हैं। राष्ट्रपति एक वाहन से संबंधित जाली तथ्यों का इस्तेमाल कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि उनके द्वारा आयातित वाहन को अधिकारियों ने झूठे आरोप में फंसाने के लिए जब्त कर लिया था।

### रणसिंघे ने श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड को किया था निलंबित

इससे पहले क्रिकेट विश्व कप में भारत के हाथों पराजित होने के बाद रणसिंघे ने छह नवंबर को पूरे श्रीलंका क्रिकेट (एसएलसी) बोर्ड को निलंबित कर दिया और विश्व विजेता कप्तान अर्जुन रणतुंगा की अगुआई में अंतरिम समिति गठित कर दी थी, लेकिन अपील कोर्ट ने एक दिन बाद एसएलसी को बहाल कर दिया था।

# रोड्रिगो के दो गोल से रियल मैड्रिड जीता, स्पेनिश लीग में शीर्ष पर; इंटर ने युवेंटस को बराबरी पर रोका

**नई दिल्ली।**
रोड्रिगो के दो गोल की मदद से रियल मैड्रिड कैडिज को 3-0 से हराकर स्पेनिश फुटबॉल लीग में शीर्ष पर पहुंच गया। रोड्रिगो ने 14वें और 64वें मिनट में गोल दागे। रोड्रिगो ने इसके अलावा ज्यूड बेलिंघम के 74वें मिनट में दागे गए गोल में मदद भी की। इस जीत से मैड्रिड अंक तालिका में शीर्ष पर पहुंच गया है। उसने गिरोना पर एक अंक की बढ़त बना ली है जो एथलेटिक बिलबाओ की मेजबानी करेगा। मैड्रिड तीसरे स्थान पर चल रहे एटलेटिको मैड्रिड से चार अंक आगे है जिसने अपने घरेलू मैदान पर मालोर्का को 1-0 से हराया। मैच का एकमात्र गोल एंटोनी ग्रिजमैन ने किया।




गत चैंपियन बार्सिलोना रेयो वालेकानो से 1-1 से ड्रॉ खेलकर चौथे स्थान पर बना हुआ है। लीग में सेविला का जीत का इंतजार सात मैच में पहुंच गया है। टीम को रीयाल सोसीदाद के खिलाफ 1-2 से शिकस्त का सामना करना पड़ा। विलारीयाल ने जोस लुई मोरालेस की दूसरे हाफ में लगाई हैट्रिक की बदौलत ओसासुना को 3-1 से हराया।

### इंटर मिलान ने युवेंटस को 1-1 से बराबरी पर रोका

लॉटेरो मार्टिनेज के गोल की बदौलत इंटर मिलान ने सिरी ए फुटबॉल लीग में दूसरे स्थान पर चल रहे युवेंटस को यहां 1-1 से बराबरी पर रोक दिया। डुआन व्लाहोविच के गोल की मदद से युवेंटस ने बढ़त बनाई लेकिन मार्टिनेज ने लीग सत्र का 13वां गोल दागते हुए अपनी टीम को हार से बचा लिया। इस ड्रॉ के बावजूद इंटर की टीम शीर्ष पर बनी हुई है। उसने दूसरे स्थान पर चल रहे युवेंटस पर दो अंक की बढ़त बरकरार रखी है। तीसरे स्थान पर चल रहा एसी मिलान शीर्ष पर चल रहे शहर के अपने प्रतिद्वंद्वी इंटर मिलान से छह अंक पीछे है जबकि गत चैंपियन नेपोली उससे भी दो अंक पीछे चौथे पायदान पर है। अन्य मुकाबलों में रोमा ने उडिनेसे को 3-1 से हराया जबकि सासुओलो ने इंटरी टाइम में दागे गोल की बदौलत एंपोली को 4-3 से शिकस्त दी। फ्रोसिनन ने जिनोआ को 2-1 से हराया।

# पीकेएल 10 : तमिल थलाइवाज ने सागर राठी को बनाया कप्तान

**मुंबई।**
तमिल थलाइवाज ने प्रो कबड्डी लीग के आगामी 10वें सीजन के लिए सागर राठी को कप्तान घोषित किया। उनके साथ टीम ने अजिंक्य पवार और साहिल गुलिया को भी उप-कप्तान घोषित किया, जिससे इस बहुप्रतीक्षित सीज़न के लिए एक शक्तिशाली नेतृत्व तिकड़ी बन गई।




सागर राठी जो अपने रणनीतिक कौशल और तकनीक के लिए जाने जाते हैं, वो तमिल थलाइवाज का नेतृत्व करने के लिए बेस्ट खिलाड़ी साबित होंगे।

उप-कप्तान नियुक्त किए गए अजिंक्य पवार और साहिल गुलिया टीम को अमूल्य समर्थन देते हुए ताकत के स्तंभ के रूप में कप्तान का साथ देंगे। खेल के प्रति उनकी दक्षता और प्रतिबद्धता उन्हें कप्तान सागर राठी के नेतृत्व के लिए आदर्श विकल्प बनाती है।

प्रशंसकों और समर्थकों के बीच उत्साह स्पष्ट है क्योंकि टीम कप्तान सागर राठी के मार्गदर्शन में एक रोमांचक यात्रा के लिए तैयार है।

वीवो प्रो कबड्डी का 9वां संस्करण तमिल थलाइवाज के लिए सबसे अच्छा सीजन था। वे कुछ शुरुआती झटकों के बाद अच्छी तरह से उबरे और सीजन का अंत शानदार प्रदर्शन के साथ किया।

वे वीवो प्रो कबड्डी के 2023 संस्करण में धीमी शुरुआत करने वालों में से थे और इसका एक कारण सीज़न के पहले मैच में उनके स्टार रेडर पवन सहरावत का चोटिल होना था। थलाइवाज ने मैट पर शानदार प्रदर्शन किया और सीजन का समापन सेमीफाइनलिस्ट के रूप में किया। उनके युवा खिलाड़ी टीम प्रबंधन की उम्मीदों पर खरे उतरे और अपनी टीम के लिए दमदार काम किया।

सागर और अजिंक्य पवार ने नेतृत्व की भूमिका में शानदार काम किया जबकि, कोच के रूप में आशान कुमार शुरुआती निराशा के बाद टीम को पुनर्जीवित करने में कामयाब रहे और खिलाड़ियों से सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कराया।

# इंडियन रेसिंग फेस्टिवल चेन्नई में रोमांचक दूसरे सीजन के लिए तैयार

**चेन्नई।**
**इंडियन रेसिंग फेस्टिवल 1-17 दिसंबर, 2023 तक मद्रास इंटरनेशनल सर्किट, चेन्नई में शुरू होने वाला है। अपने उद्घाटन दौर की सफलता के बाद लीग के दूसरे सीज़न में चेन्नई में कार्यवाही शुरू होने पर छह टीमें अपनी प्रतिद्वंद्विता को पेश करेंगी। इस सीज़न में, छह पावरहाउस टीमें वर्चस्व के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगी, जिसमें एक प्रभावशाली लाइनअप शामिल है जो एफ4 टीमों को प्रतिबिंबित करता है।**

**टीमों में शामिल हैं:**
हैदराबाद ब्लैकबर्ड्स, स्पीड डेमन्स दिल्ली, चेन्नई टर्बोराइडर्स, गॉडस्पीड कोच्चि, गोवा एसेस, बैंगलोर स्पीडस्टर्स।



एक अनोखे मोड़ में आईआरएल और एफ4 दोनों एक ही टीम के नाम साझा करते हैं जिससे रेसिंग दृश्य में उत्साह और प्रतिस्पर्धा की एक अतिरिक्त परत जुड़ जाती है। अपने एफ4 समकक्ष के विपरीत आईआरएल कारों और टीमों चैम्पियनशिप के साथ एक विशिष्ट चैम्पियनशिप प्रारूप पेश करता है।

आईआरएल में व्यक्तिगत ड्राइवरों के बजाय टीमों के सामूहिक प्रदर्शन पर जोर देते हुए, कार नंबर के आधार पर अंक दिए जाते हैं। यह प्रतियोगिता में एक रणनीतिक आयाम जोड़ता है, जिससे प्रशंसक पूरे सीज़न में इसका आनंद उठा सके।

रेसिंग प्रमोशन प्राइवेट लिमिटेड के अध्यक्ष और एमडी अखिलेश रेड्डी ने कहा, हम इंडियन रेसिंग लीग को उसके दूसरे सीज़न में वापस लाने के लिए रोमांचित हैं। इस बार हमने दांव बढ़ा दिया है। हाई-स्पीड एक्शन और रणनीतिक टीम की गतिशीलता का मिश्रण प्रशंसकों और प्रतिभागियों के लिए एक अविस्मरणीय अनुभव का वादा करता है। हमारा उद्देश्य है भारत में एक जीवंत मोटरस्पोर्ट्स संस्कृति को बढ़ावा देना, युवा प्रतिभाओं के लिए वैश्विक मंच पर चमकने के अवसर पैदा करना।

इंडियन रेसिंग फेस्टिवल का उद्देश्य इच्छुक रेसर्स को अपने कौशल दिखाने और उच्चतम स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने के लिए एक बहुत जरूरी मंच प्रदान करके भारत में मोटरस्पोर्ट्स में क्रांति लाना है। मनोरंजन और प्रतिभा विकास दोनों पर ध्यान देने के साथ, आईआरएस भविष्य के चैंपियनों के लिए प्रजनन स्थल बनने के लिए तैयार है।

**भारतीय रेसिंग महोत्सव कार्यक्रम:**

- 1-2 दिसंबर: राउंड 2 आईआरएल + एफ4 इंडिया, स्थान: मद्रास इंटरनेशनल सर्किट
- 3 दिसंबर: राउंड 3 आईआरएल, स्थान: मद्रास इंटरनेशनल सर्किट
- 5-6 दिसंबर: राउंड 3 एफ4 इंडिया, स्थान: मद्रास इंटरनेशनल सर्किट
- दिसंबर 8-10: राउंड 4 [रात की दौड़] आईआरएल + एफ4 इंडिया, स्थान: चेन्नई फॉर्मूला रेसिंग सर्किट
- दिसंबर 16-17: राउंड 5 एफ4 इंडिया, स्थान: मद्रास इंटरनेशनल सर्किट

टिप्स



# खाली पेट क्यों खाना चाहिए लहसुन? ये हैं कारण

आमतौर पर हम लहसुन का इस्तेमाल खाने में तड़का लगाने या ग्रेवी बनाने के लिए करते हैं. लहसुन किसी भी बेजान सब्जी के स्वाद को जानदार बना देता है. लेकिन लहसुन में ऐसे गुणकारी तत्व मौजूद होते हैं जो आपको कई बीमारियों से दूर रखते हैं. लहसुन एक वंडर फूड है. आयुर्वेद में तो लहसुन को औषधि माना गया है. हालांकि आपको किसी न किसी रूप में लहसुन को अपनी डाइट में जरूर शामिल करना चाहिए. लेकिन सुबह-सवेरे खाली पेट लहसुन खाने से आपको सबसे ज्यादा फायदा होगा. यहां पर हम आपको इन्हीं फायदों के बारे में बता रहे हैं



## दिल रहेगा सेहतमंद

लहसुन दिल से संबंधित समस्याओं को भी दूर करता है. लहसुन खाने से खून का जमाव नहीं होता है और हार्ट अटैक होने का खतरा कम हो जाता है. लहसुन और शहद के मिश्रण को खाने से दिल तक जाने वाली धमनियों में जमा वसा निकल जाता है, जिससे ब्लड सर्कुलेशन ठीक तरह दिल तक पहुंचता है.

## हाई बीपी से छुटकारा

लहसुन खाने से हाई बीपी में आराम मिलता है. दरअसल, लहसुन ब्लड सर्कुलेशन को कंट्रोल करने में काफी मददगार है. हाई बीपी की समस्या से जूझ रहे लोगों को रोजाना लहसुन खाने की सलाह दी जाती है.

## पेट की बीमारियां छूमंतर

पेट से जुड़ी बीमारियों जैसे डायरिया और कब्ज की रोकथाम में लहसुन बेहद उपयोगी है. पानी उबालकर उसमें लहसुन की कलियां डाल लें. खाली पेट इस पानी को पीने से डायरिया और कब्ज से आराम मिलेगा. यही नहीं लहसुन शरीर के अंदर मौजूद जहरीलें पदार्थों को बाहर निकालने का काम भी करता है.

## डाइजेशन होगा बेहतर

लहसुन में आपके डाइजेस्टिव सिस्टम को ठीक करने की ताकत होती है. खाली पेट लहसुन की कलियां चबाने से आपका डाइजेशन अच्छा रहता है और भूख भी खुलती है.

## टेंशन से छुट्टी

आपको यह जानकर हैरानी होगी कि लहसुन टेंशन को भगाने में भी मददगार है. कई बार हमारे पेट के अंदर ऐसे एसिड बनते हैं जिससे हमें घबराहट होने लगती है. लहसुन इस एसिड को बनने से रोकता है. लहसुन खाने से सिर दर्द और हाइपर टेंशन में काफी आराम मिलता है.

## दांत दर्द में मिलेगा आराम

लहसुन में एंटीबैक्टीरियल और दर्द निवारक गुण मौजूद होते हैं. अगर आपके दांत में दर्द है तो लहसुन की एक कली पीसकर दर्द वाली जगह पर लगा दें. कुछ ही देर में आपको दांत दर्द से आराम मिल जाएगा. यही नहीं खाली पेट लहसुन का सेवन करने से नसों में झनझनाहट से भी आराम मिलता है.

## सर्दी-खांसी में राहत

लहसुन सांस से संबंधित बीमारियों की रोकथाम में भी सहायक है. सर्दी-जुकाम, खांसी, अस्थमा, निमोनिया, ब्रोंकाइटिस और के इलाज में प्राकृतिक दवा की तरह काम करता है.

# सर्दियों में इस तरह करें ऑयली स्किन की देखभाल

सर्दियों में ऑयली स्किन पर मुंहासे और दाग-धब्बे होने लगते है। जिससे चेहरे भद्दा दिखने लगता है। मौसम के बदलने से आपकी त्वचा की देखभाल के तरीकों में बदलाव नहीं आना चाहिए। सर्दियों में ऑयली स्किन की खास केयर से आप उसे नार्मल दिखा सकती है। आइए जानते है सर्दी के मौसम में ऑयली स्किन की देखभाल कैसे करनी चाहिए।



## फेस वॉश

सर्दी के मौसम में चेहरे को दिन में दो बार फेश वॉश से साफ करें। रूखी त्वचा के लिए चेहरे पर एंटी-बैक्टीरियल फेश वॉश का ही इस्तेमाल करें।



## स्क्रबिंग

स्क्रब में मौजूद मोइस्चर डेड स्किन को हटाने में मदद करते है। इसलिए सर्दी के मौसम में भी दो हफ्ते में 1 बार स्क्रब जरूर करें।

## टोनर

अक्सर ठंड के कारण आप टोनर का इस्तेमाल बंद कर देते है लेकिन टोनर खुले पोर्स को बंद करके त्वचा के पीएच स्तर को बनाए रखता है।

## मॉइस्चराइजर

सर्दियों की शुष्क हवा के कारण त्वचा की नमी चली जाती है। इसलिए स्किन में नमी बनाए रखने के लिए ज्यादा से ज्यादा मॉइस्चराइजर का इस्तेमाल करें।

## सनस्क्रीन

सर्दियों में तेज धूप न होने के कारण आप सनस्क्रीन लगाना जरूरी नहीं समझती लेकिन सर्दियों की धूप भी स्किन के एसफीएफ स्तर को कम कर देती है। इसलिए बाहर निकलने से पहले सनस्क्रीन लगाना न भूलें।

# स्किन प्रॉब्लम सोरायसिस को न करें नजरअंदाज, ऐसे रखें खुद का बचाव



सर्दी ने दस्तक दे दी है। इस मौसम में स्किन ड्राई हो जाती हैं, जिससे स्किन संबंधित समस्याओं का सामना करना पड़ता है। इस मौसम में अक्सर लोगों को सोरायसिस की समस्या होती हैं। दरअसल, सोरायसिस चमड़ी पर होने वाली एक ऐसी बीमारी है जिसमें त्वचा पर एक मोटी परत जम जाती है। इससे त्वचा पर लाल रंग की सतह के रूप में उभरकर आती है। इस समस्या से पहले त्वचा पर खुजली होने लगती है। यह स्किन प्रॉब्लम हाथ-पांव, पांव के तलवों, कोहनी, घुटनों और पीठ पर ज्यादा होती है। अगर आपको भी सर्दी के मौसम में सोरायसिस की समस्या होती हैं तो इन बातों का जरूर ध्यान रखें।

## सोरायसिस होने पर सर्दियों में रखें इन बातों का ध्यान

### मॉइच्राइजर क्रीम

स्किन की नमी बरकरार रखने के लिए एक अच्छी मॉइच्राइजर क्रीम का इस्तेमाल करें। इससे स्किन में नमी बनी रहेगी और खुजली नहीं होगी। नहाने के बाद अपनी स्किन पर क्रीम लगाएं।

### हॉट शॉवर को कहें बॉय

लंबे समय तक हॉट शावर लेने से स्किन ड्राई हो जाती है। ऐसे में हॉट शावर न लें। अगर आप नहाने के लिए गर्म पानी का इस्तेमाल कर भी रहे हैं तो बाद में स्किन पर लोशन जरूर लगाएं। इससे स्किन ड्राई नहीं होगी।

### गर्म कपड़े

सोरायसिस से बचने के लिए सर्दी में अपनी बॉडी को अच्छे से ढककर रखें क्योंकि ज्यादा ठंड से स्किन में खुजली और दर्द होगा।

### भरपूर पानी पीएं

भरपूर मात्रा में पानी पीने से स्किन संबंधित कई समस्याएं दूर होती हैं। इसके अलावा स्किन में नमी बनी रहती है, जिससे सोरायसिस की समस्या नहीं होती।

### मूड

सोरायसिस होने पर अक्सर लोग चिड़चिड़े हो जाते हैं। अपने मूड को ठीक रखें और तनाव से दूर रहें।

### विटामिन-डी

शरीर में विटामिन-डी की कमी होने के कारण भी सोरायसिस की समस्या का सामना करना पड़ता है। ऐसे में अपनी डाइट में विटामिन-डी युक्त आहार को शामिल करें।

जानकारी

# खाने के साथ ये गलतियां, बढ़ जाएगी समस्या



कई बार किसी अंदरूनी किसी चोट, थकावट या गैस बनने के कारण सूजन आ जाती है। हालांकि यह कोई बड़ी प्राब्लम नहीं है लेकिन इसके कारण आपको कई समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। भोजन करते समय कुछ बातों को ध्यान में रख कर आप पेट और मुंह की सूजन को कम कर सकते है। आइए जानते है सूजन से छुटकारा पाने के लिए आपको खाते समय किन बातों का ध्यान रखना चाहिए।

## पानी पीना

खाने के तुरंत बाद आपको पानी का सेवन नहीं करना चाहिए। इससे सूजन की समस्या बढ़ने के साथ-साथ डाइजेशन सिस्टम पर भी बुरा असर पड़ता है।

## अच्छी तरह न चबाना

भोजन को अच्छी तरह चबा कर न खाने से वो आपके पेट में जाकन सूजन का कारण बनते है। अच्छी तरह चबा कर खाने से सूजन कम होने के साथ-साथ खाना भी जल्दी डाइजेस्ट हो जाएगा।

## औरगेनिक फरूड

सूजन की समस्या होने पर आपको ज्यादा से ज्यादा औरगेनिक फरूड का सेवन करना चाहिए। औरगेनिक फरूट का सेवन करने से आपकी हेल्थ भी अच्छी रहती है।

## जल्दी-जल्दी खाना

जल्दबाजी में खाने से पेट में गैस बननी शुरू हो जाती है। जो बाद में सूजन का कारण बनती है। इसलिए खाते समय उसे धीरे से और अच्छी तरह चबा कर खाएं।

## खाने के बाद टहलना

अक्सर लोग खाने के तुरंत बाद सो जाते है, जिससे पेट में सूजन आ जाती है। रोजाना खाने के बाद 15 मिनट टहलने से आपका खाना डाइजेस्ट हो जाता है। इससे सूजन की समस्या नहीं होती।

# इन नुस्खों से डार्क स्पॉट को हमेशा के लिए कहें गुड बॉय

त्वचा पर मौजूद छोटा-सा दाग खूबसूरती को कम कर देता है। वहीं अगर दाग चेहरे पर हो तो वह देखने में अधिक बुरा लगता है। सूरज की हानिकारक किरणों की वजह से त्वचा पर ब्राउन, ग्रे और ब्लैक कलर के स्पॉट हो जाते हैं। यह ज्यादातर चेहरे, कंधे और हाथ पर होते है। इन दाग-धब्बों से छुटकारा पाने के लिए लोग कई तरह की क्रीम्स का इस्तेमाल करते हैं। आप नैचुरली तरीके से भी इन दाग-धब्बों से राहत पा सकते है।

## नींबू और चीनी

नींबू में ब्लीचिंग गुण पाए जाते हैं जो दाग-धब्बों को कम करने में मदद करते हैं। 2 टेबलस्पून चीनी में एक टेबलस्पून नींबू का रस मिलाकर दाग-धब्बों पर लगाएं और हल्के हाथों से मसाज करें। आप चाहें तो सिर्फ नींबू का रस भी लगा सकते है।

## हल्दी

पुराने समय से ही खूबसूरती बढ़ाने के लिए हल्दी का इस्तेमाल किया जाता है। दूध में दो टीस्पून हल्दी पाउडर और कुछ बूंदे नींबू का रस मिलाकर चेहरे पर लगाएं। बाद में गुनगुने पानी से चेहरा धोएं।

# तटों की नगरी गोवा



प्राकृतिक सोंदर्य से से भरपूर स्थल अपने समुद्री तटों की वजह से दुनिया भर में प्रसिद्द है । गोवा क्षेत्रफल के हिसाब से भारत का सबसे छोटा और जनसंख्या के हिसाब से चौथा सबसे छोटा राज्य है। गोवा का मुख्य आकर्षण है इसके रूपहली रेत से अठखेलियां करते पारदर्शी पानी से लबरेज समुद्र तट। आज की जनरेशन को घूमने के लिए कहो तो उसके मुँह पर सबसे पहला नाम गोवा होता है । गोवा आज कल की जेनरेशन के लिए गुमने की बहुत ही रोमांचक जगह है ।

गोवा का नाम सुनकर ही हमारे मन मे पानी और समुद्र के विचार उठने लगते है, वर्षा ऋतु के आते ही गोवा के नजारे कुछ इस तरह दिखाई देते है मनो प्रकृति खुद गोवा को एक अलग अदभुत रूप देना चाहती हो यहाँ ज्यादातर शांतिप्रिय और प्रकृति प्रेमी लोग आना पसंद करते है की यहाँ के शांत नहोल में जब पानी की लेहरो की आवाज होती है तब मनो ये शांत समुद्र हमसे बहुत कुछ कहना चाहता हो जैसे, ऐसा प्रतीत होता है। गोवा एक छोटा-सा राज्य परन्तु बहुत ही सुंदर राज्य है। यहां छोटे-बड़े लगभग 40 समुद्री तट है। राज्य है ।

शाम होते ही गोवा, पार्टियों के स्वर्ग में बदल जाता है। यहाँ की पुलिस जानती है कि गोवा सुबह 3 बजे जागता है, इसलिए यहाँ पुलिस भी कुछ नहीं कहती है। कैलेंग्यूट बीच के पास उत्तरी गोवा के दो बहुत प्रसिद्ध नाइट क्लब हैं-टीटोस कैफ़े और मैम्बोस कैफ़े।

## गोवा दर्शन

### मांडवी नदी

मांडवी नदी के तट पर बसे इस शहर में शाम के समय सैलानी रिवर क्रूज का आनन्द लेने पहुंचते हैं। मांडवी पर तैरते क्रूज पर संगीत एवं नृत्य के कार्यक्रम में गोवा की संस्कृति की एक झलक देखने को मिलती है। यहाँ हर उम्र के लोग छुट्टियाँ बिताने के लिए आते है यह शहर नाइट-लाइफ, बीच और पार्टियों के लिए प्रसिद्ध है। विदेशी भी यहाँ आकर आनंदित हो उठते है ।

### कलंगूट बीच

यह बीच गोवा के बीचों की महारानी कहलाता है यह बीच पणजी से लगभग 45 किलोमीटर की दूरी पर है। दूर तक फैले इस सुंदर तट पर हर समय बड़ी संख्या में सेलानी मोजूद रहते हैं । पूरे योवन के साथ उठती यहाँ की लुभावनी लहरें सभी को सम्मोहित कर लेती हैं । यहाँ शापिंग, पैरा सेलिंग, वाटर स्कीइंग , विंड सर्फिंग आदि एंजाय कर सकते हैं वैसे सेलानी यहाँ तैराकी का आंनद भी लेते है ।

### अंजुना बीच-

नारियल के वृक्षों से घिरे इस बीच की रेत लाल रंग की है । इस बीच की मिटटी सूर्य की रोशनी में अनुपम छटा बिखेरती है शायद इसीलिए anjuna beach को goa के सुन्दरतम बीचों में गिना जाता है । यहाँ के बाजार भी एक आकर्षण है । इस बाजार में स्वीमिंग कास्ट्यूम, स्पोर्ट के सामान , कैमरे आदि के आलावा और भी बहुत कुछ सामान मोलभाव करके कम दाम में ख़रीदा जा सकता है ।

### डोना पाउला बीच

गोवा का डोना पाउला बीच यहाँ के प्रमुख पर्यटक स्थलों में से एक है । इस बीच का नाम डोना पाउला यहाँ के एक वायसराय की बेटी डोना पाउला और एक मछुआरे की अधूरी प्रेम कहानी से जुड़ा है । यह पणजी से लगभग 7 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है । यहाँ से मारगाओ बंदरगाह एंव जुआरी नदी के खूबसूरत द्रश्य मन मोह लेते हैं।

यहाँ अनेक प्रकार की जल क्रीड़ाओं का आनन्द लिया जा सकता है जैसे वाटर स्कीइंग ,वाटर सर्फिंग , स्कूटरिंग आदि । यहाँ स्पीड बोट और पैराग्लाईडिंग का मजा भी लिया जा सकता है । खरीदारी के लिए यहाँ पर स्ट्रा हैट, लैस वाले रुमाल, और मसाले ख़रीदे जा सकते हैं । इसके आलावा यहाँ की काजू फैनी और पोर्ट वाइन मशहूर हैं

### बागा बीच

अगर मन को एकांत और शान्ति चाहिए तो goa का यह बीच इसके लिए एकदम उपयुक्त है । क्योंकि यह बीच शहरी शोर शराबे से दूर एक शांत स्थल है विदेशी सेलानियों में इस बीच का बड़ा क्रेज है । यदि इस बीच पर जाएँ तो बीच साईड केंडिल लाईट डिनर अवश्य करें क्योंकि इसका अलग ही मजा आता है ।

रेसिपी



## कोकोमेट चिक्की

### सामग्री

सूखा नारियल- 2 कप (कद्दूकस किया हुआ), गुड़- 1/4 कप (पिघला हुआ), खसखस- 1/4 कप, चीनी- कप, इलायची पाउडर- 1 टीस्पून, ड्राई फरूट्स- गार्निश के लिए।

### विधि

एक पैन में नारियल डाल कर उसे गोल्डन बाउन होने तक भून लें। अब दूसरे पैन में घी गर्म करके उसमें भूना हुआ नारियल डाल कर 2 मिनट तक पका लें। भूने हुए नारियल को बाउल में डाल कर खसखस को भी इसी तरह भून लें। पैन में गुड़, चीनी, नारियल और खसखस को डाल कर 3-4 मिनट तक पकाएं। इसे भूनने के बाद इसमें इलाइची पावडर डाल कर मिला लें। अब सिलिकॉन मफ्फिन मोल्ड में नारियल के पेस्ट को भर लें और इसे फ्रिज में ठंडा होने के लिए रख दें। आपकी कोकोनेट चिक्की बन कर तैयार है। अब इसे ड्राई फरूट्स के साथ गार्निश करके मेहमानों को सर्व करें।



## सोया बिरयानी

### सामग्री

3 कप चावल, 6 कप पानी, 1/2 कप देसी घी, 1-1/2 कप सोया चंक्स (पानी में भिगोकर निचोड़े हुए), 1-1/2 कप दाल की बड़ी, 1 टे.स्पून तेल, 2 तेज पत्ते, 3-4 सूखी लाल मिर्च, 1 टे.स्पून बिरयानी मसाला, 1-1/2 कप प्याज, 1 टी स्पून जीरा। मसाला-1/2 टी स्पून गरम मसाला, 1/2 टी स्पून पिसा जीरा, 1 टी स्पून साबुत धनिया, 1/2 टी स्पून लाल मिर्च, 1/2 टी स्पून हरी इलायची, 1/4 टी स्पून पिसा जायफल, नमक और काली मिर्च स्वादानुसार।

### विधि

चावल धोकर आधे घंटे तक पानी में भिगोएं। 1 टे.स्पून गरम तेल में तेज पत्ता, सूखी लाल मिर्च, जीरा, प्याज व बिरयानी मसाला मिलाएं। प्याज को गुलाबी होने तक भूनें, फिर सोया चंक और बड़ी मिला दें। अच्छी तरह चलाएं, मसाले मिलाकर पानी डाल दें उबाल आने दें, चावल डालकर धीमी आंच पर 10-15 मिनट तक पकाएं। कुकर की भाप निकलने पर पुलाव राइस ट्रे में डालकर उबली मटर और फाइड काजू से सजाकर सर्व करें।

मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश शर्मा द्वारा अजय त्यागी के लिए ईको प्रिंटिंग प्रेस, पोस्ट एवं पीएस : गड़चुक, कटाबाड़ी मस्जिद के पास, कामरूप (मेट्रो), गुवाहाटी-35 से मुद्रित एवं गुड लक पब्लिकेशंस, हाउस नं. 30, डी. नेउग पथ, डोना प्लैनेट के नजदीक, एबीसी, जीएस रोड गुवाहाटी-5 से प्रकाशित।
संपादक : राकेश शर्मा, मोबाइल : 94350-14771, 97070-14771 ● कार्यकारी संपादक : डॉ. आसमां बेगम ● फोन : 0361-2960054 (संपादकीय) e-mail : viksitbharatsamacharghy@gmail.com, (सभी विवाद सिर्फ गुवाहाटी न्याय क्षेत्र के अधीन)